
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 23 फ़रवरी 2026

वर्ष 07, अंक 143, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

विद्युत संविदा कर्मियों का हल्ला बोल: 25,000 वेतन और नियमितीकरण की मांग...03

जिले में 85 स्वीकृत पदों की जगह 36 चिकित्सक दे रहे सेवाएं...12

# सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला... दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में प्रदर्शन पर बोला कोर्ट

राजधानी दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के नेताओं ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया, जिसको लेकर बवाल मचा हुआ है. देश के कई शहरों में बीजेपी ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया. इस बीच दिल्ली की एक कोर्ट ने भी कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर तीखी टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा है कि समिट में किया गया प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला है. कोर्ट ने कहा कि इससे देश की छवि को भी नुकसान हुआ है.

कोर्ट ने यूथ कांग्रेस के नेताओं के विरोध करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं. कोर्ट ने कहा कि एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं का आचरण असहमति जताने का वैध तरीका नहीं था, बल्कि यह सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था, जिसने देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया.

**प्रदर्शनकारियों को पांच दिनों की पुलिस रिमांड**

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी उस समय की, जब भारत मंडपम में शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी कोर्ट में पेश किया गया था. कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों से पूछताछ के लिए पुलिस को उन्हें पांच दिन की हिरासत में रखने की अनुमति दी. पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी थी.

**आरोपियों के फरार होने की आशंका**

मजिस्ट्रेट ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगने संबंधी दिल्ली पुलिस की याचिका को स्वीकार किए जाने के कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि आरोपी बिहार, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के दूरदराज के इलाकों से हैं, जिससे उनके फरार होने की ज्यादा आशंका है. कोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से बाहरी साजिश के संबंधों का संकेत मिलने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है.

**कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी**

मजिस्ट्रेट रवि द्वारा पारित आदेश के एक अंश में कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन ने न केवल आयोजन की शुचिता को खतरे में डाला, बल्कि देश की राजनयिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया. कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने वैश्विक प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान भारत मंडपम के उच्च सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की सुनियोजित साजिश रची.

आदेश में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर भड़काऊ नारों वाली टी-शर्ट पहन रखी थी, जिन पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के दौरान प्रधानमंत्री झुक गए के आपत्तिजनक नारे लिखे थे. आदेश में कहा गया कि





प्रदर्शनकारियों ने लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने में बाधा डाली और पुलिसकर्मियों पर शारीरिक हमले किए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई, जैसा कि रिकॉर्ड में मौजूद मेडिको-लीगल मामलों (एमएलसी) से प्रमाणित होता है.

**'सार्वजनिक व्यवस्था पर स्पष्ट हमला'**

मजिस्ट्रेट ने कहा कि ऐसा आचरण वैध तरीके से असहमति जताए जाने की परिधि से स्पष्ट रूप से परे है और सार्वजनिक व्यवस्था पर स्पष्ट हमले के समान है. उन्होंने कहा कि यह न केवल आयोजन की गरिमा को खतरे में डालता है, बल्कि विदेशी हितधारकों के समक्ष गणराज्य की कूटनीतिक छवि को भी प्रभावित करता है. उन्होंने कहा कि जांच से पता चलता है कि आरोपियों के कई सहयोगी संभवतः फरार हैं, जो डिजिटल सबूतों, वित्तीय सुरागों आदि से छेड़छाड़ कर सकते हैं.

मजिस्ट्रेट ने यह भी रेखांकित किया कि कथित अपराधों के लिए गहन जांच जरूरी है, क्योंकि वे एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर सार्वजनिक व्यवस्था और देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) और धारा 61 (2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत तीन साल से अधिक की सजा का प्रावधान रखते हैं.

**ये लोग हुए गिरफ्तार**

कोर्ट ने कहा कि चारों आरोपियों को 25 फरवरी तक यानी पांच दिन पुलिस हिरासत में रखे जाने की अनुमति दी जाती है. गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों में बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार से युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिंह यादव शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल एसआईआर- बीमारी छोड़ कोई छुट्टी नहीं... कलकत्ता हाई कोर्ट ने क्यों रद्द की जजों की लीव?

**● सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में न्यायिक निगरानी का निर्देश दिया है. इसके मद्देनजर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सभी जजों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं ताकि एसआईआर का काम सुचारु रूप से चले. हाई कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज, मजिस्ट्रेट और स्क्ककी एक कमेटी बनाने का भी आदेश दिया है।**



सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में तार्किक विसंगतियों का काम न्यायपालिका की देखरेख में करने का निर्देश दिया है. इसके मद्देनजर कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य के सभी जजों की छुट्टी कैंसिल कर दी है. हाई कोर्ट ने एक नोटिफिकेशन में कहा है कि बीमारी के अलावा कोई भी जज छुट्टी नहीं ले सकेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने स्ढ्ढक्र के आखिरी स्टेज में काम के एक बड़े हिस्से की जिम्मेदारी न्यायपालिका को दी है. इसके बाद हाई कोर्ट ने जजों की छुट्टी कैंसिल करने के निर्देश जारी किए हैं।

यह निर्देश इसलिए जारी किया गया है, ताकि SIR के काम के लिए निचली अदालतों का काम आसानी से चलता रहे. हाई कोर्ट ने हर डिस्ट्रिक्ट जज, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस को बुलाकर एक कमेटी बनाने का आदेश दिया है।

**हाई कोर्ट ने 250 जजों की लिस्ट जारी की**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने 250 जजों की लिस्ट जारी की है. इलेक्शन कमीशन ने हर विधानसभा से एक ज्यूडिशियल ऑफिसर मांगा है. फिलहाल, हाई कोर्ट रजिस्ट्रार ने 250 ज्यूडिशियल ऑफिसरों की लिस्ट कमीशन को भेज दी है।

इस लिस्ट में एनडीपीएस और पॉक्सो कोर्ट के 100 जजों के अलावा दूसरे मामलों के 150 जजों के नाम हैं. दूसरी ओर, चुनाव के दौरान केंद्रीय बल की तैनाती पर सोमवार को एक बैठक होगी. इस बैठक में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी, विशेष पर्यवेक्षक एनके मिश्रा, पुलिस के डीजी और सेंट्रल फोर्स के नोडल ऑफिसर शामिल होंगे।

चीफ जस्टिस ने कहा, 'न्यायिक अधिकारी सभी मामलों को देखेंगे. हम सरकारी अधिकारियों को ज्यूडिशियल ऑफिसर के काम में कोऑपरेट नहीं करने देंगे।

**SIR को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

बता दें कि SIR मामले पर सुनवाई के दौरान के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था, 'यह खास हालात के लिए खास ऑर्डर है.' उन्होंने कहा था कि डिस्ट्रिक्ट जज या एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज को 'ज्यूडिशियल ऑफिसर' अपॉइंट किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बलिया में 21 साल पुराने हत्या कांड में बड़ा फैसला: चार दोषियों को उम्रकैद, 11-11 हजार जुर्माना




**बलिया।** जिले में वर्ष 2004 के चर्चित हत्या मामले में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट-04, बलिया ने दिया। फैसला पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे OPERATION CONVICTION के तहत प्रभावी पैरवी का परिणाम बताया जा रहा है। मामला 3 नवंबर 2004 का है, जब श्री अमरनाथ मिश्र पीजी कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजय जुलूस निकाला गया था। जुलूस के बाद शुभनथही गांव में मारपीट और फायरिंग की घटना हुई, जिसमें टेंगरही के पूर्व प्रधान लल्लन पांडे को गोली लग गई। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

घटना के बाद मृतक के पुत्र जितेंद्र पांडे ने बैरिया थाने में धारा 302, 307 और 504 के तहत धर्मेंद्र पासवान, ओमप्रकाश यादव उर्फ लालू यादव, राजेश यादव और बृजेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। करीब 21 वर्ष तक चले इस मुकदमे में अदालत ने सभी चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 11-11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दोषियों में से एक ओमप्रकाश यादव उर्फ लालू यादव पूर्व में छात्रसंघ अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी संदीप कुमार तिवारी ने प्रभावी पैरवी की। अदालत के फैसले के बाद मृतक पक्ष के परिजनों ने न्याय मिलने पर संतोष जताया।

# कर्नाटक में बीजेपी विधायक 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**● कांग्रेस-बीजेपी क्यों भिड़ीं?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक में लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़े एंटी-करप्शन ऑपरेशन में बीजेपी विधायक डॉ. चंद्रू लामणि को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया है। उन्हें और उनके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला गदग जिले में एक सिंचाई परियोजना से जुड़ा है। आरोप है कि विधायक ने ठेकेदार से काम की मंजूरी दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। इस पर अब राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी वाले दूसरों पर आरोप लगाते हैं, लेकिन खुद के विधायक भ्रष्टाचार में पकड़े जा रहे हैं। बीजेपी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं तो बचने के लिए बीजेपी पर कार्रवाई की जा रही है।

बहरहाल, शिराहट्टी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक डॉ. चंद्रू लामणि पर आरोप है कि उन्होंने एक ठेकेदार से 11 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह रिश्वत माइनर इरिगेशन डिपार्टमेंट के कामों को मंजूरी देने और आगे बढ़ाने के लिए मांगी गई थी। काम में सड़क के दोनों तरफ रिटेनिंग वॉल बनाना शामिल था।

पूजार गदग जिले के चिंचली गांव के क्लास-1 ठेकेदार विजय ने लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त ने जाल बिछाया। शनिवार को लामणि के लक्ष्मेश्वर शहर में उनके बालाजी अस्पताल में 5 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते समय उन्हें और उनके दो सहायकों मंजुनाथ वाल्मीकि और गुरुनायक उर्फ गुरु लामणि को पकड़ लिया गया।

ट्रैप के दौरान रिश्वत की रकम मिलने पर लोकायुक्त अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और तीनों को हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट है कि एक सहयोगी ने सबूत मिटाने की कोशिश में 1 लाख रुपये का पैकेट पास के एक प्राइवेट स्कूल में फेंकने की कोशिश की, लेकिन वह भी पकड़ा गया। लोकायुक्त ने प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जांच जारी है।

# ओडिशा में 13 वर्षीय छात्रा से गैंगरेप के आरोप में 5 शिक्षक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** ओडिशा के केंद्रापाड़ा जिले में एक निजी इंग्लिश मिडिय स्कूल में रेप का मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने कक्षा 7 की एक छात्रा के साथ कथित रूप से एक साल से अधिक समय तक दुष्कर्म करने के आरोप में 5 शिक्षकों को गिरफ्तार किया है. PTI की रिपोर्ट के मुताबिक मामला तब सामने आया, जब नाबालिग पीड़िता ने पिछले महीने अपनी मां को पूरी घटना बताई. इसके बाद परिवार ने 18 फरवरी को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (CWC) में शिकायत दर्ज कराई. इसकी जानकारी बाल कल्याण समिति की सदस्य स्वागतिका पात्रा ने दी।

शिकायत मिलने के अगले दिन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने स्कूल का दौरा कर मामले की जांच शुरू की और इसे संवेदनशील करार दिया. इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो (पाक्सो ) एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

केंद्रापाड़ा के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कटारिया ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और एफआईआर में नामजद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्हें रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा. एसपी ने कहा, 'यह एक संवेदनशील मामला है. मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारियों की टीम, जो महिला अपराध प्रकोष्ठ का हिस्सा है, जांच की निगरानी करेगी.' पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

परिवार का आरोप है कि छात्रा के साथ लंबे समय तक बार-बार दुष्कर्म किया गया। यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ अन्य शिक्षक, जिनमें एक महिला शिक्षक भी शामिल है, आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। आरोपियों ने कथित तौर पर छात्रा को धमकी भी दी थी कि वह इस बारे में किसी को न बताए।

पीड़िता के परिवार का कहना है कि उन्होंने स्कूल प्रशासन को भी इस बारे में जानकारी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. वहीं स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी परिवार की तरफ से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में शिकायत दर्ज कराने के बाद ही मिली। वहीं मामले पर प्रिंसिपल ने कहा, 'पूरी सच्चाई विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएगी।'

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एडीजे रेप एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है. कोर्ट ने झूंसी थाना पुलिस को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

**अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।**

शाकुंभरी पीठाधीश्वर और श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट से जुड़े आशुतोष ब्रह्मचारी ने 28 जनवरी को धारा 173(4) के तहत अर्जी दाखिल कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी. उनका आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण होता है. उन्होंने इस संबंध में एक सीडी अदालत को सौंपने का भी दावा किया है।

मामले में 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे. कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया और सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था. अब अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है।

# फर्जी वरासत मामले में आया नया मोड़ जांच में जुटी पुलिस

**» आखिर किसने बनाया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, और किसने बनाया फर्जी परिवार रजिस्टर नकल**

**» पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल का मायका नौरंगाबाद में है इनके पिता का नाम झब्बू है तो फिर हरिराम धोबी पिता कैसे हो गये।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम हर दुआ में लगभग 35 वर्ष पूर्व रह रहे और वर्तमान में जिला बस्ती में रहने वाले वाले हरीराम पुत्र रजई की जमीन की फर्जी वरासत में नया मोड़ आ गया है बताते चलें कि हर दुआ निवासी पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल ने लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और प्रधान रामकिशुन से मिली भगत करके फर्जी जाली बनाये गये मृत्यु प्रमाणपत्र में हरीराम को मृतका दिखा कर फर्जी बनाई गई परिवार रजिस्टर नकल में पिंकी देवी को फर्जी तरीके से हरीराम की पुत्री दिखा कर तहसील दार गोला को भारी नजराना देकर फर्जी वरासत आदेश करा लिए जाने का आरोप हरीराम ने लगाया है। हरीराम का आरोप है कि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ह्नने फर्जी रिपोर्ट लगाई है और इस फर्जीवाड़ा के मास्टरमाइंड लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ही है। मामले में अजीबो-गरीब मोड़ सूचना अधिकार अधिनियम से मिली सूचना के बाद हुआ है।

सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ब्लॉक बीजूआ के खंड बिकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना में कहा गया है कि हरीराम नाम का कोई आदमी हर दुआ में नहीं रहता है और न ही हर दुआ में मृत्यु ही हुई है।और न ही किसी अधिकारी ने मृत्यु प्रमाणपत्र ही जारी किया गया है।तो फिर प्रधान रामकिशुन ने किसका और कैसे जारी कर दिया मृत्यु प्रमाणपत्र? जब हर दुआ के अभिलेखों में हरीराम का नाम दर्ज नहीं है तो परिवार रजिस्टर की नकल कहा से और किसने जारी की?कैसे पिंकी पुत्री हरिराम बन गई? किसी अभिलेख में हरीराम मृतका दर्ज नहीं है तो फिर वरासत के समय लगाए गए दस्तावेजों को किसने किया तैयार?और किस प्रमाणित जानकारी के अनुसार जगन्नाथ और दर्शन ने न्यायालय में दी झूठी गवाही और न्यायालय तहसील दार न्यायिक को किया गया गुमराह? किस प्रमाणित साक्ष्य के आधारित लेखपाल ने लगाई जांच रिपोर्ट? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।सभी अपनी-अपनी गर्दन बचाते नजर आ रहे हैं। पिंकी देवी का कहना कहा तक सत्य है कि उनके पिता हरीराम है।सूत्रों और साक्ष्यों के आधार पर पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल के पिता झब्बू है और पिंकी देवी का मायका नौरंगाबाद में है। हरीराम जाति प्रमाण पत्र के अनुसार अनुसूचित जाति (धोबी) है जबकि पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल पिछड़ी जाति के (मुराउ) बिरादरी के है तो कैसे पुत्री हो सकते है? पिंकी देवी के दो पिता कैसे हो सकते है? सूचना अधिकार अधिनियम से मिली जानकारी भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा की पोल खोलने को काफी है। पीड़ित द्वारा टेलीफोन से दी गई जानकारी के अनुसार वह




सभी पर्याप्त सबूतों के साथ एक दो दिन में पुलिस अधीक्षक खीरी से मुलाकातें कर मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग करेगा।और जिलाधिकारी खीरी के समक्ष प्रस्तुत करेगा सभी साक्ष और जीवित होने के प्रमाण और फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराए जाने का आदेश किए जाने की मांग करेगा। शिकायत की जांच कर रहे चौकी प्रभारी कुकुरा अबलीश पवार ने बताया सभी आरोपी लोगों बुलाया गया है मामले में दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### आत्महत्या प्रकरण में केस दर्ज, जांच टीम गठित

**देवरिया।** कृष्ण मोहन सिंह आत्महत्या प्रकरण में परिजनों की तहरीर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर मामले की निष्पक्ष जांच हेतु सीडीओ की अध्यक्षता में एसडीएम सदर व डीआईओएस को शामिल करते हुए जांच टीम गठित की गई है। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पटल सहायक संजीव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीएम ने स्पष्ट कहा है कि जांच में यदि किसी स्तर पर अनियमितता या दोष सिद्ध होता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने का आश्वासन दिया है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व चिंतन दिवस

**देवरिया।** महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज में विश्व चिंतन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक रोबर्ट बडेन पावल एवं उनकी पत्नी ओलावे बडेन पावल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। जिला गाइड कमिश्नर गीता कुमारी, गाइड संगठन आयुक्त कृति गुप्ता, जिला स्काउट प्रशिक्षक डॉ. पी.एल. यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने बेडेन पावेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के महत्व को बताया। कार्यक्रम में गाइड छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न विद्यालयों व दलों में भी विश्व चिंतन दिवस उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाया।

### महिला थाना का वार्षिक निरीक्षण, अभिलेख व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द पाण्डेय ने महिला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों, अपराध पंजिका, लंबित विवेचनाओं और मालखाना प्रबंधन की गहन समीक्षा की । हवालात की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था तथा शस्त्रागार की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीसीटीएनएस प्रणाली की ऑनलाइन प्रविष्टियों की भी जांच की गई। अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### मॉर्निंग वॉकर चेकिंग अभियान: 242 लोगों व 127 वाहनों की जांच

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जिले भर में रविवार सुबह 5 से 8 बजे तक मॉर्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 14 स्थानों पर 242 व्यक्तियों और 127 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, वाहनों की तलाशी, तीन सवारी, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जनता ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुबह के समय पुलिस की सक्रियता से सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### पुलिस का स्वच्छता संदेश: थानों व पुलिस लाइन में श्रमदान

**देवरिया।** जनपदीय पुलिस ने स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालयों, थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में व्यापक साफ-सफाई की। परिसर की सफाई, पेड़-पौधों की छंटाई, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव और वाहनों की क्रमवार व्यवस्था की गई। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ परिसर बेहतर कार्यसंस्कृति का आधार है।

### चकमार्ग पर अतिक्रमण की डीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकमार्ग पर अतिक्रमण को लेकर जनहित में जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। सांगीपुर ब्लाक अन्तर्गत देउम पूरब चौधरी का पुरवा गांव निवासी चंद्रप्रकाश वर्मा समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि शुकुलपुर में चकमार्ग पर अवैध कब्जा किया गया है, शिकायत के बाद भी चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाया नहीं जा रहा है। इससे ग्रामीणों में परेशानी बनी है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से चकमार्ग खाली करवाए जाने की मांग उठाई है।

# वाइब्रेंट इंटरनेशनल एकेडमी मड़वानगर में आयोजित हुआ भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

**● कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाइब्रेंट इंटरनेशनल एकेडमी मड़वानगर बस्ती के प्रांगण में 21 फरवरी 2026 दिन शनिवार को विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती अनूप कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा दिलीप कुमार पाण्डेय सम्मिलित हुए द्य विद्यालय के संस्थापक राम प्रकाश पाण्डेय विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र कुमार पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथिगण अभिभावक गण सभी अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता व सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से हुआ विद्यालय के प्यारे बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें नारी शक्ति, भारत स्वच्छता अभियान, झांसी की रानी के जीवन पर आधारित नाटक, मोबाइल के दुष्परिणाम एवं अनेक देश भक्ति तथा भक्ति गीतों पर अपनी सुंदर प्रस्तुति के द्वारा उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया सभी लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा किया द्य मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए भारत सरकार के नई शिक्षा नीति, प्रेरणा पोर्टल, शिक्षा का अधिकार आदि मुद्दों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ एवं प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों अभिभावकों एवं मीडिया कर्मियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यालय के प्रति सदैव अपना आशीर्वाद ज्ञापित करने की अपील की उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश प्रारंभ हो गया है आप सभी अपने नौनिहालों को गुणवत्ता को शिक्षा दिलाने हेतु हमारे विद्यालय में शीघ्र प्रवेश दिलाए और बच्चों के सकारात्मक ज्ञान में वृद्धि की तरफ अग्रसर करें हमारी संस्था आपके

### बीमारी के चलते क्षेत्रीय वन अधिकारी की मौत

**कोंच(जालौन)**– बीमारी के चलते क्षेत्रीय वन अधिकारी कोंच पंकज भानु सिंह की मौत हो जाने की दुखद घटना सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदीगांव रोड कोंच स्थित क्षेत्रीय वन कार्यालय में सरकारी आवास में रहने वाले क्षेत्रीय वन अधिकारी पंकज भानु सिंह (43) मूल निवासी ग्राम गोडे थाना चिलबिला जिला प्रतापगढ़ की तबियत शनिवार की शाम अचानक बिगड़ गई। मौके पर मौजूद वन अधिकारी की पत्नी और साले इनको पहले एक प्राइवेट नर्सिंग होम और फिर वहां से सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि वन अधिकारी पंकज भानु सिंह बीते काफी समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे जिसके चलते उनके पैरों सहित शरीर के कई अंग प्रभावित थे। दोतीन रोज पहले ही उरई राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई थी। उक्त घटना के बाद पत्नी प्रतिमा सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है। विभाग में भी शोक की लहर है। मृतक वन अधिकारी के दो बेटे प्रतीक (20) और शिवांश (17) हैं जो लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। मृतक वन अधिकारी 2022 से कोंच में पदस्थ थे। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम ज्योति सिंह, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर लल्लूराम रावत सहित सीएचसी पहुंच गए थे।

## बैरहना में खलिहान की भूमि पर कब्जा प्रशासन की भूमिका दिख रही संदिग्धसप्ताह बाद भी कार्रवाई के लिए नही जुटा साहस

**● दबंग कब्जेदारो से साठगांठ कर पहले खलिहान की जमीन पर कब्जा कराया जाता है फिर कार्यवाही का झूठा नाटक करके जनता को मूर्ख बनाया जाता है हरैया तहसील प्रशासन की कलई खुलती नजर आ रही है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी हरैया तहसील क्षेत्र में सरकारी ज़मीन पर कथित क़ब्ज़े को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, खलिहान की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्ज़ा किए जाने की शिकायत के बावजूद पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर पहले कब्ज़ा कराया जाता है और बाद में औपचारिक कार्रवाई का दिखावा कर जनता को भ्रमित किया जाता है। मामले में तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि संबंधित अधिकारी पूर्व में देवरिया जनपद में तैनाती के दौरान भी विवादों में रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी हैग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस संबंध में जब तहसील प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या राजस्व नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाता है।

### लूट के प्रयास का खुलासा: आरोपी गिरफ्तार, अवैध पिस्टल बरामद

**देवरिया।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत संजीव सुमन के निर्देशन में सलेमपुर पुलिस ने लूट की कोशिश करने वाले एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त 32 बोर की अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार 19 फरवरी को दिनदहाड़े सलेमपुर स्थित विशाल ज्वेलर्स में एक अज्ञात युवक चेहरे को कपड़े से ढककर घुसा और दुकानदार पर असलहा तानकर लूट का प्रयास किया। पीड़ित ध्रुव कुमार वर्मा की तहरीर पर थाना सलेमपुर में मुकदमा संख्या 56/26 धारा 309(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने शनिवार को बरसीपार-नदावर रोड के पास से बाल अपचारी को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक नाजायज पिस्टल .32 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में टीम सक्रिय रही।

## आरटीओ दफ्तर में लगा परिवहन मेला, वाहन स्वामियोंको दी गई टैक्स जमा करने की सरल प्रक्रिया की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में परिवहन आयुक्त, लखनऊ उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश पर 20 एवं 21 फ़रवरी को परिवहन मेले का आयोजन किया गया। आरटीओ फरीदउद्दीन ने बताया कि छबिलहाखोर स्थिति सम्भागीय परिवहन कार्यालय के सभागार में आयोजित परिवहन मेले में व्यवसायिक वाहनों एवं प्राइवेट वाहनों के लगभग 60 वाहन स्वामियों ने प्रतिभाग किया। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामियों को अपने वाहनों के बार-बार कर भुगतान की जटिल समस्याओं से राहत प्रदान करने, कर को सरल बनाने एवं अधिकाधिक गैर-परिवहन यानों को परिवहन यानों में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना द्वारा परिवहन यानों पर एक बारीय कर की दर निम्नवत निर्धारित की गयी है। 1. भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दो पहिया मोटर साइकिल यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत, 2. तिपहिया मोटर कैब यान के मूल्य का 7 प्रतिशत, 3. 10 लाख तक के मोटर कैब (तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 10.5 प्रतिशत, 10 लाख से अधिक के मोटर कैब (तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत, 5. संनिर्माण उपस्कर या विशेष प्रयोजन यान यथा जे0सी0बी0, बुलडोजर्स आदि यान के मूल्य का 6 प्रतिशत, 6.माल वाहन3000 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार के वाहन (पिकप आदि) यान के मूल्य का 3 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम से अधिक किन्तु 7500 किलोग्राम से अधिक सकल यान भार के वाहन (मिनी ट्रक आदि) यान के मूल्य का 6 प्रतिशत। उक्त बैठक में फरीदउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुरेश कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्रीमती माला बाजपेयी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, यात्री, मालकर अधिकारी, बस्ती के साथ-साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने कंपनी बाग से नारेबाजी करते हुए फूंका राहुल गांधी का पुतला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारा कंपनी बाग से कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध में राहुल गांधी का पुतला जलाया देश की राजधानी नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा आयोजन स्थल के भीतर विरोध प्रदर्शन करने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने कम्पनीबाग चौराहे पर कांग्रेस विरोधी नारे लगाते हुये कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका।

राहुल गांधी का पुतला फूंकने के बाद भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस होकर पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी कर देश को शर्मिंदा करने का काम किया है। कहा कि जब भारत एक प्रतिष्ठित वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और तकनीक के क्षेत्र में अपनी क्षमता और नेतृत्व का प्रदर्शन कर रहा है, उसी समय कांग्रेस पार्टी ने गरिमा के बजाय व्यवधान का रास्ता चुना। यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा कि राजनीतिक विरोध एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाना देशद्राह है जिसके लिए देश की जनता राहुल गांधी और कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। जब देश खुद को एक वैश्विक तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है, तब इस तरह का व्यवहार केवल उन लोगों के हित में है जो भारत को कमजोर होते देखना चाहते हैं। कम्पनीबाग चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंकने के दौरान मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह राणा, आलोक पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता, टिल्लू चौरसिया, रमेश तिवारी ,परशुराम, हरिशंकर पाण्डेय, प्रदीप गुप्ता, अशोक उपाध्याय 'रिकूं, विमल, आदि शामिल रहे।

# फर्जी जॉइनिंग लेटर का जाल: VDO की नौकरी का सपना दिखाकर 15 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसरकारी नौकरी का सपना दिखाकर बेरोजगार युवकों को ठगने का एक और मामला सामने आया है। ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के पद पर नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमौर निवासी दिनेश कुमार ने शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात परसा लगड़ा निवासी अखिलेश चौधरी से हुई थी। अखिलेश ने उन्हें सचिवालय में कार्यरत बताए जा रहे जयप्रकाश नामक व्यक्ति से मिलवाया। आरोप है कि दोनों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और दावा किया कि वे फर्जी जॉइनिंग लेटर के माध्यम से कई लोगों की नियुक्ति करा चुके हैं।

दिनेश कुमार के अनुसार आरोपियों ने उन्हें ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की मांग की। नौकरी पाने की उम्मीद में उन्होंने अलग-अलग तिथियों पर पूरी रकम आरोपियों को दे दी। हालांकि जब भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित हुआ तो उसमें उनका नाम नहीं था। इस पर जब उन्होंने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें टालमटोल किया गया। पीड़ित का आरोप है कि दबाव बनाने पर आरोपियों ने एक्सिस बैंक के तीन चेक दिए, लेकिन खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण सभी चेक बाउंस हो गए। इसके बाद जब उन्होंने दोबारा पैसे की मांग की, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और उनकी गाड़ी की चाबी छीनकर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर दिनेश कुमार बस्ती लौटे और पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। दिनेश कुमार ने बताया कि उनके पास इस पूरे घटनाक्रम से जुड़े ऑडियो और वीडियो सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देश पर थाना नगर में धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष भानु प्रताप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कपिलवस्तु का भ्रमण करते हुए बच्चे व शिक्षक



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ अंतर्गत पीएमश्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या शोहरतगढ़ के बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण वाहन को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर बस को कपिलवस्तु के लिये रवाना किया। रवि अग्रवाल ने कहा कि बच्चे भ्रमण से सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान को हासिल करने का मौका मिलता है। बच्चों को ज्ञानार्जन के उद्देश्य से शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने कपिलवस्तु में ऐतिहासिक धरोहर बौद्ध स्तूप, सिद्धर्थ विश्विद्यालय आदि स्थानों का भ्रमण कर सांस्कृतिक, धार्मिक, भौगोलिक , सामाजिक ज्ञान के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक परमानन्द श्रीवास्तव, मोहम्मद रफीक, शैलेंद्र कुमार, भूमिका द्विवेदी, अभिषेक श्रीवास्तव , शिवकुमार, शिखा श्रीवास्तव व छात्रों का दल मौजूद रहा।

## अंकरा गांव मे श्रीमद्भागवत कथा मे राजा भगीरथ प्रसंग श्रवण कर भावविभोर हुए श्रोता

**●धरा को असुरों के अत्याचार से मुक्त करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं भगवान - कथा व्यास निरमेश जी महाराज**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जगदीशपुर अमेठी–** विकासखंड जगदीशपुर अमेठी अन्तर्गत ग्राम पंचायत अंकरा मे मुख्य यजमान शिव कुमार गुप्ता एवं धरमराजी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के अन्तर्गत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथाव्यास भगवताचार्य परम श्रद्धेय निर्मेश जी महराज के श्री मुखारविन्द से राजा बलि की दानशीलता,गंगावतरण राजा भगीरथ कथा प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये कथाव्यास आचार्य निर्मेश जी महराज के मुखारविंद से कथा श्रवण करने श्रोता दूर सुदूर से आ रहे हैं और कथा श्रवण कर अपने को धन्य कर रहे हैं वहीं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने उक्त अवसर पर कथा मे पहुंचकर कथा श्रवण कर आचार्य निर्मेश जी को श्री राधा कृष्ण प्रतिमा एवं पटुका भेंटकर आशीर्वाद लिया आचार्य निर्मेश जी महराज ने कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी को प्रसाद भेंटकर आशीर्वाद दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही कथा व्यास निरमेश जी महाराज ने कहा कि जब-जब धरा पर असुरों का अत्याचार बढा है पपियो और अधर्मियों का अत्याचार बढा है तब तब विभिन्न स्वरूप में भगवान ने अवतार लेकर असुरों और अत्याचारियों का वध किया है तथा धरा को असुरों से मुक्त कराया है धर्म की स्थापना की है तथा भक्तगणों की रक्षा की है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## आगामी त्यौहारों को लेकर थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**● शुकुल बाजार में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, रमजान-मोहर्रम व होली पर सौहार्द बनाए रखने की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आगामी त्यौहारों रमजान, मोहर्रम एवं होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर शुकुल बाजार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा एवं नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा ने संयुक्त रूप से की।बैठक में जनप्रतिनिधियों, हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा ने प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सतर्क है।बैठक के दौरान साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक एवं अफवाहों से बचने के उपाय बताए गए।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# राजा कान्ह पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**● मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह का प्रेरक संबोधन**

**राष्ट्रीय सेवा योजना में युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण,सेवा, संस्कार और समर्पण का आधार - चन्द्रमौलि सिंह**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जगेसरगंज, जामों, अमेठी।** रविवार को राजा कान्ह पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि चन्द्रमौलि सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता, स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से लाल शीतला शरण सिंह (हरगांव), साहब बक्स सिंह, डॉ. एस.पी. सिंह (प्रबंधक), डॉ. वीरेश प्रताप सिंह (प्राचार्य), वीरेंद्र प्रताप सिंह (रेवणापुर), सूर्या यादव प्रधान (गौतमपुर), अखिलेश प्रताप सिंह (प्रधान मछरिया) एवं डॉ. राजकरण सिंह कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।डॉ. चंद्र प्रकाश पांडे, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना।

समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं शिविरार्थी छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सात दिवसीय यह विशेष शिविर स्वयंसेवकों के लिए सेवा, संस्कार और सामाजिक समर्पण का अनुपम अवसर सिद्ध होगा।

### चिकित्सा शिविर में तीन सौ लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रतनपुर/महाराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहरौली में नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सा सेवा यात्रा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस शिविर में एम्स गोरखपुर व बीआरडी मेडिकल कॉलेज से आए डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया। शिविर में प्रमुख डॉक्टर सुकन्या मजूमदार, देवी दयाल मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा स्वर्णीमा,नम्या आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## मलिहाबाद के ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में आवास सूची में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग




**मलिहाबाद (लखनऊ)।** राजधानी लखनऊ के विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव पर अपात्र लोगों के नाम आवास सूची में शामिल करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में नाराज़गी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों के नाम आवास सूची में डाले गए हैं, उनके पहले से ही पक्के मकान बने हुए हैं। आरोप है कि पात्रता दिखाने के लिए नहर किनारे बनी झोपड़ी को आधार बनाकर उनके नाम सूची में शामिल कर दिए गए, जबकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल सका। इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस में प्रभारी अधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि मामले की गहराई से जांच कराई जाए तो आवास सूची में की गई कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पात्रता की दोबारा जांच कर वास्तविक लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

## विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत भराये गये फार्म

### ए0ई0आर0ओ0 ने किया बूथों का निरीक्षण।




**बिसवां (सीतापुर)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार 22 फरवरी को विधानसभा 150 सेवता अन्तर्गत बिसवां तहसील के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद पर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लगाकर नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 तथा परिवर्धन के लिए फार्म- 8 तथा अपमार्जन के लिए फार्म- 7 भरवाने का कार्य किया गया। इस दौरान बूथ संख्या 265 से 272 का निरीक्षण ए0ई0आर0ओ0 डा0 आशाराम वर्मा ने किया। उनके साथ सुपरवाइजर के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी मौजूद थे। रविवार दोपहर 2 बजे तक बूथ संख्या 265 से 271 तक 71 मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाया वहीं 25 लोगों ने फार्म-8 भरकर संशोधन करवाया वहीं 3 फार्म-7 भरकर अपमार्जन करवाया। निरीक्षण में ए0ई0आर0ओ0 ने सभी बीएलओ से फार्म 6 व 8 की उपलब्धता तथा उन्हें भरवाये जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा नोटिसों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर बीएलओ सुनीता वर्मा, अफरोज जहां, मेहनाज बेगम, फिरोज आलम, शीला श्रीवास्तवा, निशा वर्मा, सुमन कुमारी वर्मा, सुनीता देवी वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि मुशीर अहमद, बीएलए सुधाकर मिश्र, कन्हैया रस्तोगी व वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की सख्त कार्रवाई: 16 गिरफ्तार, 88 वाहनों का चालान




**भदोही।** जनपद भदोही पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु चलाए गए अभियान के तहत 01 वारंटी सहित कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेजा गया। थाना गोपीगंज पुलिस ने वारंटी कैलाशनाथ पुत्र विश्वनाथ निवासी पुरेबहरिया को गिरफ्तार किया। वहीं थाना भदोही, औराई, दुर्गागंज एवं चौरी पुलिस द्वारा शांति भंग की आशंका में धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 70 दोपहिया व 18 चारपहिया सहित कुल 88 वाहनों का चालान किया गया।

# विद्युत संविदा कर्मियों का हल्ला बोल: 25,000 वेतन और नियमितीकरण की मांग, छंटनी होने पर कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

● .....लखनऊ में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने राज्य सरकार के समक्ष रखीं अपनी प्रमुख मांगें।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के नरही स्थित केंद्रीय कार्यालय में रविवार को नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी बैठक में संविदा कर्मियों के हितों को लेकर हुंकार भरी गई, जिसमें संरक्षक आर.एस. राय और प्रदेश प्रभारी पुनीत राय समेत कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से मांग की गई कि ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स कर्मचारी निगम में शामिल किया जाए, जोखिमपूर्ण कार्य के बदले अकुशल श्रमिकों को ?22,000 व लाइनमैन/एसएसओ/कंप्यूटर ऑपरेटर को ?25,000 मासिक वेतन दिया जाए, और 5 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों को नियमित सेवा में समायोजित कर सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष निर्धारित की जाए। इसके साथ ही संगठन ने मार्च 2023 की हड़ताल के दौरान हटाए गए कर्मियों की पुनर्बहाली, फेशियल अटेंडेंस व्यवस्था की समाप्ति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और दुर्घटना बीमा राशि को बढ़ाकर ?20 लाख करने पर जोर दिया, साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि प्रदेश के किसी भी जिले में कर्मियों की छंटनी की गई, तो संगठन वहां लोकतांत्रिक तरीके से पूर्ण कार्य बहिष्कार पर विचार करेगा। इस दौरान बैठक में संगठन के संरक्षक व वरिष्ठ मजदूर नेता आर.एस. राय, अरुण कुमार, राजेश्वर सिंह, सुनील सिंह, अशोक पाल, संजय सिंह, धनंजय राजभर, श्याम नारायण यादव, आनंद सिंह, विपिन विश्वकर्मा, सोहन मौर्य, प्रियांशु सिंह समेत भारी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## उद्यान मंत्री ने तीन दिवसीय सरस मेला का किया शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:-** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने आज जीआईसी के मैदान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तत्वाधान में आयोजित 'जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला-2026 ' का फीता काटकार उद्घाटन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वःनिर्मित उत्पादों की विक्रय एवं प्रदर्शनी के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी,मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, उपायुक्त एन0 आर0 एल0 एम0 सविता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उद्यान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 04 महिला समूह की महिलाओं को 07 करोड़ 63 लाख से अधिक का डमी चेक देकर सम्मानित किया। योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खंड विकास अधिकारी दीनशाहगौरा अशोक कुमार सचान, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी लालगंज गगनदीप सिंह एवं बैंक स्तर पर उत्कर्ष कार्य करने वाले अग्रणी बैंक प्रबंध रुपेश दुबे, क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव व शैलेंद्र प्रताप सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आदर्श स्वयं सहायता समूह की महिला गंगा सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 258 समूह का गठन कर महिलाओं को समूह से जोड़कर खुद भी सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाया।

इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व व मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति को स्वावलंबी व सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है, आज देश व प्रदेश में महिलाओं को बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनको सशक्त बनाकर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आज आप छोटे-छोटे कार्यो से लेकर महिलाओं के समूह के कार्यो का आकलन करेंगे तो आपको गर्व होगा कि हमारी मातृ शक्ति सशक्त, स्वावलंबी बनकर आगे बढ़ रही है हर क्षेत्र में देश, प्रदेश व जनपद का नाम रोशन कर रही है।

धन्यवाद ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व समूह की महिलाएं, लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

## अनाया फतिमा ने रखा रमजान का पहला रोजा



**लहरपुर सीतापुर** नगर के मोहल्ला चौपड़ी टोला की रहने वाली 10 वर्ष की बच्ची अनाया फतिमा ने रखा रमजान का पहला रोजा जहां बच्चों की परवरिश में माता-पिता की बहुत ही अहम भूमिका होती है। माता-पिता की आदतों को देखकर ही बच्चों को बड़ी नसीहत मिलती है। अनाया फातिमा के पिता मो0 एहसान बेग व माता उम्मे कुलसुम ने बेटी के रोजा रखने में भरपूर सहयोग दिया। रमजान का माह चल रहा है यह माह बड़ी बरकतों वाला है मुस्लिम समाज में रमजान के माह में बड़े बुजुर्ग महिलाएं पुरुषो को रोजा रखने का बड़ा उत्साह होता है। वही नन्हे मुन्ने बच्चे भी रोजा रखने में कही बड़ो से पीछे नही है। पाक महीना इस्लाम धर्म में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इसी माह में इस्लाम धर्म की सबसे बड़ी किताब कुरान पैगंबर मोहम्मद साहब को अवतरित हुई थी। मुस्लिम समाज इस रमजान के पूरे माह मे रोजा (उपवास) रखकर प्रार्थना करके व दान देकर अल्लाह के प्रति भक्ति संयम और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं यह आत्म अनुशासन सहानुभूति और आध्यात्मिक शुद्धि का समय है।

# पुराने साथियों से मिलकर हुई मौज मस्ती

● चंद्रभानु में एल्युमिनाई मीट में ताजा हुईं यादें।

## महाविद्यालय की हर तरह मदद करें छात्रः डॉ टीपी सिंह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर।** चन्द्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 32 वर्ष पुराने दोस्त गेट- टूगेदर के माध्यम से मिले और महाविद्यालय के दिनों की यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी एवं प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के सदस्यों को पौधा देखकर स्वागत किया गया तथा पूर्व छात्र- छात्राओं ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए,पुरातन सम्मेलन में रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया और साथ में भोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने पुराने दोस्तों से मिलने की खुशी को अवर्णनीय बताया और बताया कि श्रद्धेय भगवती सिंह जी द्वारा स्थापित किया गया महाविद्यालय पूरे भारत में जाना जाता है इसे अच्छा करने में सभी सहयोग करें । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टी पी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के पुरातन छात्र के महाविद्यालय के गौरव को ऊंचा करने में मदद करे महाविद्यालय के विकास में समर्पण भाव से योगदान करें। रविवार को महाविद्यालय में ये अद्भुत नजारा देखने को मिला।जहां एल्युमनाई मीट में गेट-टू-गेदर होकर सेलिब्रेशन किया गया। महाविद्यालय पुराने दोस्तों ने खूब ठहाके लगाए तथा एक-दूसरे को गले लगाया। महाविद्यालय के पुरातन छात्र आर सी गुप्ता ने बताया की इस महाविद्यालय का मैं छात्र रहा आज हमने अपनी कंपनी बनाई है मेरी कंपनी में बायोटेक्नोलॉजी,बायो पेस्टीसाइड, स्मार्ट बायो उर्वरक के उत्पाद बनाये जाते हैं और किसानों को कम दरों में उपलब्ध करायें जाते हैं। जिसमें हम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार दे रहे हैं।




आस्ट्रेलिया में शिक्षक पद पर कार्यरत महाविद्यालय के पुरातन छात्र डॉ तुलसीराम भुसाल ने कहा की महाविद्यालय का शिक्षण कार्य बहुत बेहतर है इसका लाभ लेना चाहिए। महाविद्यालय के मिडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस महाविद्यालय का मैं पुरातन छात्र हूं आज इसी विधालय में शिक्षक हूं विधालय में 32 वर्ष से छात्र और शिक्षक के रूप में जुड़ा हूं। लगभग 7500 कृषि स्नातक एवं 900 परास्नातक कृषि छात्र- छात्राएं इस महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं जो पुरे भारत तथा विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षक राजनीति वैज्ञानिक और उद्यमी के रूप आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के सदस्य अशोक सिंह व डॉ बैजनाथ रावत,जितेंद्र निगम प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय भदोरिया, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी डॉ सुधाकर सिंह, पुरातन छात्र डॉ आशुतोष श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं महाविद्यालय के 150 से अधिक पुरातन छात्रो ने प्रतिभाग किया।

## श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिधौली, सीतापुर।** दिनांक 22 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई, श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली द्वारा नगर पंचायत सिधौली के मोहल्ला लोधपुरवा स्थित पंचायत भवन में सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, कर्तव्यपरायणता एवं राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' तथा डॉ. गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों– 'नॉट मी, बट यू' की भावना–को रेखांकित करते हुए स्वयंसेवकों को निःस्वार्थ सेवा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता के पथ पर अग्रसर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक का निर्माण है। प्रथम दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषयक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। ग्रामीण अंचल में सकारात्मक संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों ने समाज में जागरूकता का वातावरण निर्मित किया, जो इस शिविर की सार्थकता को परिलक्षित करता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे विशेष शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामूहिक उत्तरदायित्व तथा व्यवहारिक ज्ञान को समृद्ध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा-भाव को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय वर्मा ने समस्त अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक सर्वेक्षण तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों का क्रमबद्ध संचालन किया जाएगा।



## निर्धारित समय से पहले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में लटका ताला, मरीज लौटे निराश

**मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला बना मजाक......**

**लालगंज (रायबरेली)।** ऐहार के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ता नजर आया। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित था, लेकिन लगभग तीन बजे दोपहर में ही अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे कई मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची थीं, लेकिन गेट बंद देख सभी हैरान रह गए। दूर-दराज गांवों से आए लोगों ने बताया कि अस्पताल परिसर में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। काफी देर इंतजार और पूछताछ के बावजूद स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन करती है, लेकिन यदि निर्धारित समय से पहले ही अस्पताल बंद हो जाए तो योजना का लाभ कैसे मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से शासन की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।

# 1805 मतदेय स्थलों पर चला विशेष पुनरीक्षण अभियान, डीएम ने किया निरीक्षण



**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के चारों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को सभी 1805 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया संचालित की गई। जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित रहे और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, विवरण संशोधन तथा अन्य आवश्यक कार्यो को संपादित किया। प्रत्येक बीएलओ के पास फॉर्म-06 सहित सभी निर्धारित प्रपत्र उपलब्ध रहे, जिससे मतदाताओं को आवेदन करने में सुविधा मिली। मतदाताओं के मार्गदर्शन के लिए सहायता डेस्क भी स्थापित किए गए, जहां आमजन को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड हरैया सतघरवा अंतर्गत बूथ संख्या-90 (उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुरा) तथा बूथ संख्या 177 से 180 (उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगराकोहल) का स्थलीय निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फॉर्म-06 के संकलन एवं प्राप्त दावों-आपत्तियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ईआरओ/एसडीएम द्वारा भी निरंतर मतदेय स्थलों का भ्रमण कर अभियान की मॉनिटरिंग की गई और मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने मतदाता विवरण की जांच अवश्य करें तथा नाम जोड़ने, संशोधन या अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि निर्वाचन नामावली को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाया जा सके।

# रहीमाबाद थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न: होली और ईद पर आपसी भाईचारे और शांति की अपील

● ......शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने संभ्रांत नागरिकों के साथ की समन्वय बैठक।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद, लखनऊ।** आगामी प्रमुख त्योहारों होली और ईद-उल-फितर के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को लखनऊ के रहीमाबाद थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण 'पीस कमेटी' (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। रहीमाबाद थाना प्रभारी (इंस्पेक्टर) अरुण कुमार त्रिगुणायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने कहा कि भारत की संस्कृति साझा विरासत की है, जहाँ होली और ईद जैसे त्योहार आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे के संदेश देते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इन पर्वों को अपनी परंपराओं के अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन इस दौरान दूसरों की भावनाओं का भी पूरा सम्मान करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है; किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर, अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि किसी ने भी क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग करने या कानून हाथ में लेने की कोशिश की, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



क्षेत्र की सुरक्षा रणनीति पर चर्चा करते हुए पुलिस प्रशासन ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर लिया गया है, जहाँ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र में नियमित गश्त (पैट्रोलिंग) बढ़ाई जाएगी ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। बैठक में मौजूद हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने पुलिस का समर्थन करते हुए आश्वासन दिया कि मलिहाबाद और रहीमाबाद का क्षेत्र हमेशा से अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता रहा है और इस बार भी सभी नागरिक मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएंगे।

## रास्ते का विवाद बना खूनी संघर्ष, दो पक्षों में जमकर मार-पीट, सात घायल

● अस्पताल में फिर भड़का गुस्सा, सिपाही की सूझबूझ से टली बड़ी वारदात।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के पूरे देवी रामलीला मैदान मोहल्ले में रविवार को रास्ते के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्ष आमने सामने आ गए और उनके बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षो से सात लोग घायल हो गए। इनमे दो की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया। मोहल्ले में रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मामला कई बार तहसील और पुलिस तक पहुंचा लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। रविवार को विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक पक्ष से अजमेर, मंजू सोनी और कमला गंभीर रूप से घायल हुए। दूसरे पक्ष से सौरभ, प्रदीप और संतोष को चोटें आईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां अजमेर और प्रदीप की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया।

**अस्पताल में ईंट-पत्थर लेकर दौड़ाया**

प्रदीप इलाज के बाद बाहर एंबुलेंस का इंतजार कर रहा था। तभी अजमेर की हालत बिगड़ गई। उसे उल्टियां होने लगीं। इस पर परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने प्रदीप और संतोष को ईंट-पत्थर लेकर दौड़ा लिया। अस्पताल में मौजूद सिपाही साजन ने तुरंत हस्तक्षेप किया। दोनों युवकों को भागने को कहा। उनके हाथों से ईंट पत्थर छीनकर दूर फेंका। दोनों युवक जान बचाकर करीब 500 मीटर दूर चमनगंज मोहल्ले में एक घर में घुस गए। भीड़ वहां भी पहुंच गई। पीछे पीछे सिपाही साजन भी दौड़ते हुए पहुंचे। घरवालों से निवेदन कर दोनों को अंदर सुरक्षित कराया। इस दौरान मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।



**आधे घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस**

अजमेर को रेफर करने के बाद करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं आई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने तत्परता दिखाई। अपने वाहन से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ले में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है।

# श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री श्याम सतरंगी फाल्गुनी अमृत महोत्सव

● सुप्रसिद्ध भजन गायिका उपासना मिश्रा ने सुन्दर भजनों का बांधा समां।

पूरे पंडाल में मौजूद श्याम भक्तों को किया सम्मोहित।

बाबा के भजनों में रात भर झूमे श्रद्धालु, खेली गयी फूलों की होली, हुआ गजरा उत्सव।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां (सीतापुर)।** श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को शाम 7 बजे से श्री श्याम सतरंगी फाल्गुनी अमृत महोत्सव 2026 बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरी रात सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का आविर्भाव हुआ। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेल कर गजरा उत्सव भी मनाया गया। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम में सीतापुर से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका ने अपने भजनों से समां बांध दी। उनके भजनों को सुनकर पूरा पंडाल झूम उठा। उनके सुन्दर भजनों से श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि भोर पहर तक उठने का नाम ही नहीं लिया। भजन गायक अम्बर श्रीवास्तव ने 'देवा ओ देवा गणपति देवा......' गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन गायक राहुल सिंधी ने गाया 'बाबा तुम जो मिल गये फूलों जैसे खिल गये' भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बाराबंकी से पधारे गायक शानू सोनी ने 'मेरी नैय्या का खेवैय्या है मेरा सांवरा' भजन गाकर सबको नाचने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम में भक्तों को श्याम खजाना भी दिया गया।

इस दौरान आयोजक सांवरा सेठ एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के शिव प्रसाद सिंघल, बसंत खेतान, विजय कुमार अग्रवाल,अमित सिंघल,पंकज खेतान, मनीष बंसल,रवि प्रकाश बंसल,राज कुमार अग्रवाल,अमन श्रीवास्तव, नितिन मंगल, प्रदीप जायसवाल व विकास सहित पुरैनी गंज व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम भोर पहर तक चलता रहा।

# मुफ्त की योजनाओं की लक्ष्मण रेखा तय करे सुप्रीम कोर्ट

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा हाल ही में चुनावों से पूर्व राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता प्राप्ति के लिए मतदाताओं को आकर्षित करने हेतु घोषित लोकलुभावन मुफ्त योजनाओं की कड़ी आलोचना की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रश्न उठाया है कि आखिर यह 'मुफ्त की योजना' वाली संस्कृति कब तक चलती रहेगी ? न्यायालय की यह चिंता राष्ट्रहित में अत्यंत उचित है, क्योंकि आज देश के अधिकांश राज्यों में मुफ्त योजनाओं के सहारे सरकार बनाने की परंपरा सी बन चुकी है । वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य ऐसा बन गया है कि कोई भी दल बिना मुफ्त की रेवड़ियां बाँटे केवल अपने विकास कार्यों के आधार पर चुनाव लड़ने का साहस नहीं जुटा पाता। परिणामस्वरूप, सरकारें जनहित के विकास कार्यों पर व्यय होने वाले धन को मुफ्त योजनाओं के वादों को पूरा करने में खर्च कर देती हैं। इससे विकास कार्य या तो धनाभाव में रुक जाते हैं अथवा समय पर पूर्ण नहीं हो पाते। मुफ्त योजनाओं के बढ़ते बोझ के कारण राज्य सरकारों को बार-बार करोड़ों रुपये का कर्ज लेना पड़ता है। अनेक राज्य पहले से ही राजस्व घाटे में चल रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुफ्त योजनाओं पर खर्च किया जाने वाला धन अंततः करदाताओं की गाढ़ी कमाई का ही होता है। राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं का बोझ अंततः आम नागरिकों पर ही पड़ता है । सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि मुफ्त योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों को मिलना चाहिए, न कि सक्षम और संपन्न वर्ग को। दुर्भाग्यवश, अनेक योजनाओं का बड़ा हिस्सा उन लोगों तक पहुँच जाता है जिन्हें उसकी वास्तविक आवश्यकता नहीं है, जबकि सचमुच जरूरतमंद आज भी सहायता के अभाव में संघर्ष करते दिखाई देते हैं।

मुफ्त योजनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति का एक सामाजिक दुष्प्रभाव भी सामने आ रहा है। जब बिना श्रम के लाभ मिलने लगता है, तो परिश्रम की भावना कमजोर पड़ने का खतरा उत्पन्न होता है। भारत सदैव से मेहनतकश और श्रमजीवी लोगों का देश रहा है। हमारे पूर्वजों ने अपने परिश्रम और स्वावलंबन की परंपरा से विश्व को प्रेरित किया है। ऐसे में मुफ्त की संस्कृति का अत्यधिक विस्तार चिंतन का विषय है । राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे मुफ्त योजनाओं के स्थान पर ऐसी दीर्घकालिक और सुनियोजित नीतियाँ बनाएँ, जो स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करें और लोगों को आत्मनिर्भर बनाएँ। यदि नागरिक अपने श्रम के बल पर जीवन स्तर सुधारेंगे, तो राष्ट्र की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ, जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल थे, ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की । न्यायालय का यह दृष्टिकोण सराहनीय है कि कल्याणकारी योजनाएं और चुनावी प्रलोभन इन दोनों के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया जाना चाहिए। यह भी चिंताजनक है कि मुफ्त की योजनाओं के कारण समाज में श्रम के प्रति अरुचि का भाव पनपने लगा है। यदि सरकारें बिना श्रम के संसाधन उपलब्ध कराती रहेंगी, तो आत्मनिर्भरता की भावना कमजोर पड़ेगी । भारत के मेहनतकश और श्रमजीवी लोगों ने अपने परिश्रम और उद्यमिता से विश्व में पहचान बनाई है। ऐसे में परिश्रम के स्थान पर निर्भरता की संस्कृति को बढ़ावा देना दूरगामी दृष्टि से घातक सिद्ध हो सकता है।आज स्थिति यह हो गई है कि सरकारें स्वयं की गई घोषणाओं के बोझ तले दबती जा रही हैं। यदि कोई सरकार मुफ्त योजनाओं में कटौती करने का प्रयास करती है, तो विपक्ष इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर और अधिक मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर सत्ता परिवर्तन का प्रयास करता है। सत्ता खोने के भय से कोई भी दल इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का साहस नहीं जुटा पाता । ऐसे में देश की सर्वोच्च संस्था के रूप में सर्वोच्च न्यायालय से अपेक्षा है कि वह मुफ्त योजनाओं की एक स्पष्ट 'लक्ष्मण रेखा' निर्धारित करे। यदि कोई राजनीतिक दल मतदाताओं को अव्यावहारिक और आर्थिक रूप से अस्थिर करने वाली मुफ्त योजनाओं का प्रलोभन देकर चुनाव जीतने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दिशा-निर्देश और वैधानिक प्रावधान होने चाहिए। यदि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है, तो मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन राजनीति के बीच संतुलन स्थापित करना आवश्यक है। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का अर्थ अंधाधुंध मुफ्त वितरण नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण, लक्षित और टिकाऊ विकास होना चाहिए। अब समय आ गया है कि राष्ट्रहित में इस विषय पर ठोस और दूरदर्शी निर्णय लिए जाएँ और मुफ़्त कि योजनाओ पर लक्ष्मण रेखा खीच कर उसका पालन सभी राजनीतिक दलों से कढ़ाई से करवाया जाए !

**अरविंद रावल**

# क्या संभावित अमेरिका-ईरान युद्ध वैश्विक युद्ध का आगाज होगा

**अमेरिका की भीषण जंगी तैयारी।**

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित युद्ध की आशंका केवल राजनीतिक बयानबाज़ी तक सीमित नहीं रही है बल्कि उसके पीछे गहरी सामरिक तैयारियाँ और दीर्घकालिक सैन्य रणनीतियाँ भी काम कर रहीं हैं। अब अमेरिका अपनी जंगली लाव- लश्कर के साथ ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी में तैनात हो गया है। अब यदि कभी प्रत्यक्ष युद्ध की स्थिति बनती है, तो यह समझना आवश्यक होगा कि अमेरिका विशिष्ट प्रकार की सैन्य तैयारी और युद्ध क्षमता के साथ मैदान में उतर सकता है, और ऐसी तैयारी किसी क्षेत्रीय संघर्ष को व्यापक वैश्विक टकराव की दिशा में धकेल सकती है। अमेरिका विश्व की सबसे सशक्त सैन्य शक्तियों में शुमार माना जाता है, जिसकी वैश्विक उपस्थिति अनेक महाद्वीपों में फैले सैन्य अड्डों, नौसैनिक बेड़ों और वायुसेना ठिकानों के रूप में दिखाई देती है। खाड़ी क्षेत्र में उसकी स्थायी और अस्थायी सैन्य तैनाती पहले से मौजूद है, जिसमें विमानवाहक पोत समूह, मिसाइल विध्वंसक जहाज़, पनडुब्बियाँ और उन्नत लड़ाकू विमान शामिल होते हैं। अमेरिकी सामरिक सिद्धांत 'फोर्स प्रोजेक्शन' पर आधारित है, अर्थात वह अपनी सैन्य शक्ति को दूरस्थ क्षेत्रों में तेज़ी से तैनात करने की क्षमता रखता है। अमेरिका की युद्ध तैयारी का एक प्रमुख आयाम उसकी वायु श्रेष्ठता है। अत्याधुनिक स्टील्थ लड़ाकू विमान, लंबी दूरी के बमवर्षक और ड्रोन नेटवर्क उसे शुरुआती चरण में शत्रु के वायु रक्षा तंत्र, संचार नेटवर्क और सामरिक ठिकानों को निष्क्रिय करने की क्षमता प्रदान करते हैं। किसी संभावित युद्ध में अमेरिका पहले चरण में 'शॉक एंड ऑ' जैसी रणनीति अपनाते हुए मिसाइल हमलों और सटीक बमबारी के माध्यम से ईरान की कमांड एंड कंट्रोल संरचना को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। इसके अतिरिक्त उसकी साइबर युद्ध बड़ी ताकत है, जिसके माध्यम से वह शत्रु के विद्युत ग्रिड, बैंकिंग तंत्र और सैन्य संचार प्रणाली को बाधित कर सकता है।नौ-सैनिक दृष्टि से फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि युद्ध छिड़ता है तो अमेरिकी नौसेना समुद्री मार्गों की सुरक्षा और ईरान की नौसैनिक गतिविधियों को नियंत्रित करने पर विशेष ध्यान देगी। विमानवाहक पोत समूह किसी भी तटीय लक्ष्य पर दूर से ही आक्रमण करने में सक्षम होते हैं। साथ ही पनडुब्बियों से दागी जाने वाली क्रूज़ मिसाइलें ईरान के भीतर गहरे स्थित ठिकानों तक पहुंच सकती हैं। अमेरिका की मिसाइल रक्षा प्रणाली और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ समन्वय भी उसकी तैयारी का हिस्सा होता है। अमेरिका की सामरिक तैयारी केवल प्रत्यक्ष युद्ध तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह अपने सहयोगी देशों और सैन्य गठबंधनों के माध्यम से दबाव बनाने की नीति भी अपनाता है। खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी अड्डे, क्षेत्रीय साझेदारों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास, और उन्नत हथियार प्रणालियों की तैनाती एक प्रकार का शक्ति प्रदर्शन भी होते हैं। इसके अतिरिक्त आर्थिक प्रतिबंध और वित्तीय नाकेबंदी भी अमेरिकी रणनीति का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य शत्रु देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर युद्ध क्षमता को सीमित करना होता है।

हालांकि, यह भी ध्यान देना आवश्यक है कि ईरान पारंपरिक युद्ध में अमेरिका से कमजोर होते हुए भी असममित युद्ध रणनीति में दक्ष माना जाता है। वह मिसाइलों, ड्रोन, समुद्री माइंस और प्रॉक्सी समूहों के माध्यम से अमेरिकी ठिकानों और सहयोगी देशों को निशाना बना सकता है। इसलिए अमेरिकी तैयारी में केवल आक्रमण ही नहीं, बल्कि रक्षा और क्षति-नियंत्रण की योजना भी शामिल रहती है। मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति मार्गों की रक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना उसकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। यदि इस संघर्ष में अन्य महाशक्तियाँ अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होती हैं, तो स्थिति और जटिल हो सकती है। रूस और चीन जैसे देश कूटनीतिक या सीमित सामरिक समर्थन के माध्यम से शक्ति संतुलन बनाने का प्रयास कर सकते हैं। वहीं इज़राइल अपनी सुरक्षा चिंताओं के कारण सक्रिय भूमिका निभा सकता है। ऐसी स्थिति में युद्ध क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर प्रभाव डाल सकता है, विशेषकर ऊर्जा बाज़ार और वैश्विक व्यापार पर। नअमेरिका की सामरिक तैयारी का एक महत्वपूर्ण पहलू उसकी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता भी है, यद्यपि परमाणु हथियारों का उपयोग अंतिम विकल्प माना जाता है। परमाणु त्रिस्तरीय प्रणाली भूमि आधारित मिसाइलें, पनडुब्बी से प्रक्षेपित मिसाइलें और रणनीतिक बमवर्षक उसे व्यापक प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करती हैं। यही कारण है कि पूर्ण विश्व युद्ध की संभावना अपेक्षाकृत कम मानी जाती है, क्योंकि परमाणु शक्ति संतुलन बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष टकराव को रोकने में भूमिका निभाता है। अमेरिका की युद्ध तैयारी बहुआयामी, तकनीकी रूप से उन्नत और वैश्विक नेटवर्क पर आधारित है। यदि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध होता है तो प्रारंभिक चरण में अमेरिका अपनी वायु, नौसैनिक और साइबर क्षमता का व्यापक उपयोग कर सामरिक बढ़त लेने का प्रयास करेगा। किंतु यह संघर्ष विश्व युद्ध में तब्दील होगा या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अन्य महाशक्तियाँ किस हद तक प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती हैं और कूटनीतिक प्रयास कितने सफल रहते हैं। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में प्रत्यक्ष विश्व युद्ध सभी के लिए विनाशकारी होगा, इसलिए संभावना अधिक यही है कि सामरिक तैयारी के बावजूद बड़े देश पूर्ण युद्ध से बचने का प्रयास करेंगे और संघर्ष को सीमित दायरे में रखने की रणनीति अपनाएँगे। वैश्विक स्तर पर यह लगातार प्रयास किया जा रहे हैं कि अमेरिका ईरान युद्ध जो बाद में वैश्विक युद्ध में परिवर्तित हो सकता है,को न होने दिया जाए अन्यथा प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध की तरह अमेरिका तीसरे विश्व युद्ध का निर्णायक देश फिर साबित होगा जो पूरे वैश्विक देश के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# अमेरिकी करों का बदलता स्वरूप और भारत की रणनीति

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली हैए उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थीए वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। यह नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैंए जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य हैए जहाँ वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैए भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माणए वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता हैए जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैंए परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम.आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जाए सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता हैए जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता हैए तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट 2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई हैए जहाँ निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है ताकि घरेलू विनिर्माण को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके। भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघए दक्षिण.पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहाँ भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की हैए जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने श्मित्र.तटीयकरणश् की अवधारणा को भी जन्म दिया हैए जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहाँ से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैंए तो टैरिफके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्तए भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता हैए तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी.20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिएए क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगीए जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ हीए निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा ताकि उनकी कार्यशील पूंजी अवरुद्ध न हो। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैंए और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

अंततःए ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती हैए बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता हैए तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहाँ उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीलीए विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम.पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ.साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## जगमगाते महानगरों के भीतर पनपती खामोश महामारी

**[ सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते लोग, भीतर से दरकते रिश्ते ]**

**[ महानगरः अवसरों की भूमि या संवेदनाओं का सूखा मैदान? ]**

पहले शहरों को उम्मीदों की फैक्ट्री कहा जाता था। यहाँ रोशनी कभी बुझती नहीं, सपने थकते नहीं और भीड़ ठहरती नहीं। फिर भी इस अनवरत चहल-पहल के बीच एक गहरी खामोशी जन्म ले रही है। 1.4 अरब लोगों के देश में, जहाँ हर प्लेटफॉर्म, हर चौराहा, हर बाज़ार भीड़ से अटा है, वहीं दिलों के भीतर सूनापन फैलता जा रहा है। ऊँची इमारतों की जगमगाती खिड़कियाँ बताती हैं कि लोग मौजूद हैं, पर मौजूदगी और अपनापन अलग बातें हैं। शहरों ने हमें कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा किया, मगर दिलों के बीच फासले बढ़ा दिए। यही फासला अब महामारी की तरह फैल रहा है। सर्वे बताते हैं कि 61 प्रतिशत भारतीय अकेलापन महसूस करते हैं, और युवाओं में यह दर सबसे अधिक है।

अकेलापन अब केवल निजी कमजोरी नहीं, हमारी सामाजिक बनावट की दरार है। महानगरों की दौड़ ऐसी है कि रिश्ते रास्ते में छूट जाते हैं। सुबह की सिटी बस या मेट्रो में सैकड़ों चेहरे साथ चलते हैं, पर कोई नज़र किसी पर ठहरती नहीं। सोशल मीडिया पर हजारों फॉलोअर्स जुड़ते हैं, पर कठिन समय में सहारा देने वाला हाथ नहीं मिलता। डिजिटल जुड़ाव ने संवाद का आभास रचा, मगर उसकी संवेदना छीन ली। इमोजी हँसते हैं, पर असली मुस्कान की गर्माहट गायब है। यह बनावटी निकटता भीतर के शून्य को और गहरा करती है—मानो भीड़ के बीच खड़ा व्यक्ति अपने ही अस्तित्व से दूर हो गया हो। आज का शहर प्रतिस्पर्धा की प्रयोगशाला बन गया है, जहाँ हर व्यक्ति खुद को साबित करने की दौड़ में सांस ले रहा है। नौकरी की अस्थिरता, बढ़ती महँगाई, किराए का बोझ और करियर की अनिश्चितता मन पर अदृश्य दबाव बनाते हैं। आर्थिक सुरक्षा की खोज में लोग भावनात्मक सहारे से समझौता कर बैठते हैं। रिश्ते समय चाहते हैं, और समय सबसे महँगी पूँजी हो चुका है। परिवार सिमटते गए, पड़ोसी अपरिचित होते गए, दोस्तियाँ औपचारिकताओं में बदलती गईं। नतीजा यह कि इंसान सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता रहा, पर भीतर की सीढ़ियाँ दरकती रहीं। उपलब्धियों के शोर में दिल की धीमी आवाज़ कहीं खोती चली गई।

भारत जैसे देश में, जहाँ सामूहिकता परंपरा की पहचान रही है, वहाँ भी यह बदलाव साफ दिखता है। कभी आँगन में दादी की कहानियाँ गूँजती थीं, मोहल्ले की चौपालें सजती थीं और त्योहार मिलन का बहाना बनते थे। अब त्योहार इंस्टाग्राम स्टोरी बन गए हैं, परिवार व्हाट्सऐप ग्रुप तक सिमट गया है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल जीवनशैली ने ले ली है। स्वतंत्रता तो बढ़ी है, पर सहारा कम हो गया है। आधुनिकता ने विकल्पों की भरमार दी, मगर उसी ने स्थायित्व छीन लिया। बदलते सामाजिक ढाँचे में व्यक्ति स्वायत्त तो हुआ, पर भीतर से और अधिक अकेला। यही विरोधाभास शहरों की गहरी त्रासदी बन चुका है। रोज़गार और बेहतर भविष्य की तलाश में लाखों लोग अपने कस्बों और गाँवों से दूर आ बसे हैं। इस बदलाव ने अवसर तो दिए, पर पहचान की मिट्टी छीन ली। नए शहर में सब कुछ नया होता है—भाषा की लय, व्यवहार की शैली, जीवन की रफ्तार। व्यक्ति रोज़ाना अनुकूलन करता है, पर भीतर कहीं जड़ों की तलाश बनी रहती है। त्योहारों पर घर न पहुँच पाने की कसक, अपनों की आवाज़ से दूरी और साझा स्मृतियों का अभाव मन को अनकहा बोझ दे जाता है। नए संबंध बनते हैं, पर पुराने जैसा सहज भरोसा नहीं पनपता। यह विस्थापन बाहर से उपलब्धि लगता है, भीतर से रिक्तता का कारण बन जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य के आँकड़े इस सच को और तीखा कर देते हैं। अवसाद, चिंता और अनिद्रा की समस्याएँ तेज़ी से फैल रही हैं। विडंबना यह कि भीड़ से भरे शहरों में भी लोग अपनी पीड़ा चुपचाप ढोते हैं; मदद माँगना अब भी कमजोरी माना जाता है। सफलता की चमक के पीछे संघर्ष की छाया दिखती नहीं। कॉर्पोरेट दफ्तरों की जगमग इमारतों में बैठे अनेक लोग भीतर से दरके होते हैं। वे पेशेवर मुस्कान ओढ़े रहते हैं, पर निजी जीवन में संवाद का अभाव झेलते हैं। समाज ने उपलब्धियों को सराहा, पर भावनात्मक संतुलन को अनदेखा किया। यही असंतुलन अब धीमे-धीमे महामारी का रूप ले चुका है।

शहरों की बनावट भी इस अकेलेपन को गहरा करती है। गेटेड सोसायटी सुरक्षा तो देती हैं, पर ऊँची दीवारें संवाद के रास्ते बंद कर देती हैं। पड़ोसी वर्षों तक एक-दूसरे का नाम तक नहीं जानते। पार्कों में लोग साथ-साथ चलते हैं, पर अपनी-अपनी दुनिया में गुम रहते हैं। सार्वजनिक स्थल सिमट रहे हैं, और निजी स्क्रीन फैलती जा रही हैं। बच्चे मैदानों से ज्यादा मोबाइल पर समय बिताते हैं। बुजुर्ग अपार्टमेंट की बालकनी से नीचे झाँकते हैं, पर बातचीत का अवसर दुर्लभ है। भौतिक विकास ने सुविधाएँ बढ़ाई, पर मानवीय स्पर्श घटा दिया। यही स्पर्शहीनता दिलों को भीतर से बंजर बना रही है।

फिर भी इस अँधेरे में आशा की लौ टिमटिमा रही है। कई शहरों में सामुदायिक पहलें जन्म ले रही हैं, जहाँ लोग पुस्तक क्लबों, कला कार्यशालाओं और सामाजिक समूहों के जरिये फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद शुरू हुआ है। नई पीढ़ी अपनी भावनाएँ व्यक्त करने में पहले से अधिक निर्भीक दिखती है। कार्यस्थलों पर वेलनेस कार्यक्रम और लचीले समय की अवधारणा भी जगह बना रही है। यह संकेत है कि समाज समस्या को पहचानने लगा है। और पहचान ही समाधान की पहली सीढ़ी होती है। जब हम स्वीकारते हैं कि अकेलापन सच है, तभी उससे लड़ने की दिशा में ठोस कदम उठते हैं। अंततः प्रश्न यह नहीं कि शहरों में कितने लोग बसते हैं, बल्कि यह कि कितने दिल सचमुच जुड़े हैं। 1.4 अरब की आबादी में भी यदि व्यक्ति खुद को अनसुना पाए, तो कमी संख्या में नहीं, संवेदना में है। हमें संवाद की संस्कृति को फिर से सांस देनी होगी। रिश्तों में वही निवेश करना होगा, जो हम करियर में करते हैं। पड़ोसी से परिचय, मित्र से बेझिझक बात, परिवार के साथ बिताया समय—ये छोटे कदम बड़े बदलाव की नींव बन सकते हैं। शहर तब सचमुच जीवंत होंगे, जब उनमें रहने वाले लोग एक-दूसरे की धड़कन सुन सकेंगे। भीड़ के बीच भी अपनापन संभव है—बस हमें ठहरकर किसी का हाथ थामने का साहस जुटाना होगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# बंगाल में 'दीदी बनाम मोदी' की सीधी जंग, तमिलनाडु में द्रविड़ किले पर 'विजय' फैक्टर की दस्तक

देश की सियासत एक बार फिर दो बड़े गैर-भाजपा शासित राज्यों,पश्चिम बंगाल और तमिलनाडुकी ओर टिकी है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की आहट तेज हो चुकी है और राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है। एक ओर बंगाल में 'दीदी बनाम मोदी' की सीधी लड़ाई आकार ले रही है, तो दूसरी ओर तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति के पारंपरिक द्वंद्व के बीच अभिनेता विजय की एंट्री ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। इन दोनों राज्यों के चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति की दिशा तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों पर भी गहरा असर डाल सकते हैं। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डेढ़ दशक से सत्ता में हैं। 34 साल तक चले वाम शासन के 'लाल किले' को भेदकर सत्ता में आई ममता आज भी आक्रामक तेवर में नजर आती हैं। उनके लिए महिला मतदाता, अल्पसंख्यक समर्थन, सामाजिक योजनाएं और मजबूत बूथ कैडर चुनावी आधार की धुरी हैं। लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और महिला वोट बैंक में गहरी पैठ बनाई है। इसके साथ ही ममता की सड़क पर उतरकर संघर्ष करने वाली छवि पार्टी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरती है। हाल के महीनों में भर्ती घोटाले, मंत्रियों की गिरफ्तारी, हजारों नियुक्तियों के रद्द होने और कुछ चर्चित घटनाओं ने सरकार की छवि पर सवाल जरूर खड़े किए हैं, लेकिन ममता इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए सीधे मुकाबले की रणनीति अपना रही हैं।

दूसरी ओर, भाजपा ने बंगाल में पिछले चुनाव में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की थी। 2021 के चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतकर खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित किया। भाजपा की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे, 'डबल इंजन' सरकार के वादे और संगठित बूथ प्रबंधन पर टिकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय नेताओं के दौरे लगातार बढ़ रहे हैं। पार्टी घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और कानून-व्यवस्था को मुख्य मुद्दा बना रही है। फिर भी भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य स्तर पर ममता के कद का सर्वमान्य चेहरा खड़ा करना है। स्थानीय नेतृत्व की कमी और बंगाली अस्मिता के सवाल पर टीएमसी की आक्रामक राजनीति भाजपा के लिए कठिन परीक्षा बन सकती है।

बंगाल की राजनीति में 'सड़क की ताकत' को निर्णायक माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जो सड़क पर दिखता है, वही चुनावी धारणा गढ़ता है। फिलहाल ममता की सक्रियता और संगठन की जमीनी मौजूदगी उन्हें बढ़त देती दिखती है, लेकिन भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है और पार्टी अपने समर्थकों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश में है कि सत्ता परिवर्तन संभव है। वाम दल और कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि विपक्षी वोटों का बिखराव होता है तो इसका सीधा लाभ टीएमसी को मिल सकता है।

तमिलनाडु की तस्वीर अलग है, लेकिन उतनी ही रोचक। यहां पांच दशकों से द्रविड़ दलों का वर्चस्व कायम है। मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और विपक्षी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच रहा है। 2021 में डीएमके ने बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी की थी। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन सामाजिक कल्याण योजनाओं, क्षेत्रीय अस्मिता और केंद्र के साथ टकराव की राजनीति को आधार बना रहे हैं। हिंदी थोपने के आरोप और संघीय ढांचे के मुद्दे को भी डीएमके जोर-शोर से उठा रही है।

एआईएडीएमके, जो कभी जे. जयललिता के नेतृत्व में मजबूत धुरी थी, उनके निधन के बाद से आंतरिक खींचतान से जूझ रही है। पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन में है, लेकिन सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। भाजपा राज्य में अपनी स्वतंत्र पहचान मजबूत करना चाहती है और 50 से अधिक सीटों की मांग कर रही है, जबकि एआईएडीएमके सीमित साझेदारी के पक्ष में है। भाजपा की कोशिश एआईएडीएमके से अलग हुए नेताओं को फिर से साथ लाकर व्यापक एनडीए खड़ा करने की है।

तमिलनाडु की राजनीति में इस बार सबसे बड़ा नया फैक्टर अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) है। युवाओं और दक्षिण तमिलनाडु में विजय की लोकप्रियता ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाने की संभावना बढ़ा दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि टीवीके 10-15 प्रतिशत वोट भी हासिल करती है तो यह पारंपरिक समीकरणों को बदल सकता है। विजय खुद को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं। उन्होंने डीएमके और भाजपा दोनों से दूरी बनाकर तीसरे मोर्चे की संभावना खुली रखी है।

कांग्रेस इस राज्य में डीएमके के साथ गठबंधन में है और अधिक सीटों की मांग कर रही है, लेकिन अंतिम फैसला सीट शेयरिंग वार्ता पर निर्भर करेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए तमिलनाडु में विस्तार की चुनौती बरकरार है, क्योंकि यहां राष्ट्रीय दलों की भूमिका अब तक सीमित रही है।

दोनों राज्यों में एक समान तत्व है।पहचान की राजनीति और कल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव। बंगाल में जहां महिला और अल्पसंख्यक वोट निर्णायक माने जाते हैं, वहीं तमिलनाडु में सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्रीय गर्व का मुद्दा अहम है। भाजपा इन दोनों राज्यों में अपनी जड़ें गहरी करने की कोशिश में है, लेकिन उसे स्थानीय भावनाओं और मजबूत क्षेत्रीय नेतृत्व की दीवार से जूझना पड़ रहा है।

आगामी चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन या पुनरावृत्ति का प्रश्न नहीं हैं। यह क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय राजनीति की परीक्षा भी है। बंगाल में यदि ममता फिर जीतती हैं तो उनका कद राष्ट्रीय विपक्ष की धुरी के रूप में और मजबूत होगा। वहीं भाजपा यदि सीटों में बड़ी बढ़त दर्ज करती है तो पूर्वी भारत में उसका विस्तार नया अध्याय लिखेगा। तमिलनाडु में डीएमके की वापसी द्रविड़ मॉडल की पुष्टि मानी जाएगी, जबकि एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन की सफलता दक्षिण भारत में भाजपा की संभावनाओं को नई ऊर्जा दे सकती है। और यदि विजय की पार्टी उल्लेखनीय प्रदर्शन करती है, तो यह राज्य की राजनीति में स्थायी बदलाव की शुरुआत हो सकती है। इस तरह 2026 के विधानसभा चुनाव बंगाल और तमिलनाडु में केवल सरकार चुनने का अवसर नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा तय करने की निर्णायक घड़ी बनते जा रहे हैं। देश की निगाहें अब इन दो राज्यों पर टिकी हैं, जहां हर रैली, हर बयान और हर गठबंधन भविष्य की राजनीति की पटकथा लिख रहा है।फिर भी कयास लगाए जा रहे है कि मतदाता जंगलराज से परेशान है ओर इसकी तैयारी कर चुकी भाजपा जीत का दावा कर परिवर्तन की पूर्ण सम्भावना बताई जा रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर डीएम सख्त



**देवरिया।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ की उपस्थिति, फॉर्म 6, 7 व 8 की प्रगति तथा विशेष शिविरों में नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं, महिलाओं व दिव्यांगजनों का नाम अनिवार्य रूप से सूची में दर्ज कराने पर जोर दिया। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन और प्रविष्टियों के संशोधन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी करने को कहा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर सूची में नाम जांचें और आवश्यक संशोधन कराएं।

### होली-रमजान को लेकर शांति समिति की बैठकें, अतिरिक्त बल तैनाती के निर्देश



**देवरिया।** आगामी होली और रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के विभिन्न थानों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। बैठकें पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में हुई। कोतवाली, खुखुन्दू, बरहज, मदनपुर, रामपुर कारखाना, एकौना सहित अन्य थानों पर जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और व्यापार मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। जुलूस मार्ग, होलिका दहन व नमाज स्थलों की समीक्षा कर संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### खोड़ारे थाना पुलिस ने 08 अदद खोए हुए मोबाइल बरामद कर आवेदकों को किए सुपुर्द



**मनकापुर, गोण्डा-** थानाध्यक्ष खोड़ारे यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में, जनपद गोण्डा की सर्विलांस टीम की मदद व सी0ई0आई0आर0 ऐप के माध्यम से 08 अदद खोए/गुम हुए मोबाइल फोन अलग-अलग क्षेत्रों से बरामद कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए गए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर आवेदकों ने खुशी व्यक्त करते हुए स्थानीय पुलिस के कार्यों की सराहना की। बरामदगी टीम में उ0नि0 ज्ञानेन्द्र शुक्ला, हे0मो0 रंजिश कुमार यादव तथा का0 हरिश्चन्द्र तिवारी शामिल रहे।

### पीडीए कार्यालय पर युवजन सभा की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**मनकापुर गोण्डा-** विधानसभा गौरा में समाजवादी पार्टी के नेता हफीज़ मलिक के नेतृत्व में उनके पीडीए कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा ओम प्रकाश यादव जी की अध्यक्षता में युवजन सभा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में युवजन सभा के संगठन को और अधिक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव (विधानसभा अध्यक्ष, युवजन सभा), विजय यादव (राष्ट्रीय सचिव, लोहिया वाहिनी), आदित्य यादव (जिला सचिव), राहुल यादव (प्रदेश सचिव, युवजन सभा), बसंत यादव (जिला सचिव) विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा अली हसन, अखिलेश यादव, विनय यादव,शिवा यादव, राजेश, सिराज, जावेद, जाहिद हुसैन ब्लॉक अध्यक्ष, एवं सुनील शर्मा,शिवकुमार शर्मा,मस्त राम शुक्ला,विशाल मौर्या,देवेश यादव, सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में सभी वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता, बूथ स्तर तक मजबूती और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

# चिल्लूपार की अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास जारी - राजेश त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर-** चिल्लूपार के विधायक विधान सभा सत्र के दौरान अलग-अलग विभागीय मंत्री गण से मिलकर तथा हाउस में नियमों के तहत बात उठाकर चिल्लूपार क्षेत्र की अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारने का अथक प्रयास जारी रहा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा जी से मिलकर बड़हलगंज, गोला, उरुवा नगर पंचायत में सड़क, पोखरा, नाला, नाली, इंटरलॉकिंग, घाट, कार्यालय, कल्याण मंडपम लाने का मांग पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने आश्वासन भी दिया । इसी क्रम में गोला मुक्तिधाम पर भयंकर गंदगी की समस्या को देखते हुए उसकी सफाई व्यवस्था नगर पंचायत गोला को सौंपने की मांग की । परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह से गोला और उरुवा में बस स्टेशन और गोला चंद चौराहे के पास शीघ्र बस स्टाप बनवाने की मांग रखी जिसे उन्होंने स्वीकार किया ।

खेल-कूद, युवा कल्याण मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव से मिलकर गोला कस्बे में इनडोर स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट और ब्लाक गोला और उरुवा स्तर पर एक-एक मिनी स्टेडियम बनाने की पत्रावली सौंपी, जिस पर उन्होंने आश्वासन भी दिया । उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक जी से मिलकर बड़हलगंज, गोला, उरुवा सी.एच.सी. पर विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध कराने, पोहिला और नेवाइजपार का अस्पताल शुरू कराने और मिश्रौली, उरुवा, छपिया, गोला के जर्जर विल्डिंग की मरम्मत कराने, चारदीवारी लगाने, नयी विल्डिंग बनाने की भी मांग की । उन्होंने भी आश्वासन दिया कि यह सभी कार्य कराये जायेगें । समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मिल कर क्षेत्र मकरंदपुर, चौकड़ी सहित



अन्य गांव में सामुदायिक भवन शीघ्र शुरू कराने और क्षेत्र के अनेक गांवों में डा. अम्बेडकर प्रतिमा का सुंदरीकरण कराने, छतरी लगाने, चारदीवारी बनाने का अनुरोध पत्र सौंपा ।पंचायती राज मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर जी से भेंट कर गोडियाना घाट (गोपालपुर) और नरहन के अंत्येष्टि स्थल पर परिजनों की सुविधा के लिए व्यवस्था कराने का मांगपत्र सौंपा । पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी से मिलकर क्षेत्र के बारानगर कालिका स्थान, समय स्थान पडौली, धवलेश्वर नाथ मंदिर, पार्वती स्थान मोहालजलकर, तपश्वी सभा स्थान बुढनपूरा सहित अनेक धार्मिक स्थलों के सुंदरीकरण का मांग पत्र सौंपा और आश्वासन भी लिया ।

कृषि विपणन, उद्यान मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी से मिलकर बड़हलगंज में बड़ी मंडी और क्षेत्र में अनेक सडकों के निर्माण की मांग की । मत्स्य पालन मंत्री डा. संजय निषाद जी से मिलकर बड़हलगंज, गोला में मछली विक्रेताओं के लिए अलग से मंडी बनाने की मांग की । जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्रदेव सिंह से भेंट कर बगहा, पटना, बल्थर, तीरागांव, गोडियाना घाट पर कटाव रोकने और सरया आछीडीह बांध बनाने के काम में तेजी लाने की मांग की । पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री श्री बृजेश सिंह से मिलकर चिल्लूपार की बनकटा, देवापार, सुअरज, नरायनपुर सहित अनेक सड़कों के नव निर्माण और लखनौरी- मोहन पौहरिया मार्ग सहित अनेक सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग किया है।

## उनवल के एक और मुख्य मार्ग का नगर अध्यक्ष ने करवाया निर्माण

**●मार्ग निर्माण से नगर पंचायत के लोगों में खुशी की लहर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी-** गोरखपुर विकास के पथ पर अग्रसर नगरपंचायत उनवल में आज एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया जिसको नगरपंचायत अध्यक्ष उनवल एड. महेश कुमार दूबे जी द्वारा वार्ड नं 5,7,11 का मुख्य मंगरु भईया के बाउंड्रीवाल के पास से प्रमोद विश्वकर्मा जी के मकान(गाँधी आश्रम)उनवल-बांसगांव मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर सीमेंटेड रोड का निर्माण कार्य का शुभारंभ अगरबत्ती, कपूर जला कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर किया गया। बताते चले कि यह घनी आबादी वाला मार्ग रहा है जो वर्षो से बदहाल पड़ा राहगीरो के लिए हमेशा दर्द देने वाला रहा जिसपर बनी पुलिया,जगह-जगह इस पर बड़े-बड़े गड्ढे रास्ते की उखड़ी गिट्टियां अपनी आप बीती खुद बया करती नजर आ रही थी जिससे हो कर गुजरने वाले हजारो राहगीर बस इसी आस में लगे रहते थे कि कभी कोई जनप्रतिनिधि इसकी भी सुधि लेगा।जिसको सज्ञान में रख नगरपंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दूबे द्वारा आज अगरबत्ती कपूर जला आर.सीसी. रोड का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य से वहाँ की स्थानीय जनता और राहगीरो के चेहरे खुशी से खिले दिखे। उस दौरान वार्ड सभासद श्रीप्रकाश गुप्ता, अज्जू (एजाज खान), मिथिलेश यादव, दिनेश साहनी, पिंकू यादव, दाऊ शर्मा, सर्वेश प्रसाद, अरविंद प्रसाद, राजन पासवान, दयाशंकर गौड़, राधेश्याम यादव सहित अन्य जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

## कैम्पियरगंज में डकैती का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की सख्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कैम्पियरगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डकैती के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त अजय साहनी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार व उनकी टीम ने मु0अ0सं0 470/2025, धारा 310



बीएनएस से संबंधित अभियुक्त को दबोचा।

**क्या है मामला?**

घटना 29 जुलाई 2025 की है। वादी अपनी दोपहिया वाहन से गोरखपुर से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनके पास रखी नकदी और मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कैम्पियरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और अभियुक्त अजय साहनी पुत्र राजू साहनी, निवासी ग्राम भारीवैसी मथुरा नगर-2, थाना फरेन्दा, जिला महाराजगंज को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तारी टीम**

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, उपनिरीक्षक गौरव मिश्रा, उपनिरीक्षक आशीष चौधरी, उपनिरीक्षक अविरल मिश्रा तथा कांस्टेबल रविन्द्र कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। लगातार अभियान चलाकर फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो।

## फोरलेन पार करते समय अज्ञात ट्रेलर ने वृद्ध मजदूर को कुचला, मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां।** गोरखपुर जनपद के रविवार की सुबह सहजनवां थाना चौराहे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक वृद्ध मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 8:30 बजे फोरलेन पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने 60 वर्षीय मजदूर को कुचल दिया और चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना के बाद चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के टिकरिया निवासी वीरेंद्र (60) पुत्र विद्दर रोज की तरह मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। परिवार का भरण-पोषण मजदूरी से ही होता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही वह सहजनवां चौराहे




पर फोरलेन पार कर रहे थे, खलीलाबाद की तरफ से तेज गति से आ रहा एक अज्ञात ट्रेलर उन्हें टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार ट्रेलर और उसके चालक की पहचान की जा सके। मृतक के परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इनमें से एक पुत्र और एक पुत्री की शादी हो चुकी है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सहजनवां चौराहे पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों का खतरा बना रहता है, लेकिन यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से फोरलेन पर स्पीड कंट्रोल और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## पडरौना में 8 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह

**●- दहेज व नशामुक्त समाज के संदेश के साथ 11 कन्याओं का होगा विवाह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना-जटहां रोड स्थित बुढ़िया माई मैरिज लॉन में 8 मार्च को पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान की ओर से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में 11 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी दीप नारायण अग्रवाल और प्रबंधक पप्पू पाण्डेय ने बताया कि यह आयोजन दहेज मुक्त और



नशा मुक्त समाज की स्थापना के उद्देश्य से लगातार छठे वर्ष किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरा आयोजन जनसहयोग से किया जा रहा है और इसमें किसी प्रकार का सरकारी अनुदान नहीं लिया गया है। संस्थान पिछले पांच वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहा है। शुरुआती वर्षों में तीन-तीन कन्याओं का विवाह कराया गया, जबकि पिछले दो वर्षों से 11-11 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। अब तक कुल 31 कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है और इस वर्ष भी 11 कन्याओं के विवाह की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

संस्थान सामाजिक सुधारक राजा राम मोहन राय के आदर्शों से प्रेरित होकर विधवा एवं विधुर पुनर्विवाह को भी बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष के समारोह में एक विधवा महिला और एक विधुर पुरुष का विवाह भी संपन्न कराया जाएगा, जो दोनों परिवारों की सहमति से होगा। संबंधित महिला के पास सात माह की एक बच्ची भी है। इसके अलावा संस्थान की ओर से सामूहिक विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े को लगातार पांच वर्षों तक हर साल 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे नवविवाहित दंपत्तियों को आर्थिक सहयोग मिल सके।

## शिक्षामित्र व अनुदेशकों को 18000 मानदेय 'ऊंट के मुंह में जीरा', सपा ने सरकार पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी (गोरखपुर)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि 18,000 रुपये का मानदेय आज की कमरतोड़ महंगाई में 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से शिक्षामित्र आर्थिक तंगी और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। सपा सरकार के कार्यकाल में सवा लाख से अधिक शिक्षामित्रों को समायोजित कर पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा दिया गया था और लगभग



42 हजार रुपये वेतन निर्धारित किया गया था। लेकिन बाद में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समायोजन रद्द कर दिया गया। प्रहलाद यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी नहीं की, जिसके कारण शिक्षामित्रों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार चाहती तो मंत्रिमंडल में निर्णय लेकर कानून बनाकर अनुभव के आधार पर शिक्षामित्रों को पुनः समायोजित कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल में मानदेय वृद्धि केवल चुनावी कदम है। उनका कहना था कि 26 वर्षों से शिक्षामित्र पूर्णकालिक शिक्षकों की तरह जिम्मेदारी निभा रहे हैं, ऐसे में 18 हजार रुपये का मानदेय उनके साथ न्याय नहीं है। सपा नेता ने कहा कि यदि आगामी चुनाव में जनता ने सपा को अवसर दिया तो शिक्षामित्रों को पुनः पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा देकर समायोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान सपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सरकार की नीतियों की आलोचना की गई और शिक्षामित्रों के हित में ठोस निर्णय लेने की मांग की।

## सोनांचल कप 2026 रोमांचक आगाज, टू ब्रदर्स वोट्रेक्स ने चोपन को हराकर जीत के साथ किया श्रीगणेश

**●मुख्य अतिथि ओबरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक ई. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह**

**चांदी के सिक्के से हुआ टॉस, चोपन ने चुनी गेंदबाजी**

**शिवम यादव को मैन ऑफ द मैच**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा, सोनभद्र –** ओबरा जनपद के ऐतिहासिक गांधी मैदान में खेल प्रेमियों का बहुप्रतीक्षित इंतजार रविवार को समाप्त हुआ। नाइन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सोनांचल कप के 23वें संस्करण का भव्य और रंगारंग आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगाड़ों की गूँज और नाइन स्टार क्रिकेट क्लब के पूर्व कप्तान स्व. राजेश यादव जी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ओबरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक ई. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान संरक्षक अधीक्षण अभियंता ई. अजय कुमार राय, ई. दिवाकर स्वरूप और समाजसेवी अरुण प्रजापति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

उद्घाटन मुकाबले में चोपन और टू ब्रदर्स वोट्रेक्स की टीमें आमने-सामने थीं। चोपन के कप्तान विनीत पांडेय ने टॉस जीता, जिसके लिए श्री सरस्वती आभूषण भंडार के प्रो. आदित्य वर्मा द्वारा विशेष रूप से चांदी का सिक्का भेंट किया गया। चोपन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टू ब्रदर्स वोट्रेक्स की टीम 19.4 ओवर में 107 रनों पर सिमट गई। रौनक ने सर्वाधिक 23 रन (34 गेंद) बनाए। चोपन की ओर से ऋषि और राजू पांडेय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके। 108 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी चोपन की टीम वोट्रेक्स की धारदार गेंदबाजी के आगे नतमस्तक नजर आई। पूरी टीम महज 83 रनों पर ढेर हो गई। वोट्रेक्स ने यह मुकाबला 24 रनों से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। गेंदबाजी में शिवम यादव ने 21 रन देकर 3 और आनंद ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए शिवम यादव को जिला फुटबॉल संघ सोनभद्र के अध्यक्ष दलबीर सिंह और समाजसेवी अरुण प्रजापति ने मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान की। मैच के सफल संचालन में संकट मोचन झा और राजू यादव ने उद्घोषक (कॉमेंटेटर) की भूमिका निभाई, जबकि प्रदीप शर्मा और सोनू राय ने निर्णायक (अंपायर) का दायित्व निभाया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व प्रतिनिधि रमेश सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवनाथ जैसवाल, सोनांचल कप के अध्यक्ष रमेश वैश्य और मुख्य संरक्षक रमेश कुमार सिंह सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे। अगला मुकाबला सोमवार, 23 फरवरी को आगरा बनाम बलिया के बीच खेला जाएगा।

## अग्निकांड से दहला बहुवन मदार माँझा: दो गोवंशों की जलकर मौत, सात गंभीर; अधिकारियों ने लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**परसपुर (गोण्डा)-** परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बहुवन मदार माँझा के मजरा ठेकेदारन पुरवा में शनिवार शाम लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई है। अज्ञात कारणों से भड़की इस आग में नौ मवेशी बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।शाम सात बजे मचा कोहराममिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7 बजे जब गांव में लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे, तभी नंद लाल यादव के घर और पशुशाला से आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ते, तब तक



पशुशाला में बंधे जानवर आग की चपेट में आ चुके थे।इस अग्निकांड में एक गाय और एक बछिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सात अन्य पशु गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पीड़ित नंद लाल यादव के अनुसार, इस घटना में उनका लगभग 8 लाख रुपये का माल और पशुधन स्वाहा हो गया है।

**उच्च अधिकारियों ने दिया मदद का भरोसा**

घटना की गंभीरता को देखते हुए रविवार सुबह तहसील और ब्लॉक स्तर के उच्च अधिकारियों ने गांव का दौरा किया। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। निरीक्षण व राहतः अधिकारियों ने राजस्व टीम (लेखपाल) को तत्काल नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।चिकित्सा सहायताः पशु चिकित्सा विभाग की टीम को मौके पर भेजकर घायल सात जानवरों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई गई है। आश्वासनः मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पीड़ित को आश्वस्त किया कि सरकारी प्रावधानों के तहत उन्हें अहेतुक सहायता और उचित मुआवजा जल्द से जल्द दिलाया जाएगा ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।गांव में शोक का माहौल इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित गरीब किसान को तत्काल आर्थिक मदद प्रदान की जाए, क्योंकि उसका आजीविका का मुख्य साधन ये पशु ही थे।

## ग्राम विकास कार्य में अनियमितता की शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम विकास कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। सांगीपुर विकासखण्ड के नसीरपुर गांव के रणजीत सिंह, राहुल सिंह, राजकुमार यादव, हरिप्रताप सिंह आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव में सामुदायिक शौचालय समेत अन्य कई जगहों पर लगे इण्डिया मार्का हैण्डपम्प को बिना रिबोर कराए ही पैसा निकाल लिया गया है। ग्रामीणों ने शिकायत की जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

## जुआ के फड़ पर पुलिस का छापा, 11 जुआरी गिरफ्तार

**●तीन लाख रुपये से अधिक नगदी बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**उरई(जालौन)-** अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के दिशा निर्देश पर कोतवाली उरई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने 11 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3 लाख 5 हजार रुपये नगदी बरामद की है। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई शनिवार देर शाम कोतवाली उरई पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि वेदप्रकाश पुत्र राजेन्द्र कुमार दीक्षित निवासी कैथा वाली गली मोहल्ला राजेन्द्र नगर उरई अपने आवास पर कुछ व्यक्तियों के साथ जुआ खेल रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही कोतवाली उरई पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही वहाँ अफरा-तफरी मच गई लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करते हुए सभी जुआरियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने जब मौके पर मालफड़ और जुआरियों की जामातलाशी ली तो उनके पास से कुल 3 लाख 5 हजार नगदी सहित 52 ताश के पत्ते तथा 3 ताश की गड्डियाँ बरामद की गईं।

जुआरियों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में वेदप्रकाश सहित 11 लोग शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ कोतवाली उरई में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध शराब, जुआ और सट्टे की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें


### जबरन शादी तय किए जाने से बालिग़ युवती पहुंची थाने

**सिंगाही पुलिस ने प्रेमी को बुलाकर दोनों के दर्ज कियें बयान**




**सिंगाही-खीरी।** परिजनों द्वारा जबरन शादी तय किए जाने से आहत एक बालिग युवती ने थाना पहुंचकर अपनी मन पसंद शादी करने की इच्छा जाहिर की। पुलिस ने युवती के प्रेमी को बुलाकर दोनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी नंदिनी पुत्री राधेश्याम का गांव के ही शोभित यादव से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों के संबंधों की जानकारी जब युवती के पिता राधेश्याम को हुई तो उन्होंने बेटी की इच्छा जाने बिना ही उसकी शादी तय करने के लिए रिश्ते तलाशने शुरू कर दिए। इससे आहत होकर बालिग युवती शनिवार को सिंगाही स्थित थाने पहुंची और अपने प्रेमी के साथ दांपत्य जीवन जीने की इच्छा पुलिस के समक्ष व्यक्त की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती के प्रेमी शोभित यादव को थाने बुलाया और दोनों के अलग-अलग बयान दर्ज किए। सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बालिग हैं और मामले में कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि युवती की सुरक्षा और उसकी इच्छा का सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा।

### क्योलडिया में सात साल के मोहम्मद अरहान ने रखा पहला रोजा की इबादत



**बरेली/क्योलडिया।** रहमतों बरकतों का पाक महीना माहे रमजान शुरू होते ही बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला है क्योलडिया कस्बे में सात साल के बच्चे ने पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की है कस्बे के रहने वाले मोहम्मद फुरकान एडवोकेट के 7 साल के पुत्र मोहम्मद अरहान ने अपने मां-बाप के साथ रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की उनके रोजा इफ्तार पर उसने परिवार के साथ रोजा खोला इस दौरान मोहम्मद फुरकान एडवोकेट नाजरीन अंसारी अनमअंसारी अजरा अंसारी मोहम्मद हसन अंसारी अलशिफा अंसारी मोहम्मद उबेश अंसारी मोहम्मद हारुन अंसारी आदि लोगों ने मुबारकबाद दी।

### न्याय समागम-2026' : भदोही में वृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**भदोही।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के तत्वाधान में 'न्याय समागम-2026' के अंतर्गत वृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तथा पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुणिमा पांडेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में राजस्व, समाज कल्याण, श्रम, महिला एवं बाल विकास, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने काउंटर स्थापित किए गए थे। इस अवसर पर निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित समाज के वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों ने आमजन को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली और निःशुल्क परामर्श का लाभ उठाया। 'न्याय समागम-2026' का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जिससे सभी वर्गों को समान अवसर और न्याय सुलभ हो सके।

# विशेष अभियान में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का औचक निरीक्षण, ,बूथ पर पहुंचकर खुद परखी हकीकत

**● मतदान स्थलों का लिया जाएजा बीएलओ से जानी प्रगति, दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खीरी, 22 फरवरी।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने की मुहिम ने रविवार को जिले भर में रफ्तार पकड़ ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित 'विशेष अभियान दिवस' में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर बूथों का औचक निरीक्षण किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय ईदगाह (भाग संख्या 205-209) और संविलियन विद्यालय छाउछ (भाग संख्या 19-25) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क पर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राप्त फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज और निस्तारण की स्थिति को स्वयं देखा। डीएम ने बीएलओ से दो टूक कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने अभियान की प्रगति पूछते हुए बीएलओ को सक्रिय संपर्क, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर खास जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी संवाद करते हुए बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें या 1श्हृद्गह्य.द्ध्र्द्ध.द्दश1.द्धठ्ठ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जबकि त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की।

**डीईओ के निर्देश पर ईआरओ भ्रमणशील, पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ने पर जोर**

विशेष अभियान तिथि पर जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ईआरओ ने निर्देशित किया कि विशेष अभियान के दौरान आने वाले प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। अधिकारियों ने बीएलओ से संवाद कर प्रगति की जानकारी ली तथा अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रियता से कार्य करने पर बल दिया।

## शिवोत्सव मानना विधायक की अच्छी पहल, लेकिन विधानसभा क्षेत्र में काम ना होने से लोगों में नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** विगत वर्ष 22 फरवरी के दिन सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिव कॉरिडोर का शिलान्यास किये जाने के उपरांत एक साल पूरे होने पर विधायक अमन गिरी ने वर्षगांठ के अवसर पर छोटी काशी शिवोत्सव के रूप में पालकी यात्रा व शाम की बेला में भजन संध्या के रूप में मनाया गया जिसकी नगर में काफी चर्चा है।

नगर के अधिकांश नागरिकों का कहना है कि यह एक अच्छी पहल है इसका सभी सम्मान करते हैं। लेकिन गोला विधानसभा की जनता के शिवोत्सव मानना विधायक की अच्छी पहल, लेकिन विधानसभा क्षेत्र में काम ना होने से लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि छोटी काशी शिवोत्सव मानने के साथ-साथ अगर क्षेत्र में भी विकास हो जाता तो अच्छा रहता। लेकिन विधायक ने क्षेत्र में ना तो कोई काम किया है और न ही जनता से रूबरू होना बताया जाता हैं। इसके परिणाम स्वरूप जनता का विश्वास उठता हुआ नजर आ रहा है। इसके परिणाम स्वरूप आगामी प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जनता में असमंजस का विधान बनता नजर आ रहा है। जो कि भाजपा को भारी नुकसान होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

लोगों में चर्चा है कि पूर्व विधायक स्वर्गीय अरविंद गिरी अपने आसपास रहने वालों की सुनते थे लेकिन लेकिन कोई भी मामला का निर्णय स्वयं लेते थे। जबकि पूर्व विधायक के स्वर्गवास होने पर विधायक पुत्र होने के नाते सहन भूत दिखाते हुए भारी मतों से विजई बनाया था। लेकिन वर्तमान विधायक अपने आसपास के समर्थकों के गलत निर्णय के कारण विधायक को गुमराह कर किसी भी मामले का एक पक्षी निर्णय लेने को प्रोत्साहित करते हैं। जिसके कारण जनता विधायक पर जनता का अविश्वास बढ़ाने की चर्चा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में होना स्वाभाविक है।

### बूथ संख्या 200 पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**टूण्डला-** 22 फरवरी दिन रविवार केंद्र एवं प्रदेश संगठन की अपेक्षानुसार टूण्डला विधानसभा के बूथ संख्या 200 पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुनीष चौहान के आवास पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 131 वाँ संस्करण सुना। जिले के सभी वर्तमान व निवर्तमान जनप्रतिनिध, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला व मोर्चो के जिला पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के जिला संयोजक व सह संयोजक, सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्रभारी, मंडलों के पदाधिकारी, मंडलों के मोर्चो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी, सभी 1248 बूथ अध्यक्ष व बूथ की कार्यकारिणी अपने बूथ पर रहकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मनप्रीत सिंह किर, वंश प्रताप सिंह, शोभा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबादः-** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा आयोजित मेगा वृहद विधिक सेवा सहायता शिविर का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में भव्यता से आयोजित किया गया। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर जिला न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग ने उन्हें पटका पहनाकर एवं पर्यावरण प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

डॉ बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश फिरोजाबाद ने अश्वनी कुमार जैन को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने जिला न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीडीओ शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक एस पी सिंह, बीएसए आशीष कुमार पांडेय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद योगेश शिवा, चेतेन्द्र प्रताप सिंह, विनीता, शिव कान्त पलिया, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, रीमा यादव, प्रवीन पांडेय, संजय यादव लालई, सोनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्या के निधन पर शोक जताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** डी0 ए0 वी 0कालीचन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली की पूर्व उपाध्यक्ष एवं आर्य पुत्री इंटर कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डाक्टर मिथलेश भदौरिया का 15 फरवरी को हुए आक्समिक निधन हो गया। उनको श्रद्धांजलि देते हुए शोक सभा आयोजित की गई, इस दौरान परिषद के प्रांतीय संयोजक डा सुरेश चंद्र रस्तोगी, प्रांतीय महा मंत्री डाक्टर मनोज कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष डाक्टर संदीप इंदवार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डाक्टर रण विजय यादव, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य शरद कांत शर्मा, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या डाक्टर चन्द्रा मिश्रा, गुलाब राय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डा0 एस0 पी0 पांडेय, डी0 ए0 वी0 कालीचरन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय यादव।




परिषद के जिला अध्यक्ष डा लाखन सिंह यादव, जिला मंत्री डाक्टर अजीत सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष चमन जहां, सैयद जाकिर अली, जिला संगठन मंत्री विवेक मोहन सिंह, परमेश्वर दयाल, तुलसी दास किला चंद इंटर कॉलेज फतेहगंज के प्रधानाचार्य डॉ एस0 पी0 सक्सेना, भारत सेवक समाज इण्टर कालेज राजौरी नवादा के प्रधानाचार्य डॉक्टर के एस मिश्रा, आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज गोपालपुर अजीजपुर के प्रधानाचार्य सत्यवीर आर्य तथा आयोजक विद्यालय के शिक्षक नीरज कुमार वर्मा, लता सत्यपाल, हेमलता शर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्मा को शांति की प्रार्थना कर उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### रमजान व होलिकोत्सव त्यौहार के द्रस्टिगत गोला नगर मे की गई पैदल गस्त



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग के आदेशानुसार सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह एवं भारी पुलिस बल के साथ बड़ा चौराहा, मोहम्मदी रोड,सर्राफा मार्केट, विकास चौराहा,सब्जी मंडी,मिल रोड एवं अंबेडकर तिराहा शिवम चौराहा रेलवे स्टेशन रोडवेज बस अड्डा तक पैदल गस्त किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि आगामी होलिकोत्सव के त्यौहार व रमजान के तहत सतर्कता बरती जा रही है।

# बेस कीमती अवैध सागौन कटान पर कार्रवाई ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**● मुखबिर की सूचना पर एसडीएम ने मौके पर पकड़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी!** तहसील क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से एसआईआर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रशासन की इसी व्यस्तता का फायदा उठाने के प्रयास में लकड़ कट्टे और खनन माफिया सक्रिय बताए जा रहे हैं।

शनिवार सुबह राजीव निगम एसआईआर कैंपों का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिंगहा खुर्द गांव में बिना किसी वैध परमिट के इमारती लकड़ी सागौन के करीब दस पेड़ काटे जा रहे हैं। सूचना मिलते ही निघासन एसडीएम राजीव निगम तत्काल मौके पर पहुंचे। एसडीएम की गाड़ी देखते ही ठेकेदार और उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए। मौके पर सागौन के 46 बोटो से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सिंगाही पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। सिंगाही पुलिस ने अवैध कटान से प्राप्त सागौन की इमारती लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सीज करने की कार्रवाई की।

एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में यह सवाल भी उठ रहा है कि बिना परमिट हो रहे कटान की जानकारी समय रहते उत्तर प्रदेश वन विभाग तक क्यों नहीं पहुंची। स्थानीय लोग वन विभाग की भूमिका और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। दक्षिण वन रेंज बेलरायां के प्रभागीय वनाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि निघासन उप जिलाधिकारी के द्वारा पकड़े गये इमारती लकड़ी सागवन का कटान अवैध वन विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। वन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## ग्राम पंचायत हरदुआ :खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद के ग्राम पंचायत हर दुआ में सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे का एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के खलिहान की सुरक्षित भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जबकि स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है।

धीरे-धीरे बदला कब्जे का स्वरूप स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, खलिहान की जमीन पर कब्जे की शुरुआत बेहद योजनाबद्ध तरीके से की गई। सबसे पहले जमीन के एक हिस्से पर अस्थाई कब्जा किया गया। जब प्रशासन या राजस्व विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कब्जेदारों के हौसले बुलंद हो गए। अब उस खलिहान की जगह पर खेती की जा रही है। जिससे भविष्य में इस सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**ग्राम प्रधान और लेखपाल पर मिलीभगत के आरोप**

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की संलिप्तता है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि इस अवैध कब्जे के पीछे गांव के ग्रामप्रधान औरलेखपाल, का हाथ है। आरोप है कि प्रधान के प्रभाव और संरक्षण के चलते ही कब्जा करने वाले लोग बेखौफ होकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को अंजाम दे रहे हैं।

**ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन मौन**

ऐसा बताया जाता है कि खलिहान की जमीन गांव के सामूहिक कार्यों और कृषि गतिविधियों के लिए आरक्षित होती है। इस पर कब्जे से ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि:कई बार मौखिक और लिखित सूचना देने के बावजूद राजस्व टीम मौके पर नहीं पहुंची। प्रशासन की इस ढिलाई से ऐसा प्रतीत होता है जैसे अधिकारियों की मौन सहमति प्राप्त हो। सार्वजनिक भूमि पर अभी भी फासले खड़ी देखी जा रही है।





जिसे तुरंत रोका जाना आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अनुसार, खलिहान, चरागाह या तालाब जैसी सुरक्षित श्रेणियों की भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण अवैध है और इसे ढहाने के साथ-साथ दोषी पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। जिसके बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। क्या प्रशासन इस मामले की शिकायत को उच्च अधिकारियों तक, तहसील पोर्टल या आईजीआरएस) पर भेजने के बाद ही हरकत में आएगा।और अवैध कब्जा धारकों के विरूद्ध कार्रवाई करेगा।

## अंडर-16 स्वर्गीय अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026

**● आयोजकः जिला क्रिकेट एसोसिएशन, लखीमपुर खीरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** आज रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर प्रतियोगिता का लीग मुकाबला ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी एवं ला मार्टिना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ला मार्टिना क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ला मैटिना क्रिकेट अकादमी ने 25 ओवर खेलकर 8 विकेट के नुकसान पे 213 रन बनाए।ला मैटिना क्रिकेट अकादमी की तरफ से सर्वाधिक अथर्व ने 32 रन,धैर्य रावत 31,समर्थ सिंह 22 व आराध्य श्रीवास्तव ने 22 रन बनाए। ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपांशु,अंशदीप,आयुष ने 02.....02 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी 120 रन बनकर ऑल आउट हो गई । ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की ओर से खेलते हुए अंशुमान ने 21 रन श्लोक ने 19 आयुष ने भी 19 रन बनाए ला मैटिना क्रिकेट अकादमी की ओर से ? मिश्रा ने 04 विकेट व समर्थ ने 03 विकेट हासिल किए।

**अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिश्रा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।**

प्रतियोगिता के दौरान, अभिषेक शुक्ला, रामजी कश्यप, श्री अनुपम त्रिपाठी, श्री नरेंद्र शुक्ला, श्री विवेक पूरी, पारिजात त्रिपाठी, रामजी कश्यप, मसीह अहमद नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव, रवि शंकर तिवारी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गोला आंदोलन में भाग लेने नवाबगंज से भारी संख्या में पत्रकार होंगे सम्मिलित अखिलेश उपाध्याय



**बरेली/लखीमपुर** खीरी के गोला तहसील में स्थित एक पत्रकार पर दर्ज की गई रिपोर्ट के विरोध में ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी के आवाहन पर नवाबगंज से भारी संख्या में पत्रकार सम्मिलित होने 23 फरवरी 26 को सुबह रवाना होंगे इस कार्यक्रम के दौरान वहां पर पत्रकारों का भारी हुजूम एकत्रित होता जिसमें अपने साथी की मदद के लिए पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा यह जानकारी ऑल इंडियन प्रेस जनरल लिस्ट एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने यह जानकारी दी है उनके साथ क्यों लड़िया से भी लोग सम्मिलित होंगे।

## ग्रामीण क्षेत्र में मासिक धर्म स्वच्छता पर विशेष शिविर, 550 से अधिक महिलाएं लाभान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** पारस इंडिया द्वारा विकास खंड पचपेड़वा के ग्राम भुसहर फुंगही, जनपद बलरामपुर, उत्तर प्रदेश में दिनांक 21 फरवरी 2026 को ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 550 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

**स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता पर दिया गया विशेष बल**

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने मासिक धर्म के समय व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचाव, सही जानकारी अपनाने तथा सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। संवाद सत्र में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएँ साझा कीं, जिसमें जानकारी की कमी और सामाजिक भ्रांतियाँ सामने आई। संस्था की टीम ने चर्चा के माध्यम से इन भ्रांतियों को दूर किया।

**महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित** शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को संस्था की ओर से मुफ्त सैनिटरी नैपकिन पैड प्रदान किए गए, जिससे वे सुरक्षित एवं स्वच्छ विकल्प अपना सकें।

**बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं रहीं मौजूद**

इस अवसर पर आशा वर्कर उर्मिला, आंगनबाड़ी सहायिका जनक दुलारी, पारस केंद्र संचालक जगतराम, ग्राम प्रधान मेहनकी देवी सहित सुमन, मीना, सीमा, जगरानी, विद्यावती, फूलमती, कमली, आरती, चांदनी, सितारा, करिश्मा, बीनावती, सीता कुमारी, दुर्गावती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

**दूरदराज क्षेत्रों में आज भी जागरूकता की आवश्यकता**

संस्था के प्रतिनिधि श अजय ने बताया कि देश के सुदूर ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में मासिक धर्म से जुड़ा स्वास्थ्य आज भी उपेक्षित विषय है। सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी और स्वच्छता उत्पादों की सीमित उपलब्धता महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। संस्था लगातार जागरूकता अभियान चलाकर जरूरतमंदों तक जानकारी और संसाधन पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संस्था ने 100 से अधिक गांवों में अभियान चलाकर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम तथा स्कूल-कॉलेजों में सैनिटरी वेंडिंग मशीन स्थापित कर जनसमुदाय को शिक्षित करने का प्रयास किया था।



# संक्षिप्त खबरें

## भदोही पुलिस में बड़ा फेरबदल, तीन प्रभारी निरीक्षक बदले

**भदोही।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही, ने तीन प्रभारी निरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक मनोज कुमार को प्रभारी निरीक्षक औराई से हटाकर दुर्गागंज का प्रभार सौंपा गया है। वहीं साइबर क्राइम थाना में तैनात निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी को प्रभारी निरीक्षक औराई बनाया गया है। इसके अलावा निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता को दुर्गागंज से स्थानांतरित कर साइबर क्राइम थाना की जिम्मेदारी दी गई है।

## एसपी के निर्देश पर चला महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान



**भदोही।** 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के अंतर्गत जनपद भदोही में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजार, स्कूल-कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 108 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई और महिला सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए।

## जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु भारतीय किसान मोर्चा ने उपजिलाधिकारी को सौंपा चार सूत्रीय पत्रक



**चुनार, मीरजापुर।** भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना चौबे के नेतृत्व में शनिवार को चुनार तहसील में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को नगर और ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण हेतु चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शकील राईन,अशोक पाल,शरद कुशवाहा,भानु यादव,राजकुमार पाल,अमर नाथ निषाद, नागेन्द्र सिंह,प्रेम शंकर पांडेय,इत्यादि उपस्थित रहे।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बेटी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर FIR, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज



**ग्रेटर नोएडा।** कोर्ट के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी के आपत्तिजनक फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी ने आरोपित की पहचान कर गिरफ्तारी की गुहार लगाते हुए न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। पुलिस ने जांच शुरू की है। मनोज भाटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेटी के कथित फोटो सोशल मीडिया अकाउंट इंडियन स्टोरी से प्रसारित की गई थी। आरोप है कि इससे परिवार की छवि धूमिल करने बदनाम करने का प्रयास किया गया। इन फोटो पर 100 से अधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। इससे पीड़िता, उनके पिता और मुलायम सिंह यादव के स्वजन को मानसिक आघात पहुंचा। यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 151, 356, 356 (3), 354-सी और आईटी एक्ट की धारा 66-ई और 67 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। मामले में न्यायालय से अनुरोध किया गया कि सूरजपुर पुलिस को मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया मामला संज्ञान में है। आरोपित की पहचान के लिए तकनीकी टीम की मदद ली जा रही है।

# विधानसभा-392 भदोही के हरियावं बूथ का डीईओ ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिकाधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने और सूची को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से रविवार को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने अभिमन्यु मांगलिक (पुलिस अधीक्षक भदोही) के साथ विधानसभा-392 भदोही के मतदेय स्थल कंपोजिट स्कूल हरियावं के चार बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विशेष अभियान दिवस पर प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहे।




उनके पास 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा फार्म-6, 6ए, 7 एवं 8 उपलब्ध रहे। मतदाताओं की सहायता के लिए सभी बूथों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं स्वयंसेवकों का सहयोग भी लिया गया।

अभियान का पर्यवेक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों भदोही के अरुण गिरी, ज्ञानपुर के भान सिंह एवं औराई के श्याम मणि त्रिपाठी ने विभिन्न बूथों का भ्रमण कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की कि सभी नागरिक अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना व परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में अंकित नहीं है अथवा जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे फार्म-6 भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। प्रविष्टियों में संशोधन, फोटो अद्यतन या स्थान परिवर्तन के लिए फार्म-8 का उपयोग किया जा सकता है।

# स्वास्थ्य अनमोल धन है- श्रीकांत (आकाश) विश्वकर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

200 साइकिल चालकों ने यात्रा में भाग लिया

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकाली गई विशाल साइकिल यात्रा ने जन जागरूकता की नई मिसाल कायम की । इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया जिनकी सोच और संकल्प ने युवाओं से लेकर समाजसेवियों तक एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर लाई बाजार पड़ाव स्टेशन रोड होते हुए पश्चिम मोहाल डॉक्टर कॉलोनी में जिलॉट्स अकादमी पहुंची। वहां पहुंचने पर जिलॉट्स अकादमी की प्रबंधक रामकुमारी विश्वकर्मा और प्रधानाचार्य श्रीकांत (आकाश) विश्वकर्मा अपने अध्यापक और छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहे और सभी साइकिल चालकों का फूलमाला और तालियों से जोरदार स्वागत किया।

जिलॉट्स अकादमी की प्रबंधक रामकुमारी विश्वकर्मा ने कहा कि महिलाओं के लिए योग व्यायाम शारीरिक मजबूती, हार्मोनल संतुलन, मानसिक शांति और लचीलापन बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों को प्रबंधित करने और तनाव कम करने में मदद करता है। नियमित योग से हड्डियों के स्वास्थ्य, हृदय स्वास्थ्य, पाचन और बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है। जिलॉट्स अकादमी के प्रधानाचार्य श्रीकांत (आकाश) विश्वकर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सब अपने लक्ष्य को पाने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं लेकिन अपने स्वास्थ्य को भूल जाते हैं और फिर बीमार हो जाते हैं। सभी को चाहिए कि अपने जरूरी कामों के साथ सुबह योग व्यायाम करें आसपास के कार्य साइकिल से करें इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है जो खुद स्वस्थ रहकर दूसरों को भी जागरूक कर रहे हैं।

प्रबंधक रामकुमारी विश्वकर्मा और प्रधानाचार्य श्रीकांत (आकाश) विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। सैकड़ों साइकिल चालकों के साथ साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर पश्चिम मोहाल, छोटी चौराहा, अंजही मोहाल, केड़वरिया, भगवतपुर, आनापुर, गेराई के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों



की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए जिलॉट्स अकादमी में इसका समापन हुआ।

साइकिल यात्रा में प्रवीण श्रीवास्तव, ऋषभ पांडेय, राहुल मौर्या, ज्योति कुरील, प्रियंका उपाध्याय, शालिनी गुप्ता, प्रमोद मौर्या, प्रतीक सिंह, यशवीर प्रताप, प्रांजल तिवारी, आर्यन मौर्या, अनमोल दीप सिंह, अंश बरनवाल, ईश्वर कृष्ण उपाध्याय, कृतिका यादव, निष्ठा बरनवाल, राधिका पांडेय, रिमझिम, तेजल यादव, श्रद्धा कौशल ,यश पाल, सत्यम यादव, अध्यात्म गुप्ता, गंगाधर, शिवांश मोदनवाल, अंश मिश्रा, समर गुप्ता, बनारसी बिंद, पंकज सिंह, जगदीश यादव, रितिक कनौजिया, अजहान खान, अश्वनी चौधरी, महमूद आलम, आशीष बिंद, फैज शेख, अजय बिंद, अबू हुरैरा, कमलेश कश्यप, श्याम सुंदर बिंद, ताहा खान, जिगर गुप्ता, अभी कनौजिया, नकीउद्दीन शेख, कृति मौर्या, सुमैया नूर, आयुषी बरनवाल, गोविंद, मुरारी मिश्रा, अनिल मिश्रा, रामराज, मोहन, आरती सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# फर्जी पेमेंट एप से ज्वेलरी ठगी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर थाना गोपीगंज पुलिस ने फर्जी पेमेंट एप के जरिए सर्राफा व्यापारियों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2.81 ग्राम सोने का रवां, 176.08 ग्राम चांदी की सिल्ली तथा 3000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ज्वेलरी दुकानों पर आभूषण खरीदते थे और मोबाइल में फर्जी पेमेंट एप के माध्यम से भुगतान सफल होने का स्क्रीन दिखाकर जेवर लेकर फरार हो जाते थे। बाद में आभूषणों को गलाकर सोने का रवां व चांदी की सिल्ली बनाकर बेच दिया जाता था।

13 दिसंबर 2025 को पाल ज्वेलर्स (स्टेशन रोड, गोपीगंज) से तथा 13 फरवरी 2026 को सीखापुर बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान से इसी तरह ठगी की गई थी। दोनों मामलों में गोपीगंज थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 563/25 व 81/26 धारा 318(4) /316(2)/117(2)/61(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत है। गिरफ्तार आरोपियों में ज्योतिष दुबे (26 वर्ष) निवासी नदिनी थाना विन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर, अजीत कुमार सिंह (24 वर्ष) निवासी मुल्हवां थाना पड़री जनपद मिर्जापुर तथा पवन सेठ (38 वर्ष) निवासी अर्जुनपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पवन सेठ ठगी के आभूषणों को खरीदकर गलाने का काम करता था। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार करते हुए अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं।

फरार आरोपियों में सौरभ मिश्रा निवासी चडैचा थाना जिगना जनपद मिर्जापुर तथा नितिन पाण्डेय निवासी डुगरहा थाना विन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर शामिल हैं,



जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र यादव चौकी प्रभारी नथईपुर एसआई बनारसी यादव, एसआई जय प्रकाश पाण्डेय, मनमोहन, अरविन्द यादव सहित गोपीगंज थाना टीम एवं एसओजी/सर्विलांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार पाण्डेय, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, नागेन्द्र यादव, बृजेश सिंह सूर्यवंशी, राधेश्याम कुशवाहा,हिमांशु सिंह, दीपक यादव, मन्नु सिंह, सुनील पाल, नीरज यादव, गोपाल खरवार, सुनील कन्नौजिया, राघवेन्द्र कुशवाहा व प्रत्युष पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने काशी की सफाई व्यवस्था का किया जमीनी निरीक्षण

» स्थानीय नागरिकों से संवाद, सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन

» सिगरा में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

» वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने प्रातः काल काशी के शिवपुर, सुषमा नगर कॉलोनी, गिलट बाजार, लक्ष्मणपुर एवं रघुवंशी नगर में कई किलोमीटर तक पैदल चलकर प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था एवं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। मंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न गलियों और मुख्य मार्गों का जायजा लिया, जिससे व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में निर्धारित समय पर कचरा उठान सुनिश्चित किया जाए तथा कहीं भी कूड़े का ढेर दिखाई न दे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। मंत्री शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर सफाई व्यवस्था के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें और डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है।इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने सफाई मित्रों से मुलाकात कर उनके कार्य की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सफाई कर्मियों को आवश्यक उपकरण, सुरक्षा सामग्री और सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सुरक्षित और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

इसके पश्चात मंत्री शर्मा ने सिगरा क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा करते हुए कुछ स्थानों पर शेष रह गए इंटरलॉकिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास



कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कार्य के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए निरंतर निरीक्षण एवं जवाबदेही आवश्यक है। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मंत्री ए के शर्मा ने नगर निगम कार्यालय के समीप वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और विकास के साथ-साथ हरित वातावरण भी उतना ही आवश्यक है। बढ़ते शहरीकरण के बीच पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## श्री दुर्गा मंदिर के न्यासी में सौंपा पत्रक



**चुनार, मीरजापुर।** श्री दुर्गामंदिर दुर्गा खोह में मंदिर व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित कराये जाने की मांग के सम्बन्ध में ट्रस्ट की ओर से न्यासी सत्येंद्र कुमार मिश्र ने शनिवार को एक ज्ञापन तहसीलदार ईवेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि 2012 से मंदिर की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु ट्रस्ट की सर्व सम्मति से महंथ की नियुक्ति गई थी जिनके द्वारा ठीक ढंग से किया जा रहा था। बीच में हुए विवाद के संबंध में प्रथम अपर चीफ जुडिसियल मस्जिस्ट्रेट मीरजापुर के यहाँ वाद विचाराधीन है। न्यास की ओर से विवाद की स्थिति को देखते हुए 05 फरवरी 2026 को एसडीएम एवं सीओ चुनार को दिये गये प्रार्थना पत्र पर पारित आदेश स्थानीय पुलिस द्वारा नहीं कराया जा रहा है। उल्लेख है कि वर्तमान समय में कुछ लोगों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित विभिन्न जगहों पर कब्जा कर लिया है। न्यास की ओर से मंदिर को कुर्क कर जिम्मेदार व्यक्तियों की देखरेख में न्यास के साथ मंदिर में पूजन का कार्य कराये जाने और अवांछनीय तत्वों को मंदिर परिसर से हटाये जाने की मांग किया गया है। इस दौरान मुन्ना चौबे,शतीश दुबे,किशन मोदनवाल, शकील राईन इत्यादि उपस्थित रहे।

# खादी ग्रामोद्योग के बैनर तले एक दिवसीय जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** रविवार को पंचायत भवन सीखड़ में खादी ग्रामोद्योग विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया रहें। कार्यक्रम के बारे में सुभाष चन्द्र मंडलीय सहायक निदेशक वाराणसी ने खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने उपस्थिति लोगों से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बताया कि बैंक से लोन स्वीकृत करा कर पीएम ईजीपी के तहत सब्सिडी का लाभ उठाएं।अशोक कुमार सिंह प्राचार्या ग्रामोद्योग प्रौद्योगिकी केंद्र बलिया ने ग्रामोद्योग विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उद्यमी प्रशिक्षण प्राप्त कर के निःशुल्क टूल किट्स प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर लाभ उठाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू कन्नौजिया ने योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से अधिक से अधिक लोग जुड़ कर अपना खुद का स्वरोजगार स्थापित करें। जिला पंचायत सदस्य व स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के संयोजक के के सिंह ने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का सुनहरा अवसर है। उक्त अवसर पर चन्द्रवली यादव,अजय यादव, गणेश सिंह, डबलू मिश्रा गुरु,शुभम पाठक,नीरज सिंह, राजेश मौर्या सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# न्याय समागम'- 2026,वृहद, डीएम, एसपी पूर्णकालिक सचिव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

● 40 विभागों ने लगाई स्टाल प्रदर्शनी,10 विभागों के 100 से अधिक लाभार्थियों को वितरित किया गया टूलकिट,प्रमाण पत्र, डेमो चेक व अन्य

## निर्धन वर्ग, दिव्यांगजनों, बच्चों, स्त्रियों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति व जनजाति आदि के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं का हुआ व्यापक प्रचार प्रसार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** न्याय समागम'- 2026 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के तत्वाधान में कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी,भदोही में आयोजित वृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का माननीय जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे,जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुणिमा पांडेय द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।उपर्युक्त अतिथियों द्वारा विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली गई। निर्धन वर्ग, दिव्यांगजनों, बच्चों, स्त्रियों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति व जनजाति आदि के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। 10 विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को टूलकिट वितरण प्रमाण पत्र चेक आदि वितरित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा माननीय कार्यपालक अध्यक्ष / वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदनोपरान्त आग जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु कतिपय जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागो के अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनायें प्रचलित हैं इन विभागों की लक्षित योजनाओं को प्राधिकरण के उद्देश्य व कर्तव्यों के आधार पर चिन्हित किया गया तथा उक्त मेगा शिविर का हिस्सा बनाया गया। महिला सशक्तिकरण, जनसामान्य, निर्धन बीमा योजनायें असंगठित श्रम विभाग, जल संरक्षण संबंधी योजनायें आदि ऐसी कुछ योजनायें हैं जिन्हें विधिक साक्षरता का भाग बनाते हुये उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल के माध्यम से योजनाओं में लाभार्थियों का चिन्हिकरण व प्रचार-प्रसार किया गया। जिला विकास/खण्ड विकास,समाज कल्याण विभाग ,दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग,महिला एवं बाल कल्याण विभाग,शिक्षा-प्राविधिक शिक्षा, बेशिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, कृषि एवं वानिकी,जलशक्ति विभाग, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग,पंचायतीराज विभाग , बैंक सहायता ऋण योजनायें. लघु कुटीर, शुक्ष्म एवं मध्यम उद्यम विभाग, कौशल विकास विभाग,डेरी विकास विभाग ,पशुपालन विभाग,दुग्ध विभाग,मत्स्य पालन विभाग ,औद्योगिक विभाग ,श्रम कल्याण विभाग बंधुआ मजदूरी के विषय में,पुलिस विभाग विशेष रूप से मानव तस्करी के विषय में, युवा कल्याण विभाग, राजस्व विभाग,संस्कृति विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, ग्रामीण विकास विभाग , चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,परिवहन विभाग ,आवास एवं नगर विकास विभाग, बीमा जीवन, पशु एवं फसल बीमा,किसानों के मध्य उन्नत खेती के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था, औषधीय एवं सुगंध पादपअनुसंधान केन्द्र,महिला एवं बाल कल्याण विभाग तथा गरीब महिलाओं के मध्य रोनेटरी नैपकीन वितरण करने वाली स्वयं सेवी संस्था,वन विभाग, डाक विभाग। राजकीय औद्योगिक एवं तकनीकी संस्थान (आई0टी0आई0), जिला नगरीय विकास अधिकरण डूडा, नगर पालिका परिषद ,नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अधिकरण (नेडा), खनन विभाग,कृषि उत्पादन मण्डी समिति,विद्युत वितरण विभाग,जिला प्रोबेशन अधिकारी,खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग, अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों का चिन्हिकरण व प्रचार-प्रसार किया गया।

प्रथम चरण में में उल्लखित विभागों की प्रशासनिक व कार्यकारी योजनायें, जो निर्वल वर्ग, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण हेतु हैं, को चिन्हित कर उक्त शिविर का अंग बनाया गया एवं संबंधित शासकीय विभाग से सामन्जस्य व समन्वय स्थापित कर उस विभाग के एक या एक से अधिक विशेषज्ञों को चिन्हित किया गया, जिनका उपयोग उन जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी देने तथा जिला प्रशासन के सामन्जस्य व समन्वय से मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिये किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रथम चरण में ब्लाकों के जनप्रतिनिधियों यथा ग्राम प्रधान व स्वयंसेवी संस्थाओं से सामन्जस्य एवं समन्वय स्थापित्त कर जनोपयोगी योजनाओं के लाभार्थियों के चिन्हीकरण के उपरान्त योजना के लाभ की प्रारम्भिक प्रक्रिया पूर्ण किया गया।इस कार्य हेतु लघु विकेन्द्रीकृत विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। समिति की कार्यप्रणाली इस प्रकार है कि समिति द्वारा नियमों/ नीतियों का निर्धारण सामूहिक रूप से किया गया किन्तु उनके कियान्चयन के लिये कार्य वितरण सदस्यों के मध्य किया जाये जिससे निष्पादित कार्य में गुणात्मक वृद्धि हो। इस प्रथम चरण की समस्त प्रक्रियाओं की समय-समय पर नियत तिथि से पूर्व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी समीक्षा की गई।

द्वितीय चरण में मेगा/ बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का संचालन व कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया, जो समस्त विभागों की निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार कर जिज्ञासाओं की जानकारी दी गई। जिला प्राधिकरण द्वारा समस्त प्रतिभागियों हेतु लाभार्थियों को उन्हें प्रदान किये जाने वाले लाभ की सूचना व उपकरणों के वितरण संबंधी कार्य भी सम्पन्न हुआ। स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का भी आयोजन किया गाया।

तृतीय चरण में जिला प्राधिकरण द्वारा वंचित रह गये लाभार्थियों के अवशेष कार्य पूर्ण किये गये ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्पादित किये जा रहे विधिक साक्षरता कार्यकमों, दायित्वों एवं कर्तव्यों से संबंधित कार्यो का मूल्यांकन कर, इन कार्यो को संस्था के रूप में सतत् रूप से आगे बढ़ाते हुये समाज के निर्बल वर्गो को पात्रता के आधार पर विधिक लाभ संस्थागत रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में तरुणिमा पाण्डेय पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,पुष्पा सिंह अपर जिला जज प्रथम /नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, आनन्द मिश्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोकेश मिश्रा अपर जिला जज पॉक्सो, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल,अन्य न्यायाधीश गण, अधिकारीगण बड़ी संख्या में जनपदवासी उपस्थित रहे।

# मुख्यालय से 500 मीटर की दूरी पर चल रहा अवैध पैथालाजी प्रशासन बेखबर

**मीरजापुर।** स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ आफिस व जिलाधिकारी कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी रमईपट्टी व तरकापुर मजिस्जद के नीचे बन्द कमरे से अवैध पैथालांजी का संचालन कर मोटी कमाई की जा रही है। रमईपट्टी स्थित बैजू मिठाई की दुकान के सामने यूनिक पैथालाजी का संचालन किया जा रहा है जिसका रजिस्टेशन पीछले वर्ष की खत्म हो चुका है। लेकिन उस पैथालाजी का संचालन अभी तक किया जा रहा है। विशेष सूत्रो की माने तो तीन से चार दिन कब पहले सीएमओ आफिस के कुछ अधिकारी व एक उच्चअधिकारी का निजी डाईवर को लेकर पैथलाजी सेन्टर पर पहुंचे थे लेकिन उसको बन्द करने के बजाए निर्देश देकर वापस चले गये ।

यह अपने में एक प्रश्न बना हुआ है कि सील करने के बजाय उसको छोड़कर क्यो चले गये। इसके साथ ही एक तरकापुर में मस्जिद के नीचे व सोफे की दुकान के सामने से बन्द कमरे से पैथालाजी का संचालन किया जा रहा है। संचालन करने वाला चैराहे पर स्थित एक सरकारी डॉक्टर ही आदमी बताया जा रहा है और वह कहता है कि मै ऐसे ही करता रहूंगा मेरा कोई कुछ नही कर सकता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि मुख्यालय व चिकित्सालय के आसपास ऐसे दर्जनों पैथालाजी का संचालन हो रहा है लेकिन कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की वजह से इन पर अंकुश नही लग पा रहा है और ये आसानी से पल रहे है और सरकार के आदेशो की खुल्मखुला धज्जियां उड़ा रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज में एक छात्रा ने हिंदी का पेपर खराब होने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के जंघई क्षेत्र में एक छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वह यूपी बोर्ड की परीक्षा देने जा रही थी। मृतका की पहचान गरिमा जैसवार,निवासी जौनपुर के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि हिंदी का पेपर अच्छा न होने के कारण वह तनाव में थी। इसी दौरान उसने कथित रूप से ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जाएगी।

### प्रयागराज में टिकट रिफंड के नाम पर साइबर ठगों ने 1.93 लाख रुपए ठग लिए

**ब्यूरो प्रयागराज।** गूगल पे कस्टमर केयर बनकर साइबर ठगों ने क्य फाइल डाउनलोड कराई। इसके बाद 5 लोगों के अकाउंट से रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस को बताया, उन्होंने 24 दिसंबर की रात करीब 9:14 बजे दिल्ली से प्रयागराज की ट्रेन बुक की थी, फिर कैंसिल कर दी थी। टिकट का रिफंड न मिलने पर इंटरनेट पर कस्टमर केयर नंबर मिला। इस पर संपर्क किया। कुछ ही देर बाद दूसरे नंबर से उनके व्हाट्सएप पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को गूगल पे का प्रतिनिधि बताते हुए एक क्य फाइल डाउनलोड करने को कहा। फिर 1.93 लाख रुपए ठग लिए। पूरा मामला कर्नलगंज के पुराना कटरा का है।

### नैनी कोतवाली में होली व रमज़ान को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली परिसर में रविवार को होली एवं रमज़ान के मद्देनज़र पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने की।इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने विशेष रूप से होली के अवसर पर डीजे धीमी आवाज़ में बजाने की हिदायत दी, ताकि किसी को असुविधा न हो और कानून-व्यवस्था बनी रहे। बैठक का संचालन घनश्याम जायसवाल ने किया। इस दौरान नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी, भाजपा नेता नरसिंह, पार्षद राकेश जायसवाल, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे ट्रैक पर वृद्ध का शव मिला



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलुवाबाद रेलवे ओवरब्रिज के समीप रेलवे ट्रैक पर रविवार की शाम को एक वृद्ध का शव पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम को तकरीबन 5:00 बजे औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलुवाबाद रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे ट्रैक पर एक वृद्ध का शव पाया गया। शव मिलने की जानकारी होने पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान मोहम्मद रजा सिद्दीकी (70) वर्षीय पुत्र स्वर्गीय हिदायत उल्ला निवासी कपटुहा करछना के रूप में की।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। एक बातचीत के दौरान औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश कुमार पटेल ने बताया, कि परिजनों के अनुसार मृतक रविवार की शाम को तकरीबन 3:00 बजे घर से निकले थे, वह मानसिक रूप से कमजोर थे। हालांकि पुलिस मामले की जांच- पड़ताल कर रही है।

# ’इतना नीच प्रहार होगा इसकी कल्पना नहीं थी- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के झूंसी थाने में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होने के बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अनुमान था कि प्रहार होगा लेकिन इतना नीच प्रहार होगा, इसकी कल्पना नहीं थी. वह भी देख लिया जा रहा है कि गौ हत्यारे कितनी नीचता पर जा सकते है. योगी आदित्यनाथ जैसे लोग कितनी नीचता पर जा सकते हैं यह दिख रहा है, धर्म युद्ध शुरू हो चुका है बम गोला सामने से आ रहा है।

वहीं शंकराचार्य अगली कार्रवाई और जांच को लेकर कहा कि सहयोग के लिए तैयार हैं किसी के ऊपर आरोप लगता है उसे गलत सिद्ध करने के लिए कोई भी तैयार रहता है हम भी तैयार हैं. गिरफ्तारी की संभावना से जुड़े सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री की पुलिस काम कर रही है, बटुकों का अपमान हुआ है। गिरफ्तारी की संभावना का वे लोग लाभ उठा सकते हैं.सबको पता है वे क्या करेंगे, हम तैयार बैठे हैं, कभी भागे हों तो बताइए. उन्होंने यह भी कहा कि जो गिरफ्तारी करना चाहते हैं वे करें, हम उनके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार हैं, चाहे यहां पूछें या कहीं ले जाकर पूछें।

शंकराचार्य ने आरोप लगाने वाले व्यक्ति की मंशा वाले सवाल पर कहा हिस्ट्रीशीटर है वह जिसकी लंबी अपराध की सूची है वह खुला घूम रहा है. जगद्गुरु का शिष्य बना घूम रहा है उसके ऊपर पुलिस काम नहीं करती. इसका मतलब पुलिस अपराधियों को खुला छोड़ दे रही है और सज्जन को बंधन है। पहले भी हमारे प्राचीन समय में मारीच ताड़का मारीच जैसे राक्षसों ने विश्वामित्र के यज्ञ में बाधा डाली थी, तब दशरथ जी से राम लक्ष्मण मांग कर विश्वामित्र जी ने लाया था. सैकड़ों अधिवक्ताओं और लोगों का हमें समर्थन मिला है क्योंकि उनके अंदर पीड़ा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का नाम लेकर कुछ लोग कितनी नीचता पर चले गए हैं, इसीलिए हमने यह धर्म युद्ध शुरू किया है जो अब रुकेगा नहीं. वहीं शंकराचार्य ने खुद की तुलना सत्य से की उन्होंने कहा कि हम सूर्य हैं इसलिए नहीं क्योंकि हमें अभिमान है बल्कि इसलिए क्योंकि हमने सत्य को पकड़ा है. सूरज सत्य के समान है जिसकी आभा को कोई ढक नहीं सकता।

## छिवकी स्थित गदा माधव मंदिर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को छिवकी नैनी स्थित- गदा माधव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा मंदिर में चारो तरफ़ गंदगी का अंबार देखकर बड़ा दुख हुआ, कि क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के द्वारा मंदिर की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संस्था सचिव कुंवर जी तिवारी एवं मंदिर की देखरेख करने वाले भरत भूषण तिवारी ने कहा कि गधा माधव मंदिर पुराणों में वर्णित है एवं प्रत्येक वर्ष बारह माधव परिक्रमा के तहत इनकी संत महात्माओं एवं नागरिकों के द्वारा इनकी परिक्रमा की जाती है। लेकिन तब पर भी सरकार, शासन व प्रशासन के द्वारा इस मंदिर को उपेक्षित एवं अनदेखा किया गया है। जहां पर न नगर निगम के द्वारा स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है, ना ही क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु संज्ञान लिया गया।

क्षेत्रीय नागरिक रवि सिंह द्वारा कहा गया कि सनातन धर्म की पहचान प्राचीन मंदिरो पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे धार्मिक आस्थाओं पर कुठाराघात ना हो सके।कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा,धीरज यादव,महेश प्रसाद केसरवानी, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, डॉ. एस. बी. यादव, विकास मिश्रा, मुकेश कुमार पांडेय, शशिकांत पांडेय, नीरज पांडेय, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, इंदु ठाकुर, अभय पाल, धीरज रजवानी, अंशु तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## दबंग लोगो ने पत्रकार से की मार पीट

**पैर में आई गंभीर चोट, पत्रकारों मे रोष।**

**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के चौकी बड़ोखर के मलीपुर के अरुण कुमार सिंह पुत्र स्व0 हरिशंकर सिंह जो एक हिंदी दैनिक समाचार के संवाददाता है वह अपनी बाइक बनवाने बड़ोखर बजाज एजेंसी के सामने अपनी बाईक बनवा रहा था तभी दो युवक गाली दे रहे थे पत्रकार ने पूछा किसको गाली दे रहे हो तो पत्रकार पर आग बबूला हो गया और पत्थर लेकर दौड़ा और मार दिया दोनो ने पत्रकार के साथ मारपीट की जिससे वह जमीन पर गिर गया और पैर में काफी चोट आई पीड़ित ने चौकी प्रभारी बड़ोखर को एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दे दिया है लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है घटना की सूचना भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश महासचिव पवनेश उपाध्याय को दी गई पत्रकारो मे भारी रोष व्याप्त है पत्रकार संघ ने कहा कि अगर दबंग और अपराधिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जल्द जेल भेजा जाय नही तो भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ थाने पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

## पीएम मोदी समझौता कर चुके हैं, उनका विश्वासघात अब उजागर हो गया है’- कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापार समझौते पर अमेरिका से दोबारा बातचीत नहीं कर सकते और वह फिर से समर्पण कर देंगे। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क को खारिज कर दिया, जिससे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है।न्यायाधीशों ने बहुमत के फैसले में कहा कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, ‘‘प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं। उनका विश्वासघात अब उजागर हो गया है। वह (व्यापार समझौते पर) दोबारा बातचीत नहीं कर सकते। वह फिर से समर्पण कर देंगे।’’ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, ‘‘बिना सिर-पैर वाली विदेश नीति या एकतरफा समर्पण? जिस ‘‘ट्रैप डील’’ ने भारत से भारी रियायतें लीं, मोदी सरकार ने उसमें फंसने से पहले शुल्क पर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार क्यों नहीं किया?’’

उन्होंने कहा, ‘‘संयुक्त वक्तव्य में भारत को होने वाले कई अमेरिकी निर्यातों पर शून्य शुल्क की बात कही गई है जिससे भारतीय कृषि क्षेत्र का द्वार अमेरिकी वस्तुओं के लिए खुल जाएगा।

साथ ही, 500 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान आयात करने की योजना, हमारी ऊर्जा सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले रूसी तेल की खरीद पर रोक लगाने की प्रतिबद्धता और डिजिटल मोर्चे पर कई कर रियायतों की बात संयुक्त वक्तव्य में कही गई है।’ उन्होंने कहा, ‘‘प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि भारत के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने के लिए उन पर किसने दबाव डाला? क्या यह एप्स्टीन फाइलें थीं?’’ उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत सरकार अपनी गहरी नींद से जागेगी और एक निष्पक्ष व्यापार समझौता करेगी जो 140 करोड़ भारतीय नागरिकों के आत्मसम्मान और हमारे किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगा?

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि यह समझौता एक कठिन परीक्षा की तरह बन गया है जिसका सामना देश को प्रधानमंत्री के आत्मसर्मपण के कारण करना पड़ रहा है।रमेश ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए यह सवाल भी किया कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि दो फरवरी 2026 की रात राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा करें?

## कमरे के अंदर सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**● शव से दुर्गंध आने पर घटना की मिली जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित चक हीरानंद मोहल्ले में रविवार को एक मकान के कमरे सुरक्षा गार्ड की सड़ी-गली लाश मिली। शव से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने जानकारी मृतक के भाई को दी। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव करीब 10 दिन पुराना बताया जा रहा है।सूचना मिलने पर मृतक का भाई मौके पर पहुंचा और डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और डॉग स्क्वॉड टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार जिस कमरे में शव मिला, वह अंदर से खुला हुआ था। शव जमीन पर पड़ा मिला, जिस पर कीड़े लगे हुए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।15 दिन पहले भी मिला था दरवाजा खुला होने का संकेत

मृतक के बड़े भाई आशीष ने बताया कि करीब 15 दिन पहले पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी थी कि मकान का दरवाजा खुला हुआ है। उस समय उन्होंने सोचा कि शायद गलती से दरवाजा खुला रह गया होगा। शनिवार को दोबारा पड़ोसियों ने बताया, कि मकान से तेज दुर्गंध आ रही है। मृतक के भाई आशीष ने बताया, कि वह गुरुग्राम में नौकरी करते हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने ट्रेन पकड़ी और नैनी पहुंचे। वहां जाकर देखा, कि कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर जाने पर उनके भाई का शव जमीन पर पड़ा मिला। पारिवारिक पृष्ठभूमि

मृतक की पहचान आशीर्वाद सिंह उर्फ प्रिंस के रूप में हुई है। उनके पिता अवनींद्र कुमार सिंह, जो मूल रूप से बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के निवासी थे, पीएसी बटालियन नैनी में कार्यरत थे। वर्ष 2011 में दरोगा भर्ती के दौरान दौड़ के समय हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद अनुकंपा के आधार पर प्रिंस को पीएसी में कुक की



नौकरी मिली थी। भाई आशीष के अनुसार, प्रिंस नशे की लत के कारण नौकरी पर ध्यान नहीं दे पाते थे, जिसके चलते उन्हें अनुशासनहीनता के मामले में पीएसी से हटा दिया गया था। बाद में वे सूरत की एक निजी कंपनी में सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करने लगे। आंखों में समस्या के कारण उन्होंने वह नौकरी भी छोड़ दी और वापस नैनी आकर रहने लगे।पड़ोसियों के मुताबिक, वह अक्सर शराब के नशे में रहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत



**नैनी, प्रयागराज** नैनी क्षेत्र के चाका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान एक महिला की हालत बिगड़ गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 28 वर्षीय रोशनी के रूप में हुई है। जो चक मोइनुद्दीन की निवासी थी।रोशनी अपने पति के साथ नसबंदी कराने के लिए नैनी सीएचसी में आयोजित कैंप में शुक्रवार सुबह 10 बजे आई थी। जहां पर डॉक्टरों ने शाम चार बजे ऑपरेशन करने का समय निर्धारित किया। सर्जन डॉक्टर प्रतिमा मिश्रा और डॉक्टर आशुतोष ने महिला का ऑपरेशन किया। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर महिला को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन घरवाले स्वरूप रानी अस्पताल न ले जाकर जीवन ज्योति ले गए। इलाज के दौराल उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों ने चाका सीएचसी में जमकर हंगामा किया। शव को रास्ते में रखकर चक्का जाम कर दिया। उन्हें समझाने व चक्का जाम हटवाने के लिए चार थाने की फोर्स मौके पर पहुंची है।देवर शुभम ने बताया कि वह सुबह घर से निकली थीं। उनके दो छोटे बच्चें हैं जो अब बिना मां के हो गए हैं। संभालने वाला कोई नहीं।

# मड़ौका गांव में अवैध संबंध के आरोप को लेकर मारपीट, महिला और बेटा घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका गांव में शनिवार दोपहर अवैध संबंध के आरोप को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला और उसका बेटा घायल हो गए। आरोप है कि महिला को कट्टे की बट से मारकर घायल किया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में महिला और उसका बेटा नैनी कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।27 वर्षों से गांव में रह रही है पीड़िता मड़ौका गांव की निवासी सीमा देवी, पत्नी मूलचंद, ने बताया कि वह पिछले करीब 27 वर्षों से यहां रह रही हैं। कुछ समय पहले वह पड़ोस में रहने वाले संतोष केसरवानी के घर काम करती थीं। सीमा देवी ने बताया कि उनका पति उन्हें छोड़कर जा चुका है और वह अपने बच्चों के साथ गांव में मकान बनाकर रहती हैं। उनका बेटा दीपक प्रयागराज में गैस चूल्हा बनाने का काम करता है।

**बेटे की शादी में शुरू हुआ विवाद**

सीमा देवी के अनुसार, 19 फरवरी को उनके बेटे दीपक की शादी थी। शादी में संतोष केसरवानी को निमंत्रण नहीं दिया गया था, लेकिन वह अपने परिवार के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि वहां पहुंचकर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। उस समय किसी तरह मामला शांत करा दिया गया।

**घर पहुंचकर किया हमला**



सीमा देवी का आरोप है कि शनिवार को संतोष केसरवानी अपने परिवार के साथ उनके घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। उन्होंने बताया कि संतोष की पत्नी ने अपने पति और सीमा देवी के बीच अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए हमला किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें कट्टे की बट से सिर पर मारकर घायल कर दिया और उनका मंगलसूत्र व झुमके भी छीन लिए।

**महिला का बेटा भी घायल**

मारपीट के दौरान सीमा देवी का बेटा दीपक भी घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**पुलिस ने कराया मेडिकल, जांच जारी**

घटना के बाद सीमा देवी और उनका बेटा घायल अवस्था में नैनी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। दोनों के सिर पर चोट के निशान थे। कोतवाली पहुंचे एसीपी ने घायलों को तुरंत मेडिकल जांच के लिए भेजा और मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया।फिलहाल नैनी पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल रही है और आरोपियों की तलाश में लगी है।

# बिहार की काजल कुमारी को नेपाल से मिला मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी

भारत की सुप्रसिद्ध कवयित्री, ज्योतिषी, समाजसेविका को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन, हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर नेपाल, भारत सहित पाँच देशों की लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि तथा मातृभाषा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मानित होने वाले 1000 साहित्यकारों में काजल कुमारी सबसे कम उम्र की साहित्यकार हैं जिन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई । काजल कुमारी बिहार के पटना जिले की रहने वाली हैं और इन्होंने कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से बहुत छोटी सी उम्र में नाम और पहचान बना ली हैं । इन्होंने 9 पुस्तकों सहित 3 उपन्यासों की रचना की हैं। वर्तमान में ये अलग अलग भाषाओं की साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन कर रही हैं। वे विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं और इससे पूर्व भी उन्हें 500 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनको सम्मानित करते हुए इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने बधाई देते हुए कहा कि शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन का उद्देश्य प्रतिभाशाली रचनाकारों को प्रोत्साहित कर उनमें नव ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने कहा कि काजल कुमारी जैसी लोकप्रिय शिक्षिका एवं संवेदनशील कवयित्री का अंतर्राष्ट्रीय स्तर


वसुधैव कुटुम्बकम
"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल"
SPMBFN/IMLD/2026/0575
नेपाल सरकार द्वारा पंजीकृत पंजीकरण संख्या - 1851/080/81
प्रशस्ति पत्र
सम्माननीय काजल कुमारी, पटना, बिहार
शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फ़रवरी के अवसर पर आपके द्वारा मातृभाषा सेवा के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों का मूल्यांकन कर आपको "मातृभाषा रत्न" मानद उपाधि सम्मान से विभूषित किया जाता है।
"मातृभाषा रत्न" मानद उपाधि सम्मान
आपके उज्ज्वल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन की कामना की जाती है।
यह एक वैध डिजिटल ई-प्रशस्ति पत्र (VALID E-CERTIFICATE) है।
आनन्द गिरि मायालु
अध्यक्ष
स्थान - काठमांडो (नेपाल)
21 फ़रवरी 2026
अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
मंजु खरे, दतिया
चयन समिति प्रमुख
- शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल -

पर सम्मानित होना अत्यंत गौरव का विषय है। उनकी कविताएँ समाज को सकारात्मक दिशा और प्रेरक संदेश देती हैं। काजल कुमारी के इस सम्मान की सूचना मिलते ही साहित्यिक जगत में हर्ष का वातावरण है। काजल कुमारी ने सम्मान प्राप्त करते हुए धन्यवाद देते हुए कहा आज मैं इस स्थान पर अपने माता पिता के त्याग, समर्पण और आशीर्वाद से हूं। मैं धन्यवाद देती हूं अपने माता पिता जी को और मां सरस्वती की कृपा से मुझे आज नेपाल में सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ ।उनके शुभचिंतकों, मित्रों एवं साहित्यप्रेमियों ने उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## शंकरगढ़ पत्रकार संघ की बैठक संपन्न



**● संगठन मजबूत करने पर जोर, पत्रकार एक दूसरे की टांग नहीं हाथ खींचे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शंकरगढ प्रयागराज।** शंकरगढ़ क्षेत्र के पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शंकरगढ़ के रमा रिसॉर्ट गार्डन में किया गया, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार छेदी लाल साहू, सोनू भटनागर, आशुतोष त्रिपाठी , लवलेश द्विवेदी, कृष्ण चंद्र शुक्ला , रवि सिंह,राज देव दिवेदी, इंद्रजीत मिश्रा, शिवम शुक्ला,मनोज केसरवानी राघवेंद्र शुक्ला, सनी यादव, डॉ मनीष सुसारी पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, संगठन को मजबूत करना तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर एकजुट होकर आवाज उठाना रहा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि वे निष्पक्ष व निर्भीक होकर समाज की समस्याओं को सामने लाएं। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की एक मजबूत टीम गठित की जाएगी, जो जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएगी। बैठक में पत्रकारों ने फर्जी खबरों पर रोक लगाने और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। अंत में सभी उपस्थित पत्रकारों ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा जताया।

## सड़क हादसे में घायल क्क्षड्ढद्ध ष्टद्धड्डस्र व्यक्ति ने तीन गंभीर मरीजों को दिया नया जीवन

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटना में घायल के ब्रेन डेड के परिवार का लोगों ने बड़ा फैसला लिया। संजय गांधी पीजीआई में भर्ती 42 वर्षीय युवक के लिवर और किडनी डोनेट करने के फैसले ने तीन लोगों को नया जीवन दिया है। ब्रेड डेड के अंगों से तीन लोग लाभान्वित हुए। संजय गांधी पीजीआई के ट्रामा में भर्ती 42 वर्षीय ब्रेन डेड व्यक्ति ने पहली बार तीन गंभीर मरीजों को नया जीवन दिया है। पीजीआई ट्रामा से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उसके लिवर को केजीएमयू में एक रोगी को प्रत्यारोपित किया गया। जबकि दोनों गुर्दे पीजीआई में दो अलग-अगल रोगियों को प्रत्यारोपित किये गए। उसकी आंखें केजीएमयू के आईबैंक को दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। पीजीआई से केजीएमयू तक ग्रीन कॉरिडोर मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए त्वरित मार्ग तैयार किया गया। पुलिस की तत्परता एंबुलेंस को सभी चौराहों से बिना किसी रुकावट के पार कराया गया। हजरतगंज चौराहे पर पुलिस ने निभाई अहम भूमिका, थाना अध्यक्ष ने महज कुछ सेकंड्स में एंबुलेंस को पार कराया। पुलिस की मुस्तैदी से हुआ राहत ग्रीन कॉरिडोर से मरीज को समय पर इलाज मिल सकेगा। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस रही सक्रिय हर चौराहे पर पुलिस जवानों की तैनाती, एंबुलेंस को मिले मार्ग।

# युवा वर्ग धूम्रपान का सेवन न करेः डॉ. अलताफ अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरैल चौराहा स्थित जहांगीर अस्पताल के निर्देशक डॉ. अलताफ अहमद ने युवाओं को धूम्रपान के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि युवा वर्ग को धूम्रपान और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि धूम्रपान से कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. अलताफ अहमद ने इस विषय पर सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता अभियान शुरू किया है। उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जिसमें एक व्यक्ति का मुंह ठीक से नहीं खुल पा रहा है। डॉक्टर के अनुसार, यह समस्या गुटखा और तंबाकू के सेवन के कारण उत्पन्न हुई है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से नशे की चपेट में आ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य और भविष्य दोनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे धूम्रपान और तंबाकू से दूर रहें तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। डॉ. अलताफ अहमद ने स्पष्ट रूप से कहा कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए अत्यंत



हानिकारक है और इससे बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम गुरुबारा में श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद देवी भागवत महापुराण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ





**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण प्रखंड के बसरिया पंचायत के ग्राम गुरुबारा में आयोजित श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद देवी भागवत महापुराण महायज्ञ का शुभारंभ मुखिया प्रतिनिधि शिवनारायण पासवान द्वारा प्रवचन मंच का फीता काटकर विधिवत किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच संचालक डीलर राजाराम इंद्रगुरु,विनय इंद्रगुरु,ग्रीस इंद्रगुरु दामोदर प्रसाद केसरी सहित अन्य सम्मानित ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण रहा। श्रद्धालुओं ने देवी मां के जयकारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत का स्वागत किया। महायज्ञ एवं भागवत कथा के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा।

### हाईस्कूल में दूसरे की परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गए जेल

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षा केंद्र बजरंग इंटर मीडिएट कालेज भदरी मे हाई स्कूल के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में सत्यम सोनकर पुत्र हरकेश सोनकर के स्थान पर दूसरा परीक्षार्थी बनाकर परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई को चेकिंग करने आए सचल दल ने शक होने पर दबोच लिया।अपना नाम पता सही न बताने पर पकड़े जाने पर वह हाथ छुड़ाकर भागने का प्रयास किया।इस संबंध में वादी केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर के आधार पर कुंडा कोतवाली में धारा 319(2)/ 337/61(2) बीएनएस व 7/8,13(3)/ 13(4) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) के अंतर्गत 2 नामजद का अभियोग पंजीकृत है।अभियुक्त जय प्रकाश मिश्रा पुत्र नाना बाबू मिश्रा निवासी ग्राम शहजादपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ग्राहकों से अभद्र व्यवहार करने वाले बैंक अधिकारी का स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** जनपद के बाबागंज ब्लाक की लखपेड़ा स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक श्रीकांत यादव द्वारा लगातार क्षेत्र के ग्राहकों व खाता धारकों से किए जा रहे अभद्र पूर्ण व्यवहार से क्षुब्ध होकर धमोहन निवासी ओम प्रकाश तिवारी प्रधानाध्यापक माताबदल श्रीकृष्ण लघु माध्यमिक विद्यालय ने क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रतापगढ़ को शपथपत्र के साथ शिकायती पत्र देकर उक्त शाखा प्रबंधक द्वारा केसीसी समेत बैंक द्वारा सभी प्रकार के ऋण देने के एवज मे बिचौलिए के माध्यम से कमीशन लेने का आरोप लगाया है।इस संबध में क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रतापगढ़ आशुतोष चौबे ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है,जिसके क्रम मे आरोपी बैंक मैनेजर का स्थानांतरण कर दिया गया है।

### दुद्धी में विवाह के अगले ही दिन दुल्हन पहुंची परीक्षा केंद्र, शिक्षा के प्रति समर्पण की मिसाल

**परीक्षा केन्द्र पर मौजूद छात्राओं और शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय, लोगों ने किया सराहना**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –** जनपद के दुद्धी क्षेत्र में शिक्षा के प्रति समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण शनिवार को सामने आया है। विंढमगंज थाना क्षेत्र की प्रियंका कुमारी ने विवाह के तुरंत बाद परीक्षा केंद्र पहुंचकर पढ़ाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाती है। एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका की शादी 20 फरवरी को विंढमगंज क्षेत्र के पतरिहा गांव निवासी शैलेश के साथ संपन्न हुई। विवाह की तिथि पहले से निर्धारित थी, लेकिन बाद में घोषित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 21 फरवरी की सुबह उनकी परीक्षा तय हो गई। रातभर चली वैवाहिक रस्मों के बावजूद प्रियंका ने सुबह परीक्षा देने की इच्छा जताई। उनके इस निर्णय का उनके पति और परिवार ने पूरा समर्थन किया। पारंपरिक विदाई से पूर्व दूल्हा स्वयं अपनी नवविवाहिता को बी.आर.डी.पी.जी. कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र लेकर पहुंचा। दुल्हन ने लाल जोड़े में ही परीक्षा कक्ष में बैठकर उत्तर पुस्तिका लिखी। परीक्षा केंद्र पर मौजूद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच यह दृश्य चर्चा का विषय बना रहा।

# 13वें स्थापना दिवस पर श्रीदस महोत्सव की भव्य गूंज, बच्चों की प्रतिभा ने जीता सबका दिल

**●शिक्षा और संस्कार का संदेश दे गए एसपी अविनाश कुमार, श्रीदस महोत्सव रहा यादगार**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बीते शनिवार को विद्यालय का 13वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ वार्षिक आयोजन श्रीदस महोत्सव के रूप में मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जिससे उत्सव का वातावरण और भी भव्य एवं आकर्षक हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अविनाश कुमार आईपीएस कमांडेंट जैप-7, पदमा द्वारा विद्यालय के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जिले के कई शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार गण भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों से खचाखच भरा रहा और सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से रामायण कांड पर आधारित सीताहरण की नाट्य प्रस्तुति ने सभी का हृदय स्पर्श किया। बच्चों ने भगवान राम, रावण एवं अन्य पात्रों की भूमिकाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निभाया। राम-रावण युद्ध और सीताहरण के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत ड्रेस फैशन वॉक भी आकर्षण का केंद्र रहा। कोई भोलेशंकर के अवतार में तो कोई पुलिस अधिकारी एवं मॉडल के रूप में कैटवॉक करते नजर आए, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एसपी अविनाश यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ एआई, रोबोटिक्स, लॉ एवं बिजनेस स्टडीज जैसे विषयों की पढ़ाई कराकर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए कहा कि शिक्षकों को प्रत्येक छात्र पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए, जैसा ध्यान एक टॉपर पर दिया जाता है, ताकि हर बच्चा बेहतर प्रदर्शन कर सके। विद्यालय के प्राचार्य के. कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीदस का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के माध्यम से उन्हें एक सशक्त और संस्कारित नागरिक बनाना है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विभिन्न सम्मान भी प्रदान किए गए। बेस्ट टीचर अवॉर्ड से बाबलू यादव को सम्मानित किया गया। बेस्ट नॉन-टीचिंग स्टाफ के रूप में लक्ष्मी नारायण पांडेय को नवाजा गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सम्मान कक्षा 9 की छात्रा रिया रानी को प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट पंक्चुअलिटी पैरेंट अवॉर्ड रामगढ़ निवासी धर्मेश्वर महतो को दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन छात्र आदित्य एवं वंदना ने किया, जिनका सहयोग शिक्षक अमरजीत पांडेय ने किया। सम्पूर्ण आयोजन उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ संपन्न हुआ, जिसने विद्यालय के 13 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को यादगार बना दिया।

# बरही में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री-श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 16वां बरही महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही में नौ दिवसीय श्री-श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 16वें बरही महोत्सव का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। महोत्सव की शुरुआत के अवसर पर पूरे बरही को आकर्षक लाइटिंग और भव्य साज-सज्जा से सजाया गया, जिससे बरही का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवमय हो उठा। जगह-जगह तोरण द्वार, रंग-बिरंगी रोशनी और सजावटी पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महोत्सव के प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, संरक्षक रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, मणिलाल यादव, भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, राजन ओम, विशेश्वर यादव, भाजपा मंडल प्रतिनिधि अमित साहू, परमेश्वर यादव, भुनेश्वर साव एवं विजय साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कमिटी के संरक्षक सुरेंद्र रजक, संरक्षक सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बिपिन सिन्हा, बलराम केशरी, हितेश राज एवं मनितोष यादव ने अतिथियों का स्वागत भगवा पट्टा पहनाकर किया। विधि-व्यवस्था संधारण में पु.नि. सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कमिटी की ओर से थाना प्रभारी का भी पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। महायज्ञ के यजमान के रूप में शंकर प्रसाद केशरी एवं उनकी पत्नी लीलावती देवी, विशेश्वर साव एवं उनकी पत्नी गुड़िया देवी, राकेश रोशन एवं उनकी पत्नी श्वेता कुमारी तथा विकास विश्वकर्मा एवं उनकी पत्नी रीना विश्वकर्मा उपस्थित रहे। यज्ञ के मुख्य आचार्य जयनंदन मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अनुष्ठान प्रारंभ कराया। कलश यात्रा एवं आयोजन की सफलता में कमिटी के कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, नवलकिशोर सिंह सहित कई अन्य समाजसेवियों और संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महोत्सव परिसर में लगाए गए मीना बाजार और विभिन्न झूले बच्चों एवं युवाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। विभिन्न भजन-कीर्तन मंडलियों द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कर सकेंगे। पूजा कमिटी के अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर ने बरहीवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु पूजा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें और पूजा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# बिगहा में सातवाँ हनुमंत वार्षिकोत्सव सह महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

**●ध्वजारोहण, गढ़ परिक्रमा और कलश पूजन में उमड़े श्रद्धालु**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण प्रखंड के बिगहा स्थित पंचमंदिरों के संगम स्थल हनुमंत मंदिर प्रांगण में रविवार को सातवें हनुमंत वार्षिकोत्सव सह महायज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन के साथ अत्यंत भव्यता से किया गया। आध्यात्मिक आस्था और भक्ति के इस वार्षिक आयोजन में क्षेत्रभर से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

**ध्वजारोहण और गढ़ परिक्रमा से हुई शुरुआत**

कार्यक्रम की शुरुआत गढ़ पर पारंपरिक ढंग से ध्वज फहराकर की गई। ध्वजारोहण समारोह में निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज, विधायक मनोज कुमार यादव, प्रख्यात विद्वान डॉ. चक्रपाणि जी महाराज सहित कई संतों-साधुओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और गढ़ परिक्रमा संपन्न की। श्रद्धालुओं ने पवित्र जल ग्रहण कर यज्ञ मंडप में विधि-विधान से स्थापना की।

**काशी से पधारे आचार्य के निर्देशन में प्रारंभ हुआ महायज्ञ**

काशी से आए यज्ञाचार्य दीपक द्विवेदी के सान्निध्य में महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आहुति से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। यज्ञ के माध्यम से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की जा रही है।

**सम्मान समारोह में अतिथियों का अभिनंदन**

पूजन उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में हनुमंत सेवा संस्थान ने मंच पर उपस्थित साधु-संतों और अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि संस्थान के सदस्यों की निष्ठा और समर्पण अनुकरणीय है। सात वर्षों से धार्मिक-सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहना क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि हनुमंत सेवा संस्थान इस क्षेत्र में सनातन धर्म का सशक्त केंद्र बन चुका है, जहाँ आयोजित महायज्ञ समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को बल प्रदान करता है।

**सभी मंदिरों में मत्था टेककर मांगी खुशहाली की कामना**

अतिथियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए शिव मंदिर, गढ़काली मंदिर, गढ़वाल बाबा मंदिर, हनुमान मंदिर एवं फलाहारी बाबा समाधि स्थल पर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख-शांति एवं विकास के लिए प्रार्थना की।

**आने वाले दिनों में रामलीला और भजन-कीर्तन का आयोजन**

आयोजन समिति ने बताया कि 22 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या में रामलीला, भजन-कीर्तन एवं काव्य-संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले में झूला, धार्मिक प्रसाद एवं विभिन्न आकर्षण श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**क्षेत्र की आस्था का केंद्र बना वार्षिकोत्सव**

लगातार सात वर्षों से आयोजित हो रहा यह महायज्ञ अब क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रमुख केंद्र बन चुका है। जनसहभागिता, संतों का सान्निध्य और धार्मिक कार्यक्रम इस आयोजन को विशेष बनाते हैं, जो भक्ति के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश भी देता है।

# श्याम भक्त परिवार हजारीबाग द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन, तैयारियां अंतिम चरण में

**●भव्य रथ, आकर्षक झांकियां और निशान लिए उमड़ेगा आस्था का सैलाब**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के द्वारा 24 फरवरी को आयोजित होने वाली श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में शनिवार देर शाम आयोजन समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत प्रभु श्री श्याम के जयकारों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बैठक में शोभायात्रा की शुरुआत से लेकर समापन तक की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। निर्णय लिया गया कि प्रभु श्री श्याम भव्य एवं आकर्षक रूप से सुसज्जित रथ पर विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण, हनुमान एवं लंगूर का स्वरूप धारण किए कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति संगीत के साथ महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु हाथों में बाबा का पावन निशान लेकर श्रद्धा और उल्लास के साथ यात्रा में सम्मिलित होंगे। यह भव्य शोभायात्रा प्रातः 9:00 बजे प्रभु श्री श्याम के नवनिर्मित मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन मंडली ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। विशेष हर्ष का विषय यह है कि इस बार यात्रा प्रभु श्री श्याम के नवनिर्मित मंदिर से निकाली जा रही है, जिससे श्याम भक्तों में विशेष उत्साह और उमंग का वातावरण बना हुआ है।

श्याम भक्त परिवार हजारीबाग ने समस्त नगरवासियों एवं श्याम प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा को सफल बनाएं तथा धर्म लाभ प्राप्त करें।

# विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर लटकी तलवार, खलबली का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** हाईकोर्ट के फरमान पर जिला प्रशासन द्वारा पूर्व प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की आख्या तलब हुई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सांगीपुर के खण्ड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर तत्कालीन तकनीकी सहायक एवं सचिव तथा ग्राम प्रधान का विवरण तलब किया है। डीपीआरओ के पत्र को लेकर ब्लाक में अंदर ही अंदर खलबली का माहौल है। सांगीपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत भगतपुर में विकास कार्यों की अनियमितता को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल हुई थी। कोर्ट के फरमान पर शासन द्वारा ग्राम पंचायत में बीते वर्ष 2016-17 में गांव में खडण्जा तथा मिटटी के विभिन्न कार्यों में अनियमितता को लेकर जांच समिति का गठन किया गया। इसके तहत जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा के द्वारा बीती 29 जनवरी को प्रस्तुत आख्या में भुगतान में अनियमितता की बात कही गयी है। आख्या को लेकर जिले के डीपीआरओ श्रीकांत दवे ने सांगीपुर के खण्ड विकास अधिकारी से तत्कालीन जिम्मेदारों का विवरण तलब किया है।

# डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल हजारीबाग में नन्हे बच्चों के लिए खेल दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल हजारीबाग में एलजी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अनेक रोचक एवं मनोरंजक खेल आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल में साधारण दौड़, बैलेंस रेस, फ्रॉग जंप, सैक रेस, बैलून रेस जैसी गतिविधियां शामिल थी ।अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था जिनकी उपस्थिति से बच्चों का आत्मविश्वास और भी बढ़ गया। अभिभावकों एवं शिक्षकों की तालियों एवं उत्साह से बच्चों ने पूरे जोश से गतिविधियों में भाग लिया ।अभिभावकों के लिए भी म्यूजिकल चेयर गेम की व्यवस्था की गई थी जिसमें उन्होंने अपने बच्चों की भांति सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की और आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेकानंद चौधरी ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है ।खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सहयोगिता की भावना का विकास होता है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर रजनीश कुमार, फिरोज अली, मीरा, वंदना श्रीवास्तव, प्रीती पाठक, बसंती कुमारी, शगुफ्ता शाहीन एवं एकता बजाज सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम के सफल संचालन में अपनी सहभागिता प्रदान की। खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एलकेजी से आराध्या, मान्यता, भाविका, वियान, रिदीत, आरव, सिया, रिचा, प्रतीक, जितेश, देवराज, अर्श, स्मृति आराध्या एवं भाविका, यूकेजी से देबोश्री, अर्पिता, श्रव्या, अंशुमन, आयुष, अंश प्रताप, आन्या, सिया, विवान, गौरव, आयुष मेहता, जाह्नवी, सिमरन, प्रांजल, आदित्य, विद्या एवं अन्वी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया । इस प्रकार खेल दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लातेहार नगर पंचायत चुनाव: मतदान दलों की रवानगी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत 23 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मतदान को लेकर लातेहार में प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। समाहरणालय परिसर में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से आज मतदान पदाधिकारियों एवं मतदान दल के कर्मियों को सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए विधिवत रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी कर्मी पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।

प्रशासनिक अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर में मतदान सामग्री, मतपेटिका, मतपत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण कार्य का निरीक्षण भी किया। मतदान दलों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्य को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कलस्टर केंद्रों पर भोजन, पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा चिकित्सीय दल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

# रसोइया धमना में भव्य सनातन हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, संतों और वक्ताओं ने किया जागरूकता का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही-** बरही मंडल के तत्वावधान में रसोइया धमना स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सनातन हिन्दू सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। सम्मेलन में आरएसएस के प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता राजीव कमल बिट्टू, वृंदावन से पधारीं बाल विदुषी लाडली शरण दीदी, बोधगया मठ बिहार के सत्यानंद गिरी जी महाराज, वृंदावन गौ सम्मान आह्वान अभियान के रामदास जी महाराज तथा वृंदावन के आदेश सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार एवं श्वेता राज लक्ष्मी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों के संक्षिप्त परिचय के पश्चात दीप प्रज्वलन, भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पण, शंखनाद एवं एकात्मता मंत्र के भाव प्रस्तुत कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत जय माँ सरस्वती राइजिंग पब्लिक स्कूल, रसोइया धमना के बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पलक कुमारी ने झांसी की रानी पर आधारित मणिकर्णिका नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन आयोजन समिति अध्यक्ष प्रो. बद्री साव ने किया। हिंदू संगठन के प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता राजीव कमल बिट्टू ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू बंटेगा तो देश बंटेगा, हिंदू जागेगा तो देश जागेगा। जिस देश में हम रहते हैं, वहीं भगवान राम और श्रीकृष्ण का जन्म हुआ है। महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाना पसंद किया, लेकिन धर्म को सर्वोपरि रखा। भारत पर अनेक आक्रमण हुए, लेकिन हम डिगे नहीं। बलि बकरी की दी जाती है, शेर की नहीं, इसका अर्थ समझना होगा। दुर्बल को देवता भी स्वीकार नहीं करते। राम नाम लिखने से पत्थर तैरता है, उनके नाम में इतनी शक्ति है। कहा कि देश में सबसे अधिक टैक्स हिंदू समाज देता है और उसका लाभ अल्पसंख्यकों को भी मिलता है। देश की संपदा हमारी संपदा है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्त्री शक्ति स्वरूपा है। उन्होंने आह्वान किया कि लव जिहाद के बारे में अपने बच्चों को जरूर बताएं। जो भारत माता को मानता है और इस संस्कृति को स्वीकार करता है, वह सभी हिंदू हैं। वृंदावन से आईं बाल विदुषी लाडली शरण दीदी ने कहा कि जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई। लव जिहाद से बचें। उन्होंने भाइयों से आह्वान किया कि रक्षाबंधन के अवसर पर भाई अपनी बहन को तलवार भेंट करें ताकि बहन को अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जागने की आवश्यकता है। आरएसएस जगाने का कार्य करता है, हमें स्वयं भी जागना है और दूसरों को भी जगाना है। वृंदावन गौ सम्मान आह्वान अभियान के सदस्य रामदास जी महाराज ने कहा कि यदि वर्ष 2029 तक भारत देश में गौवंश की हत्या पूर्ण रूप से बंद नहीं हुई तो वर्ष 2036 तक एक भी गौवंश शेष नहीं बचेगा। गौहत्या खुले तौर पर की जा रही है, इसे रोकना होगा। झारखंड में भी गौहत्या पर पूर्ण रोक लगनी चाहिए। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए, इसकी मांग लगातार सरकार से की जा रही है। गौहत्या रोकने वालों पर मुकदमा किया जा रहा है और उन्हें धमकाया जा रहा है। जब भारत सरकार राम मंदिर ला सकती है और धारा 370 हटा सकती है, तो गौमाता को राष्ट्रमाता भी घोषित कर सकती है, बस हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। झारखंड से 120 संत निकल चुके हैं। गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने की आवश्यकता है। बोधगया मठ बिहार से पधारे सत्यानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि हमने दुनिया को खगोल विज्ञान, शून्य और आयुर्वेद दिया है। कलियुग की आयु पाँच लाख वर्ष है, जिसमें से केवल पाँच हजार वर्ष ही बीते हैं। जब यह अपने चरम पर पहुंचेगा तो क्या होगा, इसकी कल्पना करनी चाहिए। भारत में जब-जब धर्म को हानि पहुंचाने वाले आए हैं, तब-तब वीरों ने जन्म लेकर धर्म की रक्षा की है। जहां-जहां धर्म की हानि होगी, वहां आवाज उठानी होगी, तभी हमारी संस्कृति बचेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में त्रिवेणी साव, दयानंद चौरसिया, कमिटी अध्यक्ष प्रो. बद्री साव, सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया, सुरेंद्र रजक, नंदकिशोर कुमार, तापेश्वर प्रसाद, हितेश राज, गोविंद राणा, उपमुखिया बिरेन्द्र साव, परमेश्वर प्रजापति, किशोर रविदास, संजय यादव, सुधीर चंद्रा, राजेश केशरी, प्रभु राणा, सुनील सोनी, निरंजन केशरी, प्रदीप चंद्रवंशी, जयंत, मुकेश, कुंदन, मुरारी, नौरंगी, इंद्रदेव गुप्ता, मनोज शंकर, राहुल राणा, राजेन्द्र साव, सरयू साव, शिवम सागर, सुनैना देवी, आरती देवी, शोभा रानी, संजू देवी, रिंकी देवी, प्रतिमा देवी, भारती देवी, सविता देवी समेत हज़ारों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लिंक पर क्लिक करते ही सभासद की इंस्टाग्राम आईडी हुई हैक, पुलिस से की शिकायत

**कोंच(जालौन)**- नगर पालिका परिषद कोंच के वार्ड नंबर एक गांधीनगर के सभासद एवं बसपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कुशवाहा की इंस्टाग्राम आईडी हैक होने और फिर उस आईडी से कई परिचितों से रुपयों की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। सभासद ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर सभासद महेंद्र ने बताया कि वह सोशल साइट इंस्टाग्राम पर अपनी दो अलग-अलग आईडी चलाते हैं। बीती 15 फरवरी को उसकी एक आईडी पर एक लिंक आयी। उक्त लिंक पर क्लिक करते ही उसकी इंस्टाग्राम सहित फेसबुक आईडी हैक हो गई। जिसके बाद अज्ञात हैकर ने उसके तमाम परिचितों और अन्य लोगों को मैसेज कर रुपयों की मांग की। सभासद ने आशंका जताई है कि हैकर उसकी आईडी के माध्यम से उसका व्यक्तिगत डेटा, फोटो और अन्य जानकारियों का दुरुपयोग कर उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। सभासद ने मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने सभी लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध गतिविधि नजर आ आने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### खेत पर मोटर चलाने को लेकर महिला से मारपीट, चार पर मुकदमा

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम रजवानी मजरा टीला में खेत पर सिंचाई के दौरान महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रजवानी मजरा टीला निवासी श्रीमती सकुन पत्नी छक्कीलाल ने थाना तालबेहट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 फरवरी 2026 को वह अपने खेत पर मोटर चलाकर गेहूं की फसल की सिंचाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही भयालाल पुत्र रामदीन, राजकुमार पुत्र भयालाल, रमेश पुत्र भयालाल और क्रांति पत्नी रमेश लाठी-कुल्हाड़ी लेकर खेत पर आ गए और गाली-गलौज करते हुए मोटर की लाइन तोड़ दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। शोर सुनकर बचाने आई पीड़िता की पुत्रवधू आरती के साथ भी मारपीट की गई। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सन्तोष सिंह ने थाना जखौरा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 21 फरवरी 2026 को वह अपने घर पर थे, तभी गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यदि आप चाहें तो मैं इसे और छोटा, बुलेट स्टाइल या किसी खास अखबार की भाषा में भी तैयार कर सकता हूँ।

### प्रवेश आवेदन की तारीख बढ़ी

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, तरगुवां (तालबेहट) में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 28 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 10 मार्च 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि प्रवेश परीक्षा 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का प्रवेश 23 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रभारी प्रधानाचार्य ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। यह जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य जयप्रकाश नारायण ने दी है।

## जनपद न्यायाधीश ने किया वृह्द मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ

**● मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में प्रशासनिक विभागों द्वारा आमजनों को दिया गया सरकारी योजनाओं का लाभ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिये गये दिशा-निर्देश में रविवार को जनपद पंचायत रिसोर्स सेन्टर सोनभद्र विकास भवन में मा. जनपद न्यायाधीश राम सुलीन सिंह, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा वृह्द मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी, अनिल कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, डॉ0 सुमन कुमार, सी0 एम0ओ0, सलन बागे, एल0 डी0एम0 बैंक, सौरभ श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक, समस्त एल0 ए0 डी0 सी0एस0 अधिवक्तागण, समस्त मध्यस्थ अधिवक्तागण, समस्त पराविधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र एवं समस्त पैनल अधिवक्तागण , सोनभद्र एवं कार्यक्रम में लगभग 750 लोग उपस्थित हुए तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग द्वारा बड़ी संख्या में चिन्हित करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत 192 लोगे को मा. जनपद न्यायाधीश के द्वारा लाभान्वित किया गया।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा बताया गया कि आमजन को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु मेगा/वृह्द शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की आमजन को जानकारी प्रदान की गयी तथा मा. जनपद न्यायाधीश द्वारा दिव्यांग कल्याण विभाग के तहत 05 लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, 02 लाभार्थियों को कान की मशीन, 02 लाभार्थियों को स्मार्ट केन, 01 लाभार्थियों को लैप्रोसी किट, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 12 लाभार्थियों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सोनभद्र द्वारा 10 लाभार्थियों प्रमाण पत्र, दुग्ध शाला विकास विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पान्सरशिप योजना के तहत 14 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों स्वीकृति पत्र, उपश्रमायुक्त विभाग द्वारा 07 लाभार्थियों को प्रस्सती पत्र, उपायुक्त उद्योग विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को चेक वितरण एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 05 लाभार्थियों को राज्य मिस्त्री टूल किट वितरित किया गया, विभिन्न बैंकों द्वारा 12 लाभार्थियों को चेक वितरण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा, 05 लाभार्थियों को आयुषमान कार्ड वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी0वी0 के मरीजो को पोषण पोटली, कुष्ठ रोगियों को इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी शाखा सोनभद्र के द्वारा गोद लोकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया, राजस्व विभाग द्वारा 05, विद्युत विभाग द्वारा 05, लाभार्थियों लाभ वितरण कराया गया।जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा मेगा कैम्प के सफल आयोजन के लिए समस्त प्रशानिक विभागों के अधिकारीगण एवं समस्त प्रशासनिक व न्यायिक कर्मचारीगण तथा उपस्थित आमजन/लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## मानदेय वृद्धि को लेकर शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने सरकार का जताया आभार

**●शिक्षामित्र संघ ने जताया सरकार का आभार, शिक्षामित्रों में खुशी की लहर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** - प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान कहा था कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शिक्षाकर्मियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रही है।सरकार का दावा है कि इन फैसलों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद सोनभद्र के प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शिक्षा मंत्री संदीप सिंह व शिक्षा मित्र संघ के संरक्षक श्रीचंद शर्मा और उनके साथ उन तमाम एमएलसी, विधायक गण को धन्यवाद देते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। जनपद सोनभद्र के नव सृजित विकास खण्ड कोन में शिक्षा मित्रों ने खुशियाँ मनाते सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व मे और महामंत्री सुशील यादव , प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह , वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव , प्रदेश संयोजक पूर्व महामंत्री पुनीत चौधरी , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक गाजी इमाम आला के कुशल नेतृत्व व संरक्षण मे जो आज सफलता मिली है उसके लिए सभी को बहुत बहुत धन्यवाद।इसी क्रम में संगठन मंत्री श्रीराम द्विवेदी तेजभान कौशल किशोर राजेंद्र पचेरा , राजेश सहनी , अरविन्द वर्मा प्रदेश सचिव सुशील तिवारी फतेहपुर हरिनाम लखनऊ अजित यादव चंदौली सुनील सिंह मिर्जापुर और तमाम उन प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी ब्लॉक पदाधिकारी और उन सभी शिक्षामित्र भाई बहनो को बहुत बहुत बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं दिया जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया।

## ट्रॉली के नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक की मौत



**उरई(जालौन)**- शनिवार की देर रात मिट्टी खनन के दौरान 45 बर्षीय ट्रैक्टर चालक राजेश कुमार निवासी नया पटेल नगर वेदिका गेस्ट हाउस के पीछे उरई की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजेश कुछ लोगों के साथ मिट्टी भरने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। इसी दौरान ट्रैक्टर कुकरगांव रोड पर अनियंत्रित हो गया और चालक ट्रॉली के नीचे दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इस हादसे को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि राजेश मिट्टी खनन में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। वहीं सूचना मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, परिजनों के आरोपों की भी जांच होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट कारण सामने आ सकेगा।

## मांची पुलिस द्वारा 140.760 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना मांची पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। दिनांक 21.02.2026 को थाना मांची की पुलिस टीम बांकी उर्स मेला के दृष्टिगत क्षेत्र में देखभाल, वारंटी/संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मांची मोड़ तिराहा, बहद ग्राम सुअरसोत पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान खलियारी की ओर से 02 मोटरसाइकिल चालक तेज गति से आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाहट में वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया।



पुलिस बल द्वारा तत्परता एवं हिकमत अमली से दोनों व्यक्तियों को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर अभियुक्तगण 01. देवव्रत जायसवाल पुत्र दीनानाथ जायसवाल निवासी सुअरसोत खुर्द थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 25 वर्ष, 02. कपिल जायसवाल पुत्र रमाकांत जायसवाल निवासी सुअरसोत खुर्द थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 18 वर्ष के कब्जे से कुल 140.760 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मांची जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0 12/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक भैया एस0पी0 सिंह, थाना मांची , उ0नि0 आशीष पटेल, चौकी प्रभारी सुअरसोत, थाना मांची , हे0का0 पिन्टू सिंह, हे0का0 संतोष कुमार, का0 संदीप सरोज शामिल रहे।

## दुद्धी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पशु तस्करी/गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल

**● जिला चिकित्सालय रेफर ,कब्जे से 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद अवैध देशी तमंचा, जिन्दा व खोखा कारतूस व 1,150/- नकद बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में दिनांक 22.02.2026 को थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। गौरतलब है कि प्रकरण दिनांक 01.01.2026 को कोतवाली दुद्धी पर मु0अ0सं0- 01/2026 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना के दौरान अभियुक्त सूरज चंद्रवंशी की संलिप्तता प्रकाश में आई थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी



तथा उस पर ?25,000/- का पुरस्कार घोषित था। जिसके क्रम में रविवार दिनांक 22.02.2026 को थाना दुद्धी पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर एक्ट का वांछित ?25,000/- का इनामिया अभियुक्त मोटरसाइकिल से विंढमगंज की तरफ से दुद्धी आ रहा है तथा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना पर दुद्धी पुलिस द्वारा तत्काल रवाना होकर अमवार तिराहा, कस्बा दुद्धी में वाहन चेकिंग प्रारम्भ की गई। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल दुद्धी की ओर आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर उक्त व्यक्ति अमवार रोड की ओर गाड़ी मोड़कर भागने लगा। तब पुलिस द्वारा वायरलेस के माध्यम से आस-पास के थानों व चौकी को भी घेराबंदी करने की सूचना दी गई। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए ग्राम खजुरी के आगे रेलवे अंडरपास के पास पहुंचने पर अभियुक्त की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। अभियुक्त द्वारा उठकर पुलिस टीम पर लगातार फायरिंग की जाने लगी। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दी गई, किन्तु अभियुक्त फायरिंग करता रहा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं गिरफ्तारी हेतु न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए जवाबी कार्यवाही की गई, जिसमें अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र उदय चन्द्रवंशी निवासी घिवही थाना विंढमगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को तत्काल जीवन रक्षा हेतु सीएचसी दुद्धी भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार उपरांत चिकित्सकों द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय लोढ़ी, रॉबर्ट्सगंज रेफर किया गया। अभियुक्त पुलिस अभिरक्षा में है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास - मु0अ0सं0- 81/2025 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0- 01/2026 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0- 46/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दुद्धी , उ0नि0 हरिकेश राम आजाद, चौकी प्रभारी कस्बा, हे0का0 सर्वेश सिंह, हे0का0 भागीचन्द्र प्रसाद,हे0का0 महताब अहमद, हे0का0 लक्ष्मण शंकर यादव, का0 आकाश सरोज, का0 विनोद सरोज शामिल रहे।

## एमपीडीसी महाविद्यालय में रोवर रेंजर शिविर में दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर रेंजर प्रवेश निपुण प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस रविवार को ध्वजारोहण के साथ बीपी. सिक्स का आयोजन, लॉर्ड बैडेन पॉवेल का जन्मदिवस उत्सव एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रोवर रेंजर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना को मजबूत करने, स्काउटिंग के मूल्यों को अपनाते हुए युवाओं को निपुण बनाने हेतु इस शिविर का आयोजन रोवर रेंजर इकाई द्वारा किया जा रहा है जिसमें कोंच क्षेत्र के युवा रोवर-रेंजर सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह से हुई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने ध्वज शिष्टाचार का पालन करते हुए प्रतिभाग किया। रेंजर टीम डेज़ी डायनास्टी ने इस ध्वजारोहण समारोह को संपादित किया। इस अवसर पर आयोजन समन्वयक डॉ. भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने युवाओं को देशभक्ति और अनुशासन के महत्व को लेकर अहम जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात् बीपी



सिक्स का आयोजन किया गया, जो स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बैडेन पॉवेल (बीपी) के छह नियमों पर आधारित है। इन नियमों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सेवा, नेतृत्व, प्रकृति संरक्षण और आत्म-अनुशासन जैसे मूल्य शामिल हैं। प्रतिभागियों ने इनका सामूहिक प्रदर्शन कर प्रतिज्ञा ली तथा इन्हें दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया। बीपी सिक्स को रेंजर राधा ने संपादित कराया। द्वितीय दिवस का मुख्य आकर्षण लॉर्ड बैडेन पॉवेल का जन्मदिवस उत्सव रहा, जिन्हें स्काउटिंग का जनक माना जाता है। वक्ताओं ने बैडेन पॉवेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1857 में जन्मे इस महान व्यक्तित्व ने 1908 में ब्राउनसी आंदोलन की शुरुआत की जो आज विश्व भर में करोड़ों युवाओं को प्रेरित कर रहा है। उत्सव में रोवर-रेंजरों ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से स्काउटिंग के योगदान को चित्रित किया।

द्वितीय सत्र में रोवर प्रभारी डॉ भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने घाव भरना, जलन उपचार, हड्डी भंग प्रबंधन तथा आपातकालीन प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार किट का उपयोग सिखाया गया जो आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सेवा में उपयोगी सिद्ध होगा। अंत में रेंजर प्रभारी डॉ मधुरलता द्विवेदी ने रोवर रेंजर प्रतिज्ञा, नियमों तथा इतिहास का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया रोवर रेंजर कार्यक्रम भारत में 1950 के दशक से सक्रिय है जो 17-25 वर्ष के युवाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रतिज्ञा में कहा गया कि में अपनी मातृभाषा, अपने देश तथा मानव जाति की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। नियमों में ईश्वर में विश्वास, सहायक भावना तथा प्रकृति संरक्षण प्रमुख है। इस दौरान इतिहास खंड में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के योगदान पर भी चर्चा हुई जिसमें स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान पर्यावरण अभियानों तक की झलक दिखाई गई।

## ललितपुर में चोरों के हौसले बुलंद, मेन रोड स्थित श्रीविद्या ज्वैलर्स में लाखों की चोरी

**● वारदात सीसीटीवी में कैद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के सदर चौकी अंतर्गत मेन रोड का है, जहां अज्ञात चोरों ने तड़के सुबह एक ज्वैलरी दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व डीजीसी एड. संतोष गोयल के बगल में स्थित श्रीविद्या ज्वेलर्स, जिसका संचालन नीलू जैन पत्नी पवन कुमार के नाम से होता है, में रविवार तड़के करीब सुबह 5 बजे दो अज्ञात चोर शटर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत के आभूषण, पॉलिश बर्तन व अन्य ज्वेलरी समेट ली और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दुकान सदर चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर निकल गए। घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत और रोष का माहौल है। दुकान मालिक पक्ष के अनुसार चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें दो संदिग्ध युवक शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करते और सामान समेटते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के बीचो-बीच इस तरह की घटना पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े करती है। व्यापारियों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस सनसनीखेज चोरी की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं।

## पटाखा विवाद में महिला से मारपीट, आठ नामजद

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम नया गांव में पटाखा जलाने के विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नया गांव निवासी श्रीमती बबली पत्नी स्व. राम सिंह ने थाना नाराहट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 फरवरी 2026 की रात चंद्रप्रताप पटाखे जला रहे थे, जिसको लेकर विवाद हुआ। इसके अगले दिन 21 फरवरी को करीब 12 बजे सुरेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह, राजकुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह, चंद्रप्रताप पुत्र सुरेंद्र सिंह, भरत सिंह पुत्र हरपाल सिंह, ब्रजेंद्र सिंह पुत्र गोपवेंद्र सिंह, गोपवेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह, ममता पत्नी सुरेंद्र सिंह तथा मिथलेश पत्नी गोपवेंद्र सिंह निवासी नया गांव उसके घर आए। आरोप है कि सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थाना नाराहट पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में रविवार को ऐतिहासिक धरोहर स्थलों के संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद प्रतिनिधि आवेश जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐतिहासिक धरोहरें हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे धरोहर स्थलों की स्वच्छता और सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य




है। कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, उनकी महत्ता और वर्तमान समय में उनकी सुरक्षा की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्र की प्राचीन विरासतों को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान जुझारपुरा सचिन गुर्जर ने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने का माध्यम है। महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने भी ऐतिहासिक धरोहरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह, स्वयंसेविका नैंसी कुशवाहा, राखी एवं निशा कुमारी ने भी ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बारहखंभा सहित कोंच की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

## पं. सुखदेव तिवारी ने पत्रकारिता को बनाया समाजसेवा का माध्यम : राजीव बबेले

**● पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि, जरूरतमंदों को भोजन कराकर उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को किया याद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के मूर्धन्य पत्रकार एवं साहित्यकार सुखदेव तिवारी जी की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने करते हुये कहा कि पं.सुखदेव तिवारी जनपद के प्रति उल्लेखनीय योगदान, उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली, जरूरतमंदों की सहायता तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी सक्रिय भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि तिवारीजी ने पत्रकारिता को समाजसेवा का माध्यम बनाया और सदैव निष्पक्ष व निर्भीक लेखनी से जनहित के मुद्दे उठाए। इस अवसर पर जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को भोजन कराकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उनके पुत्र वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू एवं नाती वरुण तिवारी सहित उपस्थित पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में संरक्षक पवन संज्ञा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, अजय जैन बरया, दिनेश कुमार संज्ञा, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, अजय तोमर, अमित संज्ञा, शिब्बू राठौर, संजू श्रोती, आलोक चतुर्वेदी, शुभम पस्तोर खडेरा, बलराम पचौरी, प्रदीप रिछारिया, राजेश राठौर, कृष्णकांत सोनी, अजितेश जैन भारती, विनोद मिश्रा, श्याम दीक्षित एवं राममूर्ति तिवारी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शोक समाचारः अपना दल (एस) नेता आकाश पटेल के पिता मुन्ना पटेल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**शोक समाचारः अपना दल (एस) नेता आकाश पटेल के पिता मुन्ना पटेल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर**

**शोक समाचारः** अपना दल (एस) नेता आकाश पटेल के पिता मुन्ना पटेल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव (श्रमिक मंच) एवं प्रमुख व्यापारी नेता आकाश पटेल को गहरा पितृ शोक पहुँचा है। उनके पिता श्री मुन्ना पटेल जी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले 5 महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और जीवन के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे थे। मुन्ना पटेल जी का जीवन संघर्ष और सादगी की मिसाल था। उन्होंने शून्य से शुरुआत कर जमीन से जुड़कर अपने परिवार को खड़ा किया। उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनका 'संयुक्त परिवार' रहा, जिसे उन्होंने जीवन भर एक सूत्र में पिरोकर रखा। वे अपने पीछे चार पुत्र, एक पुत्री और नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मुन्ना पटेल जी केवल एक पारिवारिक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी अत्यंत संवेदनशील थे। उनके विचारों में हमेशा समाज के दबे-कुचले और कमजोर वर्ग के लिए विशेष स्थान रहता था। उनकी नजर में जो भी व्यक्ति असहाय दिखता, वे उसकी मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि क्षेत्र के उन तमाम लोगों में शोक है जिन्होंने उनका स्नेह पाया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही व्यापारिक जगत और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न दलों के नेताओं और व्यापारियों ने आकाश पटेल और उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### 'मेरे बयान को काटकर पेश किया गया', JNU कुलगुरु ने दलित टिप्पणी विवाद पर दी सफाई



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलगुरु शांतिश्री डी पंडित ने दलितों और अश्वेतों संबंधी अपनी हालिया टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनके बयान को राजनीतिक उद्देश्य से संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया। कुलगुरु ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों ने उनका समर्थन किया है और आरोप लगाया कि जेएनयू शिक्षक संघ व छात्रसंघ परिसर में विचार-विमर्श की स्वस्थ परंपरा को चयनात्मक प्रस्तुति से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समुदाय स्थायी रूप से पीड़ित मानसिकता रखकर प्रगति नहीं कर सकता, जिस पर छात्र संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई। कुलगुरु ने स्पष्ट किया कि उनका बयान किसी समुदाय के खिलाफ नहीं बल्कि पहचान की राजनीति पर टिप्पणी था। उन्होंने कहा कि वे समानता के पक्ष में हैं और जन्म-आधारित पहचान के आधार पर किसी के साथ भेदभाव या दंड का समर्थन नहीं करतीं। उन्होंने भीमराव आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा कि वे भी असमान कानून के पक्ष में नहीं होते। कुलगुरु ने कहा कि पूरा पाडकास्ट लगभग 55 मिनट का है और विवादित हिस्सा अंत का छोटा अंश है, जिसे गलत तरीके से प्रसारित किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ सामाजिक चिंतकों, जैसे विवेक कुमार ने भी उनके बयान को सही संदर्भ में समझा है।

### ग्रेटर नोएडा में 12 लाख कीमत का 80 किलो गांजा बरामद, दो ड्रग तस्कर दबोचे गए

**ग्रेटर नोएडा।** मेरठ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) टीम ने सूरजपुर कोतवाली पुलिस के साथ 80 किलो गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गांजा की कीमत करीब 12 लाख रुपए होने का अनुमान है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से क्रेटा कार जब्त की है, इसी से गांजा की सप्लाई करते थे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के मुताबिक, शनिवार रात पुलिस टीम रेलवे पुल के पास सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एएनटीएफ टीम पहुंची। टीम ने बताया कि बादलपुर कोतवाली के दुजाना गांव निवासी रविंद्र नागर और बुलंदशहर निवासी मोंटी क्रेटा कार से कासना होकर परी चौक होते हुए गांजा लेकर सूरजपुर की तरफ सप्लाई करने आ रहे हैं। पुलिस टीम ने कुछ देर बाद आई क्रेटा कार रोकने का इशारा किया तो चालक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। दोनों टीमों ने वाहन को घेर कर रोक कर गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपित चालक रविन्द्र नागर ने बताया कि वर्तमान में लोटस पार्क सोसायटी सूरजपुर में रहता है। मोंटी सूरजपुर कस्बा में रहता है। बताया कि पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश से एक अज्ञात व्यक्ति से गांजा लेकर आते थे, जिसे झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों, ट्रक और आटो चालकों के बीच खपाते थे। पुलिस नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटा रही है। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 12-12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया दोनों पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# जिले में 85 स्वीकृत पदों की जगह 36 चिकित्सक दे रहे सेवाएं

● **मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना बनी मृग मरीचिका**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी

**शहडोल उमरिया** स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध सरकार की करनी और कथनी का सही अंदाज लगाने के लिए जिला चिकित्सालय उमरिया में उपलब्ध चिकित्सकों का आंकड़ों ही पर्याप्त है, जहाँ पर जिले भर में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले की जनसंख्या के अनुपात में 85 चिकित्सकों के पद स्वीकृत किये गए हैं परंतु इनके जगह पर कुल 36 चिकित्सक ही सेवाएं दे पा रहे हैं, अभी भी 59 चिकित्सकों की कमी बनी हुई है।बिषय विशेषज्ञों के अभाव में यह काम साधारण चिकित्सकों से कराया जाता है।चिकित्सकों की इस कमी को लेकर सतत् रूप से आवाज उठायी जाती रही है लेकिन नगाड खाने में तूती की आवाज सुनाई नहीं देती की कहावत को चरितार्थ हो रही है ? उमरिया जिले में चिकित्सकों की इस कमी का असर यहाँ के मरीजों को भुगतना पड़ता है, फिर भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी व्ही के चंदेल जी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को संभालने के लिए रात दिन की मशक्कत करते हुए पटरी पर बना रखी है। जिले भर में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी करते हुए जिले भर की आवाज को सुनकर उनको स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास करते हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी का उद्देश्य यह है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये हमारा अमला सतत रूप से सक्रिय रहकर काम करता है फिर भी अगर कही कोई शिकायत आती है तो त्वरित निदान करा कर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराया जाता है । गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बिषय विशेषज्ञों के अभाव में मेडिकल कालेज भेजकर इलाज कराया जाता है। वैसे भी चिकत्सको की कमी होने के कारण जिले भर के मरीजों का भार जिला चिकित्सालय पर बना रहता है। जिले में डॉक्टरों और विशेषज्ञों के कुल 85 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 36 डॉक्टर और विशेषज्ञ ही सेवाएं दे रहे हैं। यह स्थिति जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक बनी हुई है।

**जिला व सामुदायिक अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी**

जिला चिकित्सालय में भी डॉक्टरों की कमी गंभीर है। यहां डॉक्टर और विशेषज्ञों के 30 स्वीकृत पदों में से केवल 9 पदों पर ही डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि 21 पद खाली हैं। मेडिकल ऑफिसर के 19 स्वीकृत पदों में से सिर्फ एक ही पदस्थ है, जिससे 18 पद रिक्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी चिंताजनक है। विशेषज्ञों के 11 पद स्वीकृत होने के बावजूद एक भी विशेषज्ञ तैनात नहीं है। डॉक्टरों के कुल 7 पदों में से केवल 3 डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि 4 पद खाली पड़े हैं।

**पीएचसी में 18 में से सिर्फ 4 डॉक्टर तैनात**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी डॉक्टरों की भारी कमी है। यहां मेडिकल डॉक्टरों के 18 पद स्वीकृत हैं, लेकिन सिर्फ 4 डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं, जिससे 14 पद रिक्त हैं। वर्तमान में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था 19 बांडेड डॉक्टरों के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. चंदेल ने बताया कि रिक्त पदों की जानकारी लगातार उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों और सीमित स्टाफ के बावजूद मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है और स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## दिल्ली के कल्याणपुरी में महिला हेड कॉन्स्टेबल से मोबाइल ले उड़े बदमाश, ड्यूटी से लौट रही थीं घर

**पूर्वी दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में बदमाशों का दुस्साहस जारी है। बाइक सवार बदमाश दिनदहाड़े दिल्ली पुलिस की एक हेड कॉन्स्टेबल से मोबाइल झपटकर ले गए। महिला पुलिसकर्मी के साथ हुई झपटमारी ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था जग जाहिर कर दी है। पीड़िता स्वाति सिंह की शिकायत पर कल्याणपुरी थाना ने झपटमारी का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

स्वाति सिंह अपने परिवार के साथ विनोद नगर में रहती हैं। वह दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल हैं और उनकी तैनाती मध्य जिले में हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह शनिवार को ड्यूटी के बाद सिविल ड्रेस में ऑटो से विनोद नगर पहुंची। जैसे ही वह ऑटो से नीचे उतरी, तभी एक बाइक पर दासे बदमाश आए और झपट्टा मारकर मोबाइल ले उड़े।

## सिलापथार में युवक की लाश बरामद, थाने में शिकायत दर्ज, परिवार का संदेह हत्याकांड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**असम धेमाजी।** सिलापथार एक नंबर सिलागांव की जानकी देव नाथ के 21साल उम्र का बेटा जयंत देब नाथ ने बीतेकल शाम को अपने गांव के दोस्त सुब्रत दास, प्रवीण बैद्य, रतन वैद्य के साथ घर से टहलने निकले थे। लेकिन जयंत रात 8 बजे तक घर ना आने पर परिवार के लोगों ने आस पास में खबर करने लगी बदकिस्मत से रात के करीब 10 बजे सिला जनजाति हाई स्कूल के पीछे सुनसान इलाके फिशरी के तट पर मृत अवस्था में बरामद किया। परिवार के लोगों ने तुरन्त सिलापथार पुलिस थाने में खबर दी पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बरामद कर पुलिस स्टेशन ले गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

परिवार ने यह भी दावा किया कि जयंत को प्लानिंग करके हत्या की गई है। परिवार के लोगों ने उल्लेखित टहलने निकली तीनों दोस्तों की नाम में आरोप लगाकर थाने में एक शिकायत दर्ज कराई। घटना की जांच कर अपराधियों को कड़ी सजा देने कि मांग की। दूसरी ओर इस घटना को तीव्र निंदा करते हुए सौदों असम नाथ योगी सात्र संस्था के आंचलिक समिति के सचिव अजीत नाथ और नाथ योगी सम्मेलन की सिलापथार आंचलिक समिति के सचिव नीरद नाथ ने प्रशासन से घटना की सही जांस कर अपराधियों को कड़ी सजा देने कि मांग की है।

## बलिया बेल्थरा रोड में वन दरोगा पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलिया** बेल्थरा रोड में वन दरोगा पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा बलिया बेल्थरा रोड क्षेत्र में तैनात एक वन दरोगा पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर उभांव थाना पुलिस ने आरोपी उग्रसेन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने 3 फरवरी को थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि वन दरोगा ने विवाह का वादा कर करीब आठ महीने तक उसका शारीरिक शोषण किया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का यह भी कहना है कि प्रारंभिक शिकायत के बावजूद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की। अधिकारियों के निर्देश पर उभांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 और धारा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उभांव एसएचओ संजय शुक्ला ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। गिरफ्तारी को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, जबकि सूत्रों के अनुसार आरोपी पुलिस की हिरासत में बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

## साइबर ठगी और 'सिस्टम' के दंश से टूटी हिम्मत, युवक ने की सुसाइड की कोशिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई (जालौन)-** जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ साइबर फ्रॉड के चंगुल में फंसे एक युवक ने न्याय न मिलने और दलालों के कथित दबाव से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

पूरी घटना जालौन के कालपी कोतवाली क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, कदौरा का रहने वाला पीड़ित फैजान अहमद साइबर अपराधियों के झांसे में आ गया था। अहसान नामक ठग ने उसे कमीशन का लालच दिया और हमीरपुर स्थित एक्सिस बैंक में एक जॉइंट खाता खुलवाया। बताया जा रहा है कि इस खाते के जरिए करीब 4 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। मोटी रकम ट्रांसफर होने के बाद साइबर ठगों ने युवक को उसका हिस्सा देने के बजाय पूरी रकम का गबन कर लिया। ठगी का शिकार होने के बाद युवक ने न्याय की उम्मीद में पुलिस का दरवाजा खटखटाया था। उसने जालौन पुलिस में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद न्याय मिलने के बजाय युवक 'पुलिस के दलालों' के निशाने पर आ गया। पीड़ित के पिता कल्लू ने बताया कि कुछ बिचौलिए और दलाल मामले को रफा-दफा करने के नाम पर युवक पर लगातार पैसों का दबाव बना रहे थे। इस पूरी घटना में एक कथित ऑडियो क्लिप भी सामने आया है, जिसमें दलाल और पीड़ित युवक के बीच बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। इस ऑडियो में मामले को निपटाने के बदले रुपयों की मांग की जा रही है। इसी मानसिक दबाव और आर्थिक तंगी के चलते युवक ने घर पर फांसी लगाकर अपनी जान देने की कोशिश की। वहीं परिजनों ने युवक को फंदे पर लटकता देख तत्काल नीचे उतारा और गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### जेएनयू में विरोध प्रदर्शन और हड़तालों से छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, ABVP ने उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चल रहे ताजा विवाद के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जेएनयू इकाई ने प्रशासनिक कदमों और वामपंथी छात्र संगठनों की भूमिका पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। संगठन का आरोप है कि अनुशासनात्मक कार्रवाइयों में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे सामान्य छात्रों की पढ़ाई और परिसर का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। एबीवीपी के अनुसार, पहले उसके कार्यकर्ताओं पर जुर्माना और निष्कासन जैसी कार्रवाइयों के समय छात्रसंघ चुप रहा, जबकि अब कुछ वामपंथी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई होते ही विरोध प्रदर्शन और हड़तालें की जा रही हैं। संगठन ने इसे 'चयनात्मक विरोध' बताते हुए कहा कि इससे छात्रहित से अधिक राजनीतिक स्वार्थ झलकता है। जेएनयू इकाई के अध्यक्ष मयंक पंचाल ने कहा कि परिषद शुरू से ही छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पारदर्शिता की पक्षधर रही है तथा किसी भी छात्रविरोधी नियम का विरोध करती रहेगी। वहीं मंत्री प्रवीण कुमार पीयूष ने कहा कि परिषद सिद्धांत आधारित छात्र राजनीति में विश्वास रखती है और कक्षाएं बाधित करने या अराजक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। संगठन ने प्रशासन से सभी छात्रों के लिए समान और पारदर्शी नीति अपनाने की मांग की है, ताकि परिसर में शैक्षणिक वातावरण सामान्य रह सके।

## गंगा बहुउद्देशीय सभागार में वृहद विधिक सहायता शिविर, डीएम-जिला जज-एसपी ने किया निरीक्षण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जनपद बलिया में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में गंगा बहुउद्देशीय सभागार में 'वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के साथ पुलिस विभाग ने भी भागीदारी करते हुए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता कैम्प लगाया। कार्यक्रम का निरीक्षण जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, जिला जज अनिल कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

शिविर में बलिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति, साइबर सुरक्षा, डायल 112 सेवा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन सेवाओं के उपयोग और आत्मसुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित विभागों से संपर्क करें।

### अंग्रेजी का पेपर रहा स्कोरिंग, लंबे उत्तर को लिखना बनी चुनौती; आपस में चर्चा करते दिखे परीक्षार्थी

**नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से 10 वीं कक्षा का शनिवार को अंग्रेजी विषय का पेपर आयोजित किया गया। प्रश्न पत्र हाथ में आते ही छात्रों ने राहत की सांस ली। परीक्षा केंद्र से निकलते ही छात्रों के बीच पेपर का स्तर का चर्चा का विषय बन गया। छात्रों का कहना था कि प्रश्न पत्र आसान था। पेपर पूरी तरह संतुलित और स्कोरिंग था। कम्यूनिकेशन सेक्शन आसान और लिटरेचर पूरी तरह एनसीईआरटी के आधार पर रहा। जिस तरह गणित के पेपर ने परेशान किया था उतना ही अंग्रेजी के विषय ने काफी राहत तो दी लेकिन लंबे प्रश्न लिखने के साथ समय पर पूरा करने की चेतावनी भी रही। अंग्रेजी विषय की शिक्षिका शीतल सिंह ने बताया कि प्रश्नपत्र काफी बेहतर, संतुलित और पाठ्यक्रम पर आधारित था। सेट 1 और 2 में थोड़े कठिन प्रश्न जरूर थे लेकिन सेट 3 का प्रश्नपत्र सरल था। रीडिंग, राइटिंग, ग्रामर और लिटरेचर इन सभी सेक्शन में विद्यार्थी को परखने के दृष्टिकोण से उचित प्रश्न पूछे गए थे। वहीं, पिछले वर्षों के सेंपल पेपर्स के अभ्यास से विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने में सहजता हुई। सीबीएसई 12 वी कक्षा का फैशन स्टडीज और आटोमोटिव विषय का पेपर आयोजित किया गया।

## गोविन्दनगर शुगर मिल कर्मचारियों के हक में आया फैसलाः देना होगा 14 करोड़ का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्तीजिलेके गोविन्दनगर शुगर मिल वाल्टरगंज के कर्मचारियों का बकाया पिछले 7 वर्षो से नहीं मिल पा रहा है. मिल प्रबंधन द्वारा बकाया भुगतान न किये जाने पर कर्मचारियों ने उप श्रमायुक्त से बकाया भुगतान दिलाने का आग्रह किया. उप श्रमायुक्त रचना केसरवानी ने मिल प्रबंधतंत्र को आदेश दिया है कि 209 मिल कर्मचारियों को लगभग 14 करोड़ रूपये श्रमिक रिटेनिंग एनाउन्स का भुगतान 30 दिन के भीतर सुनिश्चित कराया जाय. इससे मिल कर्मियों में खुशी की लहर है। रविवार को गोविन्दनगर शुगर मिल परिसर में कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशियों को साझा किया.सत्येन्द्र बहादुर सिंह व अन्य बनाम मैसेर्स गोविन्दनगर शुगर मिल वाल्टरगंज के मामले में अलग-अलग आदेशों में उप श्रमायुक्त ने लगभग 14 करोड़ रूपये का श्रमिक रिटेनिंग एनाउन्स दिये जाने का आदेश दिया है. यदि निर्धारित समय में बकाया राशि का भुगतान न किया गया तो जिलाधिकारी के माध्यम से वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा।

उप श्रमायुक्त के आदेश की जानकारी देते हुये गोविन्दनगर शुगर मिल वाल्टरगंज के कर्मचारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार राव, रामतौल चौधरी और राममणि ने बताया कि यदि आदेश का शीघ्र पालन न हुआ तो वे संघर्ष तेज करने पर बाध्य होंगे। उप श्रमायुक्त के आदेश से गोविन्दनगर शुगर मिल वाल्टरगंज के कर्मचारियों में खुशी की लहर है. विकास ठाकुर, अरुण गिरी, अनिल चौधरी, संजय सिंह, राकेश सिंह, ध्रुव चंद चौधरी, कृष्ण चंद्र लाल, लाल मोहन, पतरी सिंह, चित्रभान सिंह, आशीष सिंह, रविंदर, रमेश रामकेवल, हृदयराम, प्रकाश सिंह, वीरेंद्र चौधरी, जसवंत सिंह आदि ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशियों को साझा किया।

## थारू समाज की संस्कृति, इतिहास और अधिकार जागरूकता पर संगोष्ठी आयोजित








स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थारू समाज की सांस्कृतिक पहचान, ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण एवं सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नीलम चौधरी (प्रधान) द्वारा किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता करते हुए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विजय बहादुर चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था भारत वर्ष, रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल एक पुस्तिका या पत्रिका के विमोचन तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने, विशिष्ट थारू संस्कृति का सम्मान करने और समाज को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राकेश चौधरी, अध्यक्ष, जनजागृति सेवा संस्थान, महाराजगंज, शुभम भरत चौधरी, पदाधिकारी, थारू जनजाति सेवा संस्थान, महाराजगंज, अशोक कुमार चौधरी, ऑडिटर, थारू जनजागृति सेवा संस्थान, महाराजगंज, प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष, जनजागृति सेवा संस्थान, महाराजगंज, धनिराम चौधरी, संरक्षक, जनपद बलरामपुर, हीरालाल, महामंत्री, बलरामपुर,

सहित अन्य समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसके विकास का आधार है। जब तक समुदाय अपने इतिहास, संस्कृति और अधिकारों को समझकर संगठित रूप से आगे नहीं बढ़ेगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## बीसीडी चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन पर 67 अधिवक्ता निलंबित, रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट परिसर के अंदर चल रहे बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) के चुनाव के मतदान में रविवार को चुनाव आचार संहिता का जमकर उल्लंघन हुआ। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर व दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) तलवंत सिंह ने एक सख्त आदेश दिया। चुनाव समिति ने कहा कि मतदान क्षेत्र के पास गंभीर उल्लंघनों की रिपोर्ट मिली है और इससे जुड़े सुबूत मिले हैं, जिसे सत्यापित किया गया है। आदेश में कहा गया कि प्रत्याशियों के समर्थकों ने वोटिंग-बूथ के पास नारे लगाए, प्रचार सामग्री बांटी, टेंट और फ्लेक्स होर्डिंग लगाने के साथ ही बिना इजाजत बाहरी लोगों को तैनात किया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि बिना इजाजत बाहरी लोगों को तैनात करने से मतदाताओं के साथ ही चुनाव के सही तरीके से होने में रुकावट आई। निलंबित होने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता केके मनन, पूर्व बीसीडी चेयरमैन केसी मित्तल, हिमल अख्तर, महमूद प्राचा सहित अन्य शामिल हैं। निलंबित उम्मीदवार इस आदेश के खिलाफ 12 घंटे के अंदर अपील दायर कर सकते हैं।

**सोमवार को जारी रहेगा बीसीडी चुनाव के लिए मतदान**

शनिवार के बाद रविवार को भी बीसीडी चुनाव के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रविवार को भी बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए हाई कोर्ट पहुंचे। शनिवार को 17 हजार से अधिक लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। बीसीडी के 23 सदस्यों के पद के लिए हो रहे चुनाव के लिए मतदान सोमवार को भी जारी रहेगा।